✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक : 145 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, बुधवार, 22 अक्टूबर 2025 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com



मोतिहारी में राजद प्रत्याशी के घर छापेमारी के दौरान उपस्थित समर्थकों की भीड़

## संक्षिप्त समाचार

### करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** फारबिसगंज प्रखंड के रमई पंचायत स्थित वार्ड संख्या तीन में दीपावली के दिन रमई के समीप करिया पुल के पास तालाब में विद्युत करंट के चपेट में आने से पिता पुत्र की मौत हो गई। घटना सोमवार दोपहर बाद की है। मृतक का नाम विद्यानंद मल्लिक (40) एवं सागर मल्लिक (13) है जो रमई वार्ड संख्या तीन का निवासी है। घटना से गांव में कोहराम मच गया।

### वीआइपी प्रत्याशी शशि भूषण का नामांकन रद्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार चुनाव से पहले ही एनडीए और महागठबंधन ने एक-एक सीट बिना लड़े ही गंवा दी है। आज पूर्वी चंपारण की सुगौली सीट से मुकेश सहनी की वीआईपी के प्रत्याशी शशि भूषण का नामांकन रद्द हो गया है। बताया जा रहा हैनामांकन पत्रों की जांच के दौरान कुछ तकनीकी खामियां पाई गईं है। जिसके चलतेनॉमिनेशन कैंसिल किया गया है। आपको बता दें सुगौली सेशशि भूषण राजद के निवर्तमान विधायक हैं। सुगौली सीट से आरजेडी के बागी और ओम प्रकाश सहनी का नामांकन भी रद्द कर दिया गया है।

### जन सुराज के डॉ शशि शेखर ने वापस लिया नाम

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार चुनाव 2025 की वोटिंग से पहले जन सुराज से गोपालगंज सीट से नामांकन करने वाले डॉ. शशि शेखर ने नामांकन वापस ले लिया है। डॉ. सिन्हा ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए यह निर्णय लेने की बात कही है।

## मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर से की चुनावी अभियान की शुरूआत

# बिहार में लगातार 20 वर्षों से कर रहे विकास का काम : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुजफ्फरपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार चुनाव को लेकर मुजफ्फरपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने यहां अपने 20 साल के कार्यकाल के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि पहले लोग शाम को घर से बाहर निकलने में डरते थे। आज पूरे बिहार में कोई भय में नहीं रहता है। नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर में कहा, हमारी सरकार लगातार 20 वर्षों से विकास के कामों में लगी हुई है लेकिन हम लोगों के पहले जो सरकार थी उसकी क्या स्थिति थी वो याद कीजिए। शाम के समय के बाद लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। समाज में कितना विवाद था। शिक्षा की भी यही स्थिति थी। सड़कें बहुत कम थी और बिजली भी बहुत कम घरों में थी। लेकिन जब हमें मौका मिला तो हमने सभी लोगों के लिए काम किया। अब किसी प्रकार के डर या भय का वातावरण नहीं है। राज्य में प्रेम भाईचारे और शांति का माहौल है। नीतीश कुमार ने आगे कहा कि 10 लाख रोजगार की बात थी, अब उसके लिए इतना काम किया गया है कि जहां तक रोजगार की बात है तो 40 लाख लोगों को रोजगार दिया गया है। कुल 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। हमने तय किया है कि आगामी 5 साल में हम लोग एक करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे। सीएम नीतीश ने मुजफ्फरपुर में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का जिक्र करते हुए कहा, ह्नहाल ही में महिलाओं के रोजगार के लिए एक नई योजना, 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' शुरू की गई। जिसमें हर घर की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार की राशि दी जा रही है। अब तक 1 करोड़ 21 लाख महिलाओं को ये राशि दी जा चुकी है। शेष महिलाओं को राशि देने हेतु तिथि निर्धारित कर दी गई है। जिनका रोजगार अच्छा चलेगा उन्हें 2 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।

# बिहार चुनाव के लिए भाजपा ने बनाया मेगा प्लान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार चुनाव को लेकर एनडीए ने सभी 243 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। अब भाजपा ने मतदान से पहले धुआंधार चुनाव प्रचार का प्लान तैयार किया है। बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि महागठबंधन में सीट शेयरिंग के मुद्दे पर माथापच्ची अभी तक हो रही है और एनडीए ने पहले ही अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया था। अब हम चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने जा रहे हैं। बुधवार से मुख्यमंत्री समेत अन्य बड़े नेताओं का कार्यक्रम होगा। 24 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्पूरी ग्राम आ रहे हैं। यहां वो जननायक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और अपने चुनावी अभियान का आगाज समस्तीपुर और बेगूसराय से करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह का भी लगातार कार्यक्रम है। 24-25 तारीख के आसपास उनका भी कार्यक्रम है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं राजनाथ सिंह जैसे नेता चुनावी अभियान का आगाज करने जा रहे हैं। एनडीए गठबंधन के सभी घटक दल चट्टानी एकता के साथ बिहार चुनाव में जा रहे हैं। दिलीप जायसवाल ने कहा कि महागठबंधन के घटक दलों में आपस में ही मतभेद है। बिहार की जनता देख रही है कि जिस महागठबंधन में आपस में ही मतभेद है वो बिहार की सरकार क्या चलाएगी। इसीलिए बिहार की जनता और मतदाता जानती है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की रफ्तार पकड़ चुका है और इसे सिर्फ एनडीए सरकार ही पूरा कर सकती है। एनडीए दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने जा रही है।

# छठ के बाद शुरू होगा कांग्रेस के स्टार प्रचारकों का दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन खत्म होते ही पार्टियां अब चुनाव प्रचार में जुट गई हैं। सूबे की सत्ता पर काबिज जनता दल यूनाइटेड और भारतीय जनता पार्टी ने तो चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर में दो जनसभा कर विपक्ष खासकर लालू यादव की राष्ट्रीय जनता दल पर हमला बोला। वहीं, अब जानकारी सामने आ रही है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी बिहार के रण में उतरने जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने इस बात की जानकारी दी है। कांग्रेस नेताओं की तरफ से बताया गया है कि पार्टी हाईकमान से राहुल गांधी के बिहार में प्रचार के लिए तारीखें आ गई हैं। लोक आस्था के महापर्व छठ के बाद कांग्रेस के स्टार प्रचारकों का दौरा शुरू होगा। राहुल गांधी उत्तर बिहार के किसी शहर से कर सकते हैं।

# पहले चरण की 121 सीटों पर 1314 प्रत्याशी मैदान में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की चुनावी लड़ाई की तस्वीर साफ हो गयी है। नामांकन वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद अब 18 जिलों की 121 सीटों पर 1314 उम्मीदवार बच गए हैं, जिनके बीच अंतिम मुकाबला होगा। निर्वाचन विभाग के अनुसार इन सीटों पर कुल 1690 उम्मीदवारों ने 2496 सेट में नामांकन दाखिल किया था। इनमें 315 नामांकन संवीक्षा के दौरान रद्द हुए जबकि 61 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया। नामांकन वापसी के बाद मुजफ्फरपुर और कुढ़नी विधानसभा में सबसे अधिक 20-20 उम्मीदवार शेष बचे हैं। इनके अलावा महनार में 18, डुमरांव में 16 और सिमरी बख्तियारपुर, महुआ, उजियारपुर, जमालपुर, तरारी और बक्सर में 15-15 उम्मीदवार चुनावी मैदान में डटे हैं। भोरे, परबत्ता और अलौली विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम पांच-पांच उम्मीदवारों के बीच ही मुकाबला होगा। इनके अलावा सोनवर्षा, दरौली, रोसड़ा और मटिहानी से छह-छह जबकि बिहारीगंज, औराई, बैकुंठपुर, कुचायकोट, रघुनाथपुर, दरौंदा और दानापुर से सात-सात उम्मीदवार शेष बच गए हैं। मालूम हो कि पहले चरण के लिए 10 से 17 अक्तूबर तक नामांकन लिए गए। 18 को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गयी, जबकि 20 अक्तूबर तक नामांकन वापसी का अंतिम दिन था। मतदान छह नवंबर को होगा। दूसरे चरण के मतदान को लेकर भी नामांकन की समय सीमा 20 अक्तूबर को समाप्त हो चुकी है। मंगलवार को निर्वाची पदाधिकारी के स्तर पर उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गयी। इसमें कई नामांकन पत्र वैध नहीं पाए जाने पर रद्द कर दिये गए। इस चरण के उम्मीदवार 23 अक्तूबर तक नामांकन वापस ले सकेंगे। मतदान 11 नवंबर को होगा। नामांकन वापस लेने वालों में लालगंज से कांग्रेस उम्मीदवार आदित्य कुमार और तारापुर से वीआईपी उम्मीदवार सकलदेव बिंद शामिल रहे। आदित्य कुमार ने महागठबंधन से राजद उम्मीदवार शिवानी शुक्ला जबकि सकलदेव बिंद ने भाजपा उम्मीदवार सम्राट चौधरी के समर्थन में अपना नामांकन वापस लिया।

# बदमाशों ने आभूषण कारोबारी बाप-बेटे को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नगर थाना क्षेत्र के फजलगंज में आज सुबह करीब 3 बजे अपराधियों ने आभूषण कारोबारी अशोक सोनी और उनके 12 वर्षीय पुत्र राजवीर पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। बताया जाता है कि परिवार के लोग लक्ष्मी पूजन के बाद हवन कर रहा था। अशोक ज्वेलर्स के मालिक अशोक सोनी अपनी पत्नी, बेटे और बेटी के साथ दिवाली की पूजा कर रहे थे। हवन किया जा रहा था, तभी बाइक सवार तीन बदमाश दुकान पर पहुंचे। बदमाशों ने पहले अशोक सोनी की चेन छीनने का प्रयास किया, लेकिन जब उन्होंने विरोध किया तो गोलीबारी शुरू कर दी। परिवार के सदस्यों ने घबराहट में दुकान का शटर बंद करने की कोशिश की, लेकिन तब तक अशोक के सीने में और राजवीर के पैर में गोली लग चुकी थी। फायरिंग की सूचना मिलते ही परिजनों ने आनन-फानन में घायल पिता-पुत्र को सासाराम के सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अशोक सोनी की हालत गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी हायर सेंटर रेफर कर दिया जबकि राजवीर का इलाज अभी सासाराम में ही चल रहा है। घायल की बेटी सौम्या सोनी ने बताया कि लक्ष्मी पूजन के बाद हवन चल रहा था, तभी तीन बदमाश आए और पापा की चेन छीनने लगे। पापा ने पकड़ना चाहा तो गोली मार दी। पापा और भाई दोनों को लगी है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। सासाराम एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया, घटना की जानकारी मिल गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। मौके से चार खोखे बरामद किए गए हैं।

# रिश्वत लेते रेलकर्मी गिरफ्तार

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** सोनपुर मंडल के एसएंडटी संवर्ग से संबंधित कार्यालय अधीक्षक/कार्मिक मृत्युंजय कुमार को रेलवे विजिलेंस द्वारा 15 हजार की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए पकड़ा गया। विजिलेंस कार्यालय को एक शिकायत प्राप्त हुई थी कि उसी मंडल के एक रेलवे कर्मचारी के त्यागपत्र पर कार्यवाही करने के लिए रूपए 30 हजार की अवैध मांग की जा रही है क्योंकि इस कर्मचारी को एक बेहतर नौकरी मिल गई है और वह रेलवे की नौकरी छोड़कर नई नौकरी ज्वाइन करना चाहता है। शिकायत के सत्यापन के बाद स्वतंत्र गवाहों के साथ एक टीम का गठन किया गया। शिकायतकर्ता ने फिर रिश्वत मांगने वाले कार्यालय अधीक्षक से संपर्क किया और उक्त कर्मचारी को रिश्वत की पहली किस्त मांगते और लेते हुए पकड़ा गया। रिश्वत न देने के कारण पिछले चार महीनों से त्यागपत्र पर कार्यवाही नहीं की जा रही थी।

# राजद प्रत्याशी के घर छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** बिहार चुनाव के मद्देनज़र मोतिहारी में राजद प्रत्याशी देवा गुप्ता के घर पर पुलिस ने छापा मारा है, यह कार्रवाई भाजपा नेता की हत्या के मामले से जुड़ी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्या के मामले में कुछ सुराग मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है। पुलिस ने राजद प्रत्याशी देवा गुप्ता के घर छापेमारी की और राजन हत्याकांड के एक आरोपी सुबोध यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी चिरैया के मोहदीपुर का रहने वाला है और उसके खिलाफ पहले भी दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि सुबोध यादव का नाम राजन हत्याकांड में आरोपितों की सूची में शामिल था। इसके अलावा उसके खिलाफ पहले से भी दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक छापेमारी टीम ने देर रात यह कार्रवाई की और मौके से कई अहम दस्तावेज और मोबाइल जब्त किए हैं। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि हत्या की साजिश में उसकी क्या भूमिका है। बता दें कि पूर्वी चंपारण में महावीरी झंडा के दौरान राजन कुमार नाम के एक व्यक्ति की हत्या चाकू गोद कर कुछ युवकों ने कर दी थी जिसमें कई लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। घटना के बाद राजन के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया था और कई गाड़ियों को जला दिया था। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्यारे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन मोतीहारी पुलिस राजन हत्याकांड में चिरैया के मोहद्दीपुर के रहने वाले सुबोध यादव की तलाश थी और सुबोध यादव लगातार घर से फरार चल रहे थे। अपना नाम पहचान छुपा कर वह जगह-जगह छुप रहे थे। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि सुबोध यादव चिरैया थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव का निवासी है।

### नामांकन के बाद राजद प्रत्याशी गिरफ्तार

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन सासाराम से एक बड़ी खबर सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल के सासाराम विधानसभा सीट से प्रत्याशी सत्येंद्र साह को नामांकन दाखिल करने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। राजद समर्थकों ने इसे भाजपा की साजिश करार देते हुए आक्रोश जताया है।



# प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी

## सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 73 उम्मीदवार हैं चुनावी मैदान में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के अंतर्गत नाम वापसी की अंतिम तिथि के उपरांत जिले में प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने समाहरणालय स्थित कारगिल विजय भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए निर्वाचन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। जिला पदाधिकारी ने बताया कि बेगूसराय जिले की सात विधानसभा सीटों, 141 चेरिया बरियारपुर, 142 बछवाड़ा, 143 तेघड़ा, 144 मटिहानी, 145 साहेबपुर कमाल, 146 बेगूसराय एवं 147 बखरी (अ.जा.) विधान सभा से कुल 73 उम्मीदवार अब चुनाव मैदान में हैं। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान 9 उम्मीदवारों के नाम अस्वीकृत किए गए, जबकि 7 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया। संवीक्षा के दौरान 142 बछवाड़ा विधान सभा से 3 उम्मीदवार कैलाश सहनी, जयजय राम कुमार एवं बुटन पासवान का नामांकन अस्वीकृत किया गया। 144 मटिहानी विधान सभा से एक उम्मीदवार मौलाना कासिम का नामांकन, 146 बेगूसराय विधान सभा से 3 उम्मीदवार अरविंद यादव, मोहम्मद फिरोज आलम एवं विकास कुमार के नामांकन एवं 147 बखरी विधान सभा से 2 उम्मीदवार पशुपति पासवान एवं उपेन्द्र सदा का नामांकन अस्वीकृत किया गया है। वहीं नाम वापसी की अंतिम तिथि तक 142 बछवाड़ा से 1 उम्मीदवार दिलीप कुमार, 143 तेघड़ा से 1 उम्मीदवार ललन कुमर, 144 मटिहानी से 2 उम्मीदवार विक्रांत कुमार एवं विजय प्रकाश उर्फ पप्पू कुमार, 145 साहेबपुर कमाल से 1 उम्मीदवार सुबोध कुमार एवं 147 बखरी से 2 उम्मीदवार रामशंकर पासवान एवं उपेंद्र पासवान ने अपना नाम वापस लिया। इस प्रकार कुल 7 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया है।

## आपराधिक रिकार्ड की जानकारी तीन बार करनी होगी प्रकाशित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजीत कर बताया कि चुनाव में सभी उम्मीदवारों पर लंबित आपराधिक मामले उन्हें निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपने आपराधिक रिकर्ड की जानकारी समाचार पत्रों एवं टेलीविजन पर तीन बार प्रकाशित करनी होगी। इसके लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है, पहला प्रकाशन नाम वापसी की अंतिम तिथि से चार दिनों के भीतर, दूसरा प्रकाशन पांचवें से आठवें दिन के बीच और तीसरा प्रकाशन नौवें दिन से लेकर प्रचार समाप्ति तिथि तक किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त निगरानी रखी जा रही है। अब तक जिले में 249.15 लाख मूल्य की वस्तुएँ जब्त की गई हैं। जिनमें 131.13 लाख मूल्य की शराब तथा 97.27 लाख मूल्य के ड्रग्स शामिल हैं।ज्ञात हो कि बेगूसराय जिले में कुल 21,40,977 मतदाता हैं। जिनमें 11,34,376 पुरुषय 10,02,323 महिला तथा 38 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 4,240 सर्विस मतदाता पंजीकृत हैं। साथ ही जिले में कुल 2537 मतदान केन्द्र बनाये गये है। अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने जिलावासियों से अपील की कि वे 6 नवंबर को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें। मतदान के दिन अपने अधिकार का उपयोग करें तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें।इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मतदान कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी विधान सभा आम निर्वाचन के तहत मंगलवार को एनआईसी कार्यालय बेगूसराय में मतदान कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दल कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न किया गया। रेंडमाइजेशन के माध्यम से मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति विधानसभा क्षेत्रवार निर्धारित की गई। इस तकनीकी प्रक्रिया के तहत प्रत्येक मतदान कर्मी को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से उनके दल में सम्मिलित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि इस प्रक्रिया में निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित की गई है। रेंडमाइजेशन के उपरांत विधानसभा-वार मतदान दलों का गठन हो गया है।इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला, सभी विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मामूली विवाद में गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मटिहानी थाना क्षेत्र के मीनापुर गांव में दीवाली की रात झाड़ू लगाने के विवाद में पड़ोसी ने अधेड़ की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान मीनापुर निवासी बसंत कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दीपावली की रात बसंत कुमार अपने परिवार के साथ त्योहार मना रहे थे। तभी गांव के ही एक व्यक्ति से झाड़ू लगाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ बसंत के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरूकर दी। गोली लगने से बसंत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनते ही पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। दीपावली की खुशियाँ मातम में बदल गईं। परिजनों ने बताया कि आरोपी पहले से ही गांव में लोगों को डराने-धमकाने और मारपीट करने की घटनाओं में शामिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधी का मनोबल इतना बढ़ गया था कि वह आए दिन बेवजह विवाद खड़ा करता था। घटना की सूचना मिलते ही मटिहानी थाने की पुलिस और बेगूसराय एसपी मनीष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## एनडीए प्रत्याशी संजय सरावगी ने किया जनसंपर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** दरभंगा नगर विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी एवं बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी ने आज शहर के विभिन्न मोहल्लों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी तथा आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी के रूप में समर्थन की अपील की। जनसंपर्क के क्रम में श्री सरावगी ने स्थानीय नागरिकों से कहा कि दरभंगा के विकास को नई दिशा देने के लिए एनडीए सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं – चाहे वह सड़क निर्माण हो, जल-जीवन-हरियाली योजना, बिजली और स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार हो या दरभंगा एयरपोर्ट के माध्यम से क्षेत्र को नई पहचान दिलाने का कार्य। उन्होंने कहा कि जनता का अपार समर्थन और स्नेह ही उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर दरभंगा नगर की प्रगति और समृद्धि के लिए एनडीए को पुनः विजयी बनाएं। जनसंपर्क अभियान में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद थे। अभियान में नगर के विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों जैसे शिवाजी नगर, गांधी चौक, मसरफ बाजार, दरभंगा टावर, बाकरगंज, कबीलपुर, पंडासराय, केतुका, शुभंकरपुर आजाद चौक कटहलबाड़ी भगवान दास, मौलागंज, मिर्ज़ापुर, लक्ष्मीसागर, बेलवागंज, रामगंज, आदि क्षेत्रों में लोगों से संपर्क किया गया। इस अवसर पर पूर्व अमरनाथ गामी, भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, जिला उपाध्यक्ष अभयानंद झा, विधानसभा प्रभारी मुकुंद चौधरी, विधानसभा संयोजक लक्ष्मण कांस्यकार, सोनी पूर्वे, संगीता साह, मुकेश महासेठ, रतन पासवान, रमेश, झा, पिंटू भंडारी, संगीत शाह, श्रवन महतो, सपना भारती, अंकुर गुप्ता, निशांत कुमार निनु, विशाल महासेठ, दिलीप पासवान सहित अनेकों कार्यकर्ता अलग-अलग स्थान पर जनसम्पर्क किया।

## 177 कार्टन शराब के साथ बस जब्त

**आरा (नबिटा संवाददाता)।** आरा-छपरा फोरलेन पर लग्जरी बस से 177 कार्टन विदेशी शराब पकड़ा है। बस हरियाणा राज्य के मनेशर से बिहार के भोजपुर के रास्ते दरभंगा जा रहा था तभी उत्पाद विभाग पटना को गुप्त सूचना मिली कि एक नीले काले रंग के डबल डेकर बस पर भारी मात्रा में शराब दरभंगा ले जाया जा रहा है। पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए फोरलेन के बबुरा चेकपोस्ट पर एक बस को रोका।

## प्रेक्षक ने बैलेट पेपर एवं व्यय अनुश्रवण कोषांग का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर आज 87-जाले विधानसभा क्षेत्र की प्रेक्षक महोदया रूही खान द्वारा बैलेट पेपर एवं व्यय अनुश्रवण कोषांग का निरीक्षण किये। व्यय अनुश्रवण कोषांग की नोडल पदाधिकारी द्वारा चेकपोस्ट/ एसएसटी पर किए जा रहे सीसीटीवी कवरेज के बारे में जानकारी नहीं होने की बात कही गई। पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग के नोडल पदाधिकारी से पोस्टल बैलेट द्वारा चुनाव कार्य में लगे अन्य जिले एवं इस जिले के कर्मियों, ड्राइवर आदि का फॉर्म अन्य कोषांग से संपर्क कर भरवा कर उनके द्वारा पोस्टल बैलेट से वोट करने के लिए कहा गया। दरभंगा-मुजफ्फरपुर सीमा से लगे चेकपोस्ट का भी निरीक्षण किया गया और वाहनों की जांच को देखा गया। उपस्थिति प्रखंड विकाश पदाधिकारी/अंचल अधिकारी से सीसीटीवी मॉनिटरिंग के बारे में पूछा गया, लेकिन संतोषजनक उत्तर नहीं दिए। 87-जाले के सिंहवाड़ा प्रखंड के विभिन्न मतदान बूथ का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बूथ पर मूलभूत सुविधा को देखा गया एवं बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नंबर बोर्ड पर लिखवाने का निर्देश दिया गया। साथ ही पेयजल एवं शौचालय का साइनेज सही जगह पर लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

## धूमधाम से मनी बिहार केसरी डा. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बक्सर।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 136वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पांडेय ने डॉ. श्रीकृष्ण सिंह को आधुनिक बिहार का निर्माता बताया। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल में डॉ. सिंह ने बिहार को उद्योग, शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बना दिया था। उन्होंने दलितों के उत्थान के लिए भी ऐतिहासिक कदम उठाए – जिनमें बाबा वैजनाथधाम मंदिर में दलितों को पूजा करने का अधिकार दिलाना विशेष रूप से उल्लेखनीय है। डॉ. पांडेय ने वर्तमान समय की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज के मुख्यमंत्री केवल जातिवादी राजनीति में उलझे हुए हैं, जबकि श्रीकृष्ण बाबू ने बिहार को देश के अग्रणी राज्यों में शुमार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आज यह संकल्प लेते हैं कि वे श्रीकृष्ण सिंह के पदचिह्नों पर चलकर पार्टी को मजबूत करेंगे और समाज को जोड़ने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डॉ. प्रमोद ओझा, प्रदेश प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, किसान प्रकोष्ठ बक्सर के जिलाध्यक्ष संजय कुमार पांडे, संजय कुमार दुबे, पप्पू दुबे, रविंद्र राय, गुप्तेश्वर चौबे, राजा बाबू, कुमकुम देवी, रूनी देवी, त्रिजोगी नारायण मिश्रा, अभय मिश्रा, जय राम राम, उपेंद्रनाथ ओझा, अजय राय, ओम प्रकाश, विकास कुमार ओझा, महेंद्र चौबे, अरुण उपाध्याय, बंटी शर्मा, विकास रंजन, बीएन वर्मा, युवा कांग्रेस नेता नंदू उपाध्याय सहित कई नेताओं ने श्रीकृष्ण सिंह के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ कांग्रेस नेता रोहित कुमार उपाध्याय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# ललन कुंवर ने लिया नामांकन वापस

## भाजपा के प्रति दिखाई निष्ठा, उम्मीदवार रजनीश को दिया अपना समर्थन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** तेघरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता सह पूर्व विधायक ललन कुंवर ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। ज्ञात हो की तेघरा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में श्री कुंवर ने नामांकन कराया था। उन्होंने पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं और कार्यकर्ताओं के आग्रह पर अपना नामांकन वापस ले लिया है। ललन कुंवर ने कहा कि वे भाजपा के सिपाही हैं और उनकी निष्ठा पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व के प्रति अटूट है। उनका निर्णय दलीय प्रतिबद्धता और संगठनात्मक एकजुटता का प्रतीक है। गौरतलब है कि तेघरा विधानसभा सीट से एनडीए की ओर से रजनीश कुमार को भाजपा का सिंबल देकर उम्मीदवार बनाया गया है। इधर केंद्रीय मंत्री एवं बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने अपने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से ललन कुंवर के इस फैसले की सराहना की है। उन्होंने लिखा कि तेघरा विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले ललन कुंवर ने शीर्ष नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के कहने पर अपना नामांकन वापस ले लिया है। यह संगठन और अनुशासन की मिसाल हैं।

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

***Name of the Election** : बिहार विधान सभा

**Name of State/UT** : बिहार

**(1)** Name of Constituency : 179, बाढ़

Name of the candidate : कर्णवीर सिंह यादव

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** सामान्य आशय से एक आपराधिक षड्यंत्र के तहत गाली गलौज, मारपीट, धमकी देना अपमानित करना उद्यापन करना एवं अपहरण करना। **2.** सामान्य आशय से एक आपराधिक षड्यंत्र के तहत हरवे हथियार से लैश होकर उपहति के भय में डालना गाली - गलौज, मारपीट करने एवं जाती सूचक शब्द का प्रयोग कर गाली देना। **3.** सामान्य आशय से एक आपराधिक षड्यंत्र के तहत उद्यापन हेतु भय में डालना, अपमानित करना, धमकी देना एंव मजदूरी कम देना वगैरह। **4.** सामान्य आशय से एक आपराधिक षड्यंत्र के तहत हरवे हथियार के भय में डालना गाली - गलौज, मारपीट करने एवं जाती सूचक शब्द का प्रयोग कर गाली देना। **5.** सामान्य आशय से एक आपराधिक षड्यंत्र के तहत अवैध हथियार से गोली मारकर हत्या करना। **6.** छल करना एवं आपराधिक न्यास भंग करना। **7.** आपराधिक षड्यंत्र के तहत गाली गलौज, आपमानित करना एवं जान से मारने की धमकी देना। **8.** आपराधिक षड्यंत्र के तहत अपराधी को संरक्षण देकर जान से मारने के उद्देश्य से भेजना एंव अवैध हथियार के साथ पकड़ा जाना। **9.** आपराधिक षड्यंत्र के तहत रंगदारी वसुलना, धमकी देना, मजदुरी कम देना वगैरह। **10.** धोखाधड़ी करना, रंगदारी वसुलाना, अवैध हथियार के साथ पकड़ा जाना एवं बिहार उत्पाद अधिनियम। **11.** बिना अनुमति के चोरी से ईट भट्ठा चलाना एवं बिहार खनन एवं खनिज पदार्थ अधिनियम उल्लंघन करना। **12.** आपराधिक षड्यंत्र के तहत सामान्य आशय से जान से मारने के नियत से अपहरण करना। **13.** गाली गलौज, मारपीट एवं धमकी देना। **14.** अवैध हथियार के साथ पकड़ा जाना। **15.** डकैती की योजना से एकत्रित होना। |
| | b. | **Case no.:- 1.** पंडारक थाना कांड सं. - 261 / 24, धारा - 126(2), 127(2), 308(5), 140(3), 115(2), 352, 351(2), 3(5), 61(2) BNS, **2.** बाढ़ थाना कांड सं. 831 / 24, थाना बाढ़, जिला - पटना, धारा - 126(2), 115(2), 117(2), 303(2), 308, 3(5) BNS and 27 Arms Act and 3(1), 3(r) 3(2), (VA), SC/ST Act, **3.** N.T.P.C थाना कांड सं. - 131 / 2024, थाना - N.T.P.C, जिला - पटना धारा - 22, 22A.M.W. Act, 308(2), 308(5), 352, (351(2), 61(2), 3(5) BNS, **4.** बाढ़ थाना कांड सं. 820 / 24, थाना बाढ़, जिला - पटना, धारा - 126(2), 127(2), 115, 76, 308(4), 352, 308(5), 351(2), 61(2), 315 BNS and 27 Arms Act. 3(1) (R), 3(1), (S), 3(1), W(1), 3(2), (VA), SC/St Act., **5.** बाढ़ थाना कांड सं. 98 / 23, थाना बाढ़, जिला - पटना, धारा - 302, 120B, 34 IPC and 27 Arms Act. **6.** N.T.P.C थाना कांड सं. - 32 / 2020, थाना - N.T.P.C, जिला - पटना धारा - 406, 420, 34 IPC. **7.** पंडारक थाना कांड सं. - 24 / 2020 थाना पंडारक, जिला - पटना, धारा - 341, 323, 448, 504, 506, 120B IPC, **8.** पंडारक थाना कांड सं. - 75 / 19 थाना पंडारक, जिला - पटना, धारा - 341, 323, 504, 506, 120B, 216A, 115 IPC, 25(1-b)a, 26, 35 Arms Act., **9.** N.T.P.C थाना कांड सं. - 50 / 2019, थाना - N.T.P.C, जिला - पटना धारा - 384, 506, 507, 120B IPC 22/22A M.W. Act. and 85/86 RTFC and T in Land A.R. and R. Act., **10.** बाढ़ थाना कांड सं. 91 / 19, थाना बाढ़, जिला - पटना, धारा - 290, 384, 419, 420, 34 IPC 25 (1-b)a, 26, 30, 35 Arms Act and 37B, 37C Bihar Prohibition and Excise Act., **11.** बाढ़ थाना कांड सं. 322 / 15, थाना बाढ़, जिला - पटना, धारा - 379 भा.द.वि. एवं 21 / 40 Mines and Mineral Act., **12.** बिहटा थाना कांड सं. 859 / 14, थाना बिहटा, जिला - पटना, धारा - 365, 364, 120B, 34 IPC. **13.** दुल्हिन बाजार थाना कांड सं. 31 / 2012, दुल्हिन बाजार, जिला - पटना, धारा - 341, 323, 506, 34 IPC. **14.** पीरबहोर थाना कांड सं० - 204 / 04, थाना - पीरबहोर, जिला - पटना, धारा - 25(1-b)a, 26 Arms Act. **15.** बाड़ थाना कांड सं० - 74 / 97, थाना - बाढ़, जिला - पटना, धारा - 399, 402 IPC. | |
| | c. | **Name of the Court:- 1.** ACJM - I Barh, **2.** Special Judge SC/St Court, Patna, **3.** A.C.J.M-I Barh, **4.** Special Judge SC/St Court, Patna, **5.** ACJM-I, Barh, **6.** J.M.-1st Class, Barh, **7.** A.C.J.M. - 1st, Barh, **8.** Spl. MLA/MP Court Patna, **9.** J.M.- 1st Class, Barh, **10.** Spl. Court Excise, Patna, **11.** A.C.J.M. - 1, **12.** J.M. - 1st Class, Danapur, **13.** J.M. - 1st Class, Danapur, **14.** A.C.J.M., Patna, **15.** A.C.J.M. - 1, Barh. | |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** नहीं **(2)** नहीं **(3)** नहीं **(4)** नहीं **(5)** नहीं **(6)** नहीं **(7)** नहीं **(8)** नहीं **(9)** नहीं **(10)** नहीं **(11)** नहीं **(12)** नहीं **(13)** नहीं **(14)** नहीं **(15)** नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | **(1)** नहीं **(2)** नहीं **(3)** नहीं **(4)** नहीं **(5)** नहीं **(6)** नहीं **(7)** नहीं **(8)** नहीं **(9)** नहीं **(10)** नहीं **(11)** नहीं **(12)** नहीं **(13)** नहीं **(14)** नहीं **(15)** नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | **(1)** लागू नहीं **(2)** लागू नहीं **(3)** लागू नहीं **(4)** लागू नहीं **(5)** लागू नहीं **(6)** लागू नहीं **(7)** लागू नहीं **(8)** लागू नहीं **(9)** लागू नहीं **(10)** लागू नहीं **(11)** लागू नहीं **(12)** लागू नहीं **(13)** लागू नहीं **(14)** लागू नहीं **(15)** लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योगता स्नातक (सम्मान) हैं। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

**राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित**

# कांग्रेस ने पांच विधायकों का टिकट काटा, 12 पर जताया भरोसा

## नए चेहरों और समीकरणों के साथ मैदान में उतरी पार्टी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही कांग्रेस ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। इस बार पार्टी ने संगठन में नई ऊर्जा और रणनीतिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए बड़ा फेरबदल किया है। कांग्रेस ने पांच मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया है जबकि 12 विधायकों पर दोबारा भरोसा जताते हुए उन्हें चुनावी अखाड़े में उतारा है। इस बार के चुनाव में कांग्रेस ने कई सीटों पर नए समीकरण साधने की कोशिश की है। किशनगंज से मौजूदा विधायक इजहारूल हुसैन की जगह पार्टी ने पूर्व विधायक मोहम्मद कमरूल होदा को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह कसबा से चार बार विधायक और पूर्व मंत्री मोहम्मद आफाक आलम की जगह मोहम्मद इरफान आलम को मौका दिया गया है। खगड़िया से छत्रपति यादव को बेटिकट करते हुए डॉ. चंदन यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराजगंज से छह बार विधायक रहे विजयशंकर दुबे को भी इस बार टिकट नहीं मिला है। महागठबंधन की सीट बंटवारे की प्रक्रिया में यह सीट राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के खाते में चली गई जिसने यहां से विशाल जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह जमालपुर से विधायक अजय कुमार सिंह को भी टिकट से वंचित कर दिया गया है। उनकी जगह महागठबंधन के सहयोगी इंडियन इंक्लूसिव पार्टी से नरेन्द्र तांती मैदान में हैं। विक्रम विधानसभा से विधायक सिद्धार्थ सौरभ और चेनारी (सुरक्षित) से विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने उम्मीदवारों की घोषणा से पहले ही कांग्रेस का 'हाथ' छोड़ दिया था। श्री सौरभ अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर विक्रम से जबकि श्री गौतम लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के टिकट पर चेनारी (सुरक्षित) से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने अपने 12 विधायकों पर दोबारा भरोसा जताया है जो एक बार फिर जनता का विश्वास हासिल करने मैदान में उतरेंगे। इनमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और कुटुंबा (सुरक्षित) से राजेश राम, अररिया से अबिदर रहमान, कदवा से शकील अहमद खान, मनिहारी (सुरक्षित) से मनोहर प्रसाद सिंह, मुजफ्फरपुर से विजेन्द्र चौधरी, राजापाकड़ (सुरक्षित) से प्रतिमा कुमारी, भागलपुर से अजीत कुमार शर्मा, बक्सर से संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, राजपुर (सुरक्षित) से विश्वनाथ राम, करगहर से संतोष कुमार मिश्र, औरंगाबाद से आनंद शंकर सिंह तथा हिसुआ से नीतू कुमारी शामिल हैं। ज्ञात हो कि वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने महागठबंधन के तहत 70 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे,

## दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने की त्योहारों के दौरान भीड़-भाड़ को लेकर तैयारियों की समीक्षा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच में एक प्रेस ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक एवं अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने कहा कि त्योहारों के मौसम में यात्रियों की बढ़ी हुई भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा समुचित तैयारियां की गई हैं ताकि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित की जा सके। भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष दुगार्पूजा, दीपावली और छठ पर्व के अवसर पर लगभग 12,000 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 7,724 थी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने इस वर्ष 20.10.2025 तक 922 विशेष ट्रेनें चलाई हैं जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 832 थी। भीड़ नियंत्रण के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। आगामी वर्षों में इन स्टेशनों पर स्थायी होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना है। यात्रियों की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय तथा चारों मंडलों में वार रूम्स स्थापित किए गए हैं जहां सीसीटीवी लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। दक्षिण पूर्व रेलवे वर्तमान में 6 नियमित विशेष ट्रेनें एवं 11 अतिरिक्त त्योहार विशेष ट्रेनें चला रहा है। अन्य जोनों द्वारा चलाई जा रही 16 विशेष ट्रेनें भी दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार से होकर गुजर रही हैं। प्रमुख स्टेशनों पर दैनिक फुटफॉल मॉनिटरिंग की जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में राँची स्टेशन पर यात्रियों की संख्या 53,000 से बढ़कर 58,000 हो गई है। टाटानगर और शालीमार स्टेशनों पर पिछले वर्ष के समान ही फुटफॉल दर्ज किया गया है।

## भाजपा ने मोहनियां (एससी) विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी श्वेता सुमन का नामांकन निरस्त करने की रखी मांग

### श्वेता सुमन मूलतः उत्तर प्रदेश की निवासी : विंध्याचल राय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा न्यायिक एवं चुनाव आयोग संपर्क विभाग के प्रमुख विंध्याचल राय ने आज बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अंतर्गत 204-मोहनियां (एससी) विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी श्वेता सुमन द्वारा दाखिल नामांकन पत्र को निरस्त करने की मांग निर्वाचन विभाग से की है। पटना भाजपा मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव में मोहनियां (एससी) निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी श्वेता सुमन द्वारा दाखिल नामांकन पत्र भरा गया है, लेकिन इसमें कई त्रुटियां हैं। प्रत्याशी ने अनुसूचित जाति वर्ग के प्रमाण-पत्र के आधार पर अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित विधानसभा क्षेत्र 204-मोहनियां (एससी) से नामांकन दाखिल किया है जबकि प्रत्याशी मूलतः उत्तर प्रदेश राज्य की निवासी हैं और उनका जन्मस्थान उत्तर प्रदेश है। उनके पति का नाम विनोद राम है। उन्होंने बताया कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान श्वेता सुमन ने अपने नाम 'सुमन देवी पत्नी विनोद राम' के रूप में इस निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया था जिसमें उन्होंने स्वयं स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया था कि वे 'चमार जाति' से संबंध रखती हैं जो कि उत्तर प्रदेश राज्य की अनुसूचित जाति में आती है। उन्होंने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं को लेकर कहा कि किसी अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने के लिए प्रत्याशी का उस राज्य का अनुसूचित जाति का सदस्य होना आवश्यक है। ऐसे में बिहार राज्य में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी बनने के लिए यह आवश्यक है कि उम्मीदवार बिहार राज्य की अनुसूचित जाति में सम्मिलित जाति का सदस्य हो। भाजपा नेता ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य में अनुसूचित जाति के रूप में अधिसूचित 'चमार' जाति, बिहार राज्य में स्वतः अनुसूचित जाति नहीं मानी जा सकती जब तक कि बिहार की अधिसूचना में उसका उल्लेख न हो और प्रत्याशी का स्थायी निवास बिहार राज्य में न हो। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसी राज्य की अनुसूचित जाति, जनजाति का प्रमाण पत्र अन्य राज्य में आरक्षित सीट के लिए मान्य नहीं होगा, इस कारण श्वेता सुमन का नामांकन पत्र निरस्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा बिहार के किसी भी दलित की हकमारी नहीं होने देगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे लिए और भी विकल्प खुले हुए हैं। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू और भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक संजय राम उपस्थित थे।

## कुम्हरार में एनडीए ने किया प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन, समर्थकों ने लगाए संजय गुप्ता जिंदाबाद के नारे



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने राजेन्द्र नगर स्थित आंख अस्पताल के निकट कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अपने प्रधान चुनाव कार्यालय का भव्य रूप से उद्घाटन किया। इस चुनाव कार्यालय का उद्घाटन निवर्तमान विधायक अरुण कुमार सिन्हा, विधान पार्षद अनिल शर्मा, पटना की उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी, भाजपा पटना महानगर अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, जदयू, हम (से.), लोजपा (रा.), रालोमो के जिलाध्यक्ष सहित सभी वार्ड पार्षद ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गठबंधन के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी संजय गुप्ता ने वरिष्ठ नेताओं एवं पुराने कार्यकर्ताओं का पैर पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुशील कुमार मोदी को नमन करते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

## डीआरएम ने पूजा को लेकर तैयारियों का लिया जायजा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूजा के दौरान देश के विभिन्न स्टेशनों से आने एवं वापस लौटने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु दानापुर मंडल के द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। सभी रेलकर्मी यात्रियों की सुविधा हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रभात कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक, हाजीपुर सह मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने दानापुर, राजेन्द्र नगर टर्मिनल एवं पटना जंक्शन पर छठ पूजा को लेकर भीड़ प्रबंधन के तैयारियों का जायजा लिया एवं उनकी सुविधा के लिए तथा और भी बेहतर प्रबंधन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। यात्री सुविधा और सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर पदस्थापित स्टेशन स्टाफ खासकर कमर्शियल विभाग के रेल कर्मियों एवं रेल सुरक्षा बल को निरंतर चौकस रहने का निर्देश दिया।

## पटना में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाणोत्सव पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक (निर्वाणोत्सव) आज पटना सहित पूरे देशभर में श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। पटना के सभी जैन मंदिरों में प्रातः भगवान के अभिषेक, शांतिधारा और पूजन के बाद लाडू चढ़ाने की परंपरा निभाई गई। जैन समाज के एम.पी. जैन ने बताया कि श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं में भगवान को प्रथम लाडू चढाने का सौभाग्य मंजू बेनाड़ा को एवं शांतिधारा का सौभाग्य विमल पाटनी को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही मीठापुर में राजकुमार पाटनी, कमलदह में सोनू जैन, सुरेश बेबी जैन सुनील एवं काला चंदा, सुनील छाबड़ा, नवीन बढ़जात्य, अतुल जैन, गुरारा मंदिर में तिलक जैन, कालीबीबी कटरा में मुकेश जैन एवं अशोक कासलीवाल सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भगवान को निर्वाण लाडू चढाया। बिहार स्टेट दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र समिति के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि भगवान महावीर का निर्वाण कार्तिक अमावस्या को प्रातः चार बजे पावापुरी में हुआ था।

## कांग्रेस ने मनाई बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह की 138 वीं जयंती



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आधुनिक बिहार के निमार्ता और बिहार के पहले मुख्यमंत्री बिहार केसरी स्व. श्रीकृष्ण सिंह की 138 वीं जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनाई गई। स्व. श्रीकृष्ण सिंह के तैल चित्र पर कांग्रेसजन ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण बाबू आधुनिक बिहार के निर्माता रहे हैं और देश की आजादी के लड़ाई में अग्रिम पंक्ति के नेता रहें हैं। उन्होंने बिहार के विकास को राह प्रदान किया। बरौनी और पतरातू थर्मल पावर स्टेशन से लेकर बरौनी तेल शोधक कारखाना, बोकारो स्टील कारखाना, बरौनी व सिंदरी सीमेंट कारखाना, हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन आदि प्रमुख कारखानों को उन्होंने अविभाजित बिहार में लगाने का मार्ग प्रशस्त किया। श्रीकृष्ण बाबू आजादी के लड़ाई में देश को दिशा देने वाले नेताओं में से एक रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक बिहार के निर्माण में श्रीकृष्ण बाबू का योगदान अविस्मरणीय है। बिहार को प्रगति पथ पर अग्रसर करने में उनकी अहम भूमिका रही है। जयंती कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. रामजतन सिन्हा, नरेन्द्र कुमार, ब्रजेश प्रसाद मुनन, जमाल अहमद भल्लू, अजय कुमार चौधरी, पंकज यादव, डा0 कमलदेव नारायण शुक्ला, रौशन कुमार सिंह, शशिकांत तिवारी, आलोक हर्ष, संजय कुमार पाण्डेय, प्रदुम्न कुमार, प्रियंका सिंह, राजनन्दन कुमार, धर्मवीर शुक्ला, सतीश कुमार चंदन, डा0 अफजल इमाम, रंजीत कुमार बाल्मीकी, बाल्मीकी शर्मा, मुन्ना ठाकुर समेत प्रमुख नेतागण मौजूद रहे।

## चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के सहयोग से सांस्कृतिक संध्या सह सम्मान समारोह आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के सौजन्य से 22 अक्टूबर को सांस्कृतिक संध्या सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के प्रधान सचिव कमलनयन श्रीवास्तव और अध्यक्ष गणेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सम्पूर्ण प्राणी-जगत के पाप-पुण्य का लेखा-जोखा करने वाले कलमजीवियों के आराध्य देव, अक्षर देवता भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव, 2025 की पूर्व संध्या पर चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान, बिहार के तत्वावधान में गिरिराज उत्सव पैलेस, बेलवर गंज, पश्चिम दरवाजा, पटना सिटी में आगामी 22 अक्टूबर 2025 (बुधवार को 2:00 बजे 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिये पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद (लोकसभा) रविशंकर प्रसाद, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, ख्यातिनाम चिकित्सक पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा, आरक्षी महानिदेशक आलोक राज, न्यायमूर्ति हेमंत कुमार श्रीवास्तव, न्यायमूर्ति अमरेश कुमार लाल को आमंत्रित किया गया है। कमलनयन श्रीवास्तव और गणेश कुमार सिन्हा ने बताया कि इस अवसर पर अनेक राजनेता, कवि, कलाकार, पत्रकार, समाजसेवी एवं प्रबुद्ध जन भाग ले रहे हैं। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए अनेक कलमजीवियों को नामित सम्मानों तथा 'चित्रगुप्त सेवा सम्मान' से सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर 'कलमजीवी' स्मारिका का लोकार्पण भी किया जायेगा। इस कार्यक्रम में संगीतमय संध्या होगी जिसमें कई कलाकार प्रस्तुति देंगे।

## फिर एक बार, एनडीए सरकार : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा बिहार इकाई के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज दावा किया कि इस विधानसभा चुनाव में एनडीए न केवल जीत दर्ज करेगी बल्कि ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल आज मुजफ्फरपुर के रामकृष्ण उच्च विद्यालय, मीनापुर के खेल मैदान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ एनडीए समर्थित प्रत्याशी जदयू प्रत्याशी अजय कुशवाहा, औराई से भाजपा प्रत्याशी रमा निषाद तथा गायघाट से जदयू प्रत्याशी कोमल सिंह के आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। जनसभा में उमड़ी भीड़ से उत्साहित भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि यह प्रचंड जनसमर्थन स्पष्ट संकेत है कि जनता अब एक सशक्त और जिम्मेदार नेतृत्व की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि बिहार नई उड़ान भरने को तैयार है और डबल इंजन की सरकार इस प्रदेश को गति देने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल कांटी पहुंचे। यहां उन्होंने एक महती जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार अब पीछे मुड़कर नहीं देखने वाला है। बिहार की पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहले सड़कों में गड्ढे होते थे कि गड्ढों में सड़क होती थी इसका पता नहीं चलता था, लेकिन आज चार घंटे में हम किसी भी क्षेत्र से राजधानी पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बिहार किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ा है।

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 191 Bikram

Name of the Candidate:- Shri Siddharth Saurabh

| Sl. No | | Criminal Antecedents | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/s 147, 283, 353, 186 IPC | U/S 171F, 188, IPC 3 DPP Act. | U/S 171F, 188, 341, 323, 504, 506, 379, 34 IPC and 130 PR Act. | U/S 143, 353, 427 IPC | U/S188, 171F, 269, 270 IPC | U/S 149, 341, 323, 324,325, 307, 384 IPC | U/S 171F, 181, 34 IPC | U/S 302, 120B 34 IPC |
| | b | Case no. | Bikram PS Case no. 176/12 | Naubatpur P.S. Case no. 617/15 | Naubatpur P.S. Case no. 626/15 | Naubatpur P.S. Case no. 307/18 | Bikram PS Case no. 300/20 | Phulwari P.S. Case no. 3298/2000 | Naubatpur P.S. Case no. 550/20 | Kadamkuan PS case no. 374/98 S.T. 1008/99 |
| | c | Name of the Court | Sri Randhir Kr., ACJM V, Danapur | ACJM II, Danapur | ACJM III, Danapur | ACJM III, Danapur | ACJM IV, Danapur | ASJ VII, Patna | ACJM IV, Danapur | District & Session Judge, Patna |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No | No | No | No | No | No | No | Yes |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | 11.07.2001 |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Life punishment under Juvenile Justice Act |
| | g | Any other information required to be given | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Appeal no. 677/2003 filed against punishment. |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is a well-known social worker having very good reputation in the society. | | | | | | | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | In view of his selfless work for the society, the party has preferred him as its candidate. | | | | | | | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

**एक नजर**

## नवादा जिले में 18 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

**नवादा**। अशोक प्रियदर्शी नवादा जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र से कुल 18 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया है। सर्वाधिक गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से सात, वारिसलीगंज से चार, रजौली में तीन, नवादा से तीन और हिसुआ से एक प्रत्याशी का नामांकन रद्द हुआ है। हिसुआ से जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष एहतेशाम कैसर निर्दलीय उम्मीदवार थे, जिनका नामांकन रद्द हुआ है। नवादा जिले से कुल 77 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिनमें 18 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र त्रुटियों के कारण रद्द कर दिया गया है। स्क्रूटनी के बाद अब कुल 59 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। अब रजौली में 11, हिसुआ में 14, नवादा में 14, गोविंदपुर में 10 और वारिसलीगंज में 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं।

## कौआकोल व डोमनबाग में माता काली की प्रतिमा स्थापित

**कौआकोल**। प्रखण्ड के दुर्गामण्डप में श्री श्री 108 श्री दुर्गा महारानी,काली महारानी ट्रस्ट के सहयोग से काली मंदिर में माता काली की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। आचार्य धर्मेन्द्र भूषण पाठक ने बताया कि माता काली की पूजा परम्परागत विधि से किया गया। वहीं माता काली की प्रतिमा स्थापित होने के बाद उनके दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता काली की पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना की। बुधवार को माता काली की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। वहीं डोमनबाग में भी ग्रामीणों के द्वारा माता काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया जा रहा है।

## जीविका दीदियों ने लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**कौआकोल**। बिहार विधानसभा चुनाव के तहत नवादा जिला में 11 नवम्बर को होने वाले मतदान को लेकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जीविका दीदियों ने अद्भुत पहल की शुरुआत किया है। कौआकोल प्रखंड की जीविका दीदियों ने अद्भुत पहल करते हुए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान जीविका दीदियों ने गाँव-गाँव में दीपक और मोमबत्तियाँ जलाकर लोगों को 11 नवम्बर 2025 को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दीदियों ने "एक दीपक लोकतंत्र के नाम" की भावना के साथ संदेश दिया कि जैसे दीपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है,वैसे ही मतदान लोकतंत्र की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं और युवाओं से अपील की कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं।

## आगजनी में हजारों का नुकसान

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखंड के भोरमबाग गाँव में दीपावली की रात्रि अचानक एक घर में आग लग गई। जिससे हजारों रुपये मूल्य की सम्पत्ति जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि आनंदी प्रसाद के घर में सोमवार की रात्रि लगभग 10 बजे अचानक से आग लग गई। इस घटना में घरेलू सामान समेत हजारों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने काफ़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घरेलू सामान,नकदी,अनाज,कपड़ा आदि जलकर राख हो गया। घटना का कारण शाट सर्किट बताया जा रहा है।

## हर्षोल्लास के साथ मनी दीपावली

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखण्ड में दीपावली का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल देखी गई,वहीं शाम होते ही लोगों ने अपने घरों और दुकानों को दीपों से सजाया। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर दीपावली की बधाई दी। बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों ने रंग-बिरंगी रोशनी और आतिशबाजी का भरपूर आनंद लिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दीपावली का पर्व भगवान श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटने की स्मृति में मनाया जाता है। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। गांवों और कस्बों में भी दीपों की रोशनी से पूरा वातावरण जगमगा उठा। लोगों ने भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण सहित माता लक्ष्मी एवं विघ्नहर्ता गणेश भगवान तथा कुबेर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। दीपावली को लेकर गांव की गलियां जगमगा उठी।

## माता लक्ष्मी की हुई पूजा अर्चना

**कौआकोल**। प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत के भोरमबाग गांव में नवयुवक क्लब के सौजन्य से माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। स्थानीय ग्रामीण छोटेलाल कुमार ने बताया कि क्लब के अध्यक्ष प्रवीण कुमार,सचिव प्रवीण कुमार,कोषाध्यक्ष सिंटू कुमार, राकेश कुमार,अनुज,मुन्ना आशीष आदि ग्रामीणों के सहयोग से गांव में माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। प्रतिमा स्थापित होने के बाद गांव में भक्ति का माहौल कायम है। प्रतिमा के दर्शन को लेकर दूर-दूर गांव से भी श्रद्धालुजन आ रहे हैं। वहीं बड़राजी बाजार में भी माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना किया जा रहा है।

## गूंजा 'पहले मतदान फिर जलपान का' का नारा

**बिहारशरीफ**। मंगलवार को बढ़नपुरा गांव की गलियों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता सभा एवं रैली का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला स्वीप आइकॉन डा. आशुतोष कुमार मानव ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने में जीविका संगठन का बहुत बड़ा योगदान है। जो लोग वोटिंग में आनाकानी करते हैं उन्हें जागरूक करने की ज़रूरत है। इसके लिए हर घर जाकर अभियान चलाएं कि 6 नवंबर को अपना मतदान अवश्य करेंगे और लोक तंत्र को मजबूत बनाएंगे। एक एक वोट की कीमत होती है। इसलिए कोई वोट बेकार न जाने पाए। जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक राजेश कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक शबनम कुमारी समेत कई महिलाएं रैली में शामिल हुईं।

## धूमधाम से मना दीपोत्सव

**नवादा**। दीपोत्सव का पर्व दीपावली नवादा जिले में काफी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं की ओर से माता लक्ष्मी और भगवान गणेश का पूजन किया गया। सभी लोग अपने-अपने प्रतिष्ठानों और घरों में शुद्ध रूप से माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा कर उन्नत भविष्य की कामना की। पिछले साल की तुलना में इस बार आतिशबाजी कम देखने को मिली। परंतु रोशनी की चकाचौंध से पूरा नवादा शहर जगमगा उठा । हर ओर बस दीपावली की धूम रही। इससे पूर्व बाजारों में खरीदारी करने वाले लोगों की भी अच्छी खासी संख्या में भीड़ देखी गई। प्रशासन की ओर से ट्रैफिक व्यवस्था का भरपूर ख्याल रखा गया। चुनावी प्रक्रिया के कारण लोगों का रुझान चुनाव में रहा। फिर भी देर शाम तक सभी जगह पर दीपावली की धूम देखते ही बनी ।

## स्क्रूटनी में तीन विधानसभा प्रत्याशियों के प्रर्चे रद्द

**रजौली**। विधानसभा सीट के लिए नामांकन के अंतिम दिन सोमवार तक कुल 14 प्रत्याशियों ने अनुमंडल कार्यालय परिसर में बने नामांकन कक्ष में नामांकन करवाया था,जिनमें 10 पार्टी से और 4 निर्दलीय थे।वहीं रिटर्निंग ऑफिसर सह एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन के नेतृत्व में मंगलवार को नामांकित प्रत्याशियों की स्क्रुटनी की गई।स्क्रुटनी के बाद तीन प्रत्याशियों आजाद समाज पार्टी से मिथलेश कुमार और इंडियन नेशनल सोशलिस्ट पार्टी से गुड्डी कुमारी के अलावे निर्दलीय उम्मीदवार राकेश कुमार उर्फ कैप्टन राकेश चौधरी का नामांकन रद्द कर दिया गया।अब रजौली विधानसभा सीट से विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से कुल 8 प्रत्याशी और 3 निर्दलीय प्रत्याशी ही चुनावी मैदान में रह गए हैं।वहीं एसडीएम ने बताया कि बुधवार और गुरुवार को प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापसी होना है।यदि इस दौरान कुछ प्रत्याशियों द्वारा अपना नाम वापस लिया जाता है,तो रजौली विधानसभा से और प्रत्याशी कम जायेंगे।

## हर्षोल्लास से मनी दीपावली

**हसपुरा**। प्रखंड के हसपुरा बाजार से लेकर सुदूर ग्रामीण इलाकों तक दीपावली का पर्व जगमग दियों की रोशनी और उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। घर-घर में दीपक, मोमबत्तियों और रंग-बिरंगी लाइटों से अंधकार दूर होकर रोशनी का समंदर फैल गया। हालांकि इस बार भी पारंपरिक मिट्टी के दियों की लौ को बिजली के रंग-बिरंगे बल्बों ने कुछ हद तक फीका कर दिया। सरकार द्वारा चाइनीज सामानों के बहिष्कार की अपील के बावजूद बाजारों में इन उत्पादों की जमकर खरीदारी हुई।

# नामांकन का अंतिम दिन रहा खास, दिग्गजों ने दिखाया दम, कई पूर्व विधायक समेत नए चेहरों ने भरा पर्चा

डॉ. पंकज कुमार सिन्हा / नबिटा ब्यूरो

**नवादा**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नामांकन का अंतिम दिन सोमवार नवादा जिले के लिए राजनीतिक हलचल और शक्ति प्रदर्शन का केंद्र बन गया। जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों नवादा, गोविंदपुर, रजौली, हिसुआ और वारसलीगंज में प्रत्याशियों और समर्थकों की भीड़ समाहरणालय और अनुमंडल कार्यालय परिसरों में उमड़ पड़ी। गाजे-बाजे, नारों और उत्साह से माहौल चुनावी रंग में रंगा दिखाई दिया। गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक मोहम्मद कामरान ने टिकट कटने के बाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता की पत्नी विनीता मेहता ने लोजपा (रामविलास) प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल किया। इसी क्षेत्र से पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव ने राजद प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया, जिससे मुकाबला दिलचस्प हो गया है। नवादा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक कौशल यादव ने राजद प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि "जिले की पांचों सीटों पर महागठबंधन की जीत तय है।" इस अवसर पर हिसुआ विधायक नीतू सिंह और वारसलीगंज से राजद प्रत्याशी अनीता कुमारी भी मौजूद रहीं। वहीं, रजौली विधानसभा क्षेत्र से लोजपा (आर) प्रत्याशी विमल राजवंशी, पूर्व विधायक प्रकाश वीर और राजद से पिंकी भारती ने नामांकन किया। विनीता मेहता और विमल राजवंशी के नामांकन के दौरान नवादा सांसद विवेक ठाकुर, जमुई सांसद अरुण भारती, राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र मुन्ना और वारसलीगंज विधायक अरुणा देवी भी उपस्थित रहीं, जिससे लोजपा (आर) के शक्ति प्रदर्शन का माहौल बना। निर्दलीय प्रत्याशी बने मोहम्मद कामरान ने कहा कि "पार्टी का निर्णय मेरे लिए सर्वोपरि है, लेकिन जनता के आग्रह और दबाव पर मैं मैदान में उतरा हूं। अब फैसला जनता की अदालत करेगी।" अंतिम दिन नामांकन दाखिल करने वालों की लंबी कतार रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारी की थी। पुलिस और मजिस्ट्रेट की तैनाती से पूरे माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखा गया।

**नामांकन करने वाले प्रत्याशी**

**रजौली**: विमल राजवंशी, रंजीत कुमार, प्रकाश वीर, चंदन कुमार, पिंकी भारती, नरेश चौधरी, गुड्डी कुमारी, विजय कामेश्वर पासवान, प्रतिमा कुमारी, मिथिलेश राजवंशी, राकेश कुमार, रामानंद चौधरी।

**हिसुआ**: सुनील कुमार, सूर्यदेव प्रसाद, एहतेशाम कैसर, धर्मेंद्र कुमार, दिनानाथ ठाकुर, पवन कुमार, रामनंदन राजवंशी, सुनील कुमार निराला, दयानंद प्रसाद।

**नवादा**: मनोज कुमार, रवीश कुमार, अनीता कुमारी, सुभाष सिंह, कौशल यादव, जितेंद्र प्रसाद, रंजीत शर्मा, नरेश रविदास, प्रेम कुमार, अशोक कुमार, रंजीत कुमार सिंह, विभा कुमारी, वसीमा खातून, प्रदीप प्रसाद।

**गोविंदपुर**: कमलेश कुमार, मनोज कुमार, राहुल कुमार, रामस्वरूप राजवंशी, पूनम कुमारी, पूर्णिमा यादव, मोहम्मद कामरान, विनीता मेहता, सुरजीत कुमार, मुकेश राम, जय नंदन दास, मोहम्मद इफ्तिखार अहमद, कमलेश प्रसाद।

**वारसलीगंज**: राकेश कुमार, महेश रविदास, सुरेंद्र पासवान, उमेश प्रसाद।

# पावापुरी में कैंडल जलाकर किया दीपोत्सव का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। रंगोली, पेंटिंग, दीपोत्सव के माध्यम से पावापुरी महोत्सव 2025 के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मतदाता को मतदान दिवस 6 नवंबर 2025 को मतदान करने हेतु व्यापक रूप से प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप गतिविधि अंतर्गत नेहा,व्यय प्रेक्षक एवं श्रीकांत कुण्डलिक खाण्डेकर, वरीय स्वीप कोषांग पदाधिकारी-सह- उप विकास आयुक्त, नालंदा द्वारा दीपोत्सव का शुभारंभ कैंडल जलाकर किया गया, ताकि मतदान दिवस 6 नवंबर 2025 को ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा पेंटिंग, रंगोली बनाकर आम मतदाता को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया, साथ ही छात्राओं द्वारा मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत व्यापक पैमाने पर सेल्फी लेकर युवा मतदाता काफी उत्साहित हुए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, डीएमएसएफसी, डीपीओ आइसीडीएस, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक दिव्यांग कोषांग, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, डीपीएम जीविका सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रजौली विधानसभा क्षेत्र से 19 एनआर कटे 14 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली विधानसभा 235 ( सुरक्षित) से नामांकन के अंतिम दिनों तक कुल 19 एनआर कटा,जिनमें से मात्र 14 प्रत्याशियों ने नामांकन करवाया। इस दौरान अनुमंडल कार्यालय परिसर में बने नामांकन कक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर सह एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन के नेतृत्व में एफएसटी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी, स्टैटिक मजिस्ट्रेट ऋषभ रंजन के साथ थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार,एएसआई सुरेन्द्र राम व एएसआइ जयप्रकाश चौधरी के अलावे महिला कांस्टेबल समेत पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल मौजूद रहे। वहीं नामांकन कक्ष के बाहर हजारों की संख्या में विभिन्न प्रत्याशियों के साथ आए समर्थक पूरा दिन खड़े रहे और अपने-अपने प्रत्याशियों के नामांकन के बाद फूलों की माला पहनाकर शुभकामना देते नजर आए। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि रजौली विधानसभा के लिए बीते शनिवार तक 14 एनआर कटे थे एवं दो प्रत्याशियों बसपा से अखलेश कुमार और निर्दलीय से गोरेलाल चौधरी ने नामांकन करवाया था। वहीं नामांकन के अंतिम दिन 5 लोगों ने एनआर कटवाया और 12 प्रत्याशियों ने नामांकन करवाया।राजनैतिक पार्टी से सिंबल लेकर नामांकन करवाने वाले प्रत्याशियों में लोजपा(आर) से विमल राजवंशी, आम आदमी पार्टी से डॉ. रंजीत कुमार, जनशक्ति जनता पार्टी से प्रकाश वीर, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से चंदन कुमार,राजद से पिंकी भारती,जनसुराज से नरेश चौधरी, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति दल से प्रतिमा कुमारी, इंडियन नेशनल सोशलिस्ट पार्टी से गुड्डी कुमारी एवं आजाद समाज पार्टी से मिथलेश राजवंशी शामिल हैं। वहीं निर्दलीय रूप से रामानन्द चौधरी, राकेश कुमार उर्फ कैप्टन राकेश चौधरी एवं विजय कामेश्वर शामिल हैं। एसडीएम ने बताया कि नामांकित प्रत्याशियों की स्क्रुटनी 21 अक्टूबर को होगा।वहीं नामांकन वापसी के लिए दो दिन 22 और 23 अक्टूबर निर्धारित है।

# घर मे घुसकर जेवरात समेत लाखों की लूट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। वेना थाना क्षेत्र के कोरनामा गांव में दीपावली की रात लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने दंपती को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। घटना सुरेंद्र प्रसाद के घर में घटी है। बताया जाता है कि रात में चार बदमाश घर में घुस आए और कमरे का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास करने लगे। इस दौरान घर के सदस्य जाग गए और विरोध किया, जिस पर बदमाशों ने लाठी-डंडे से हमला कर दंपती को घायल कर दिया। हमले में सुरेंद्र प्रसाद और उनकी पत्नी श्यामपरी देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। बदमाश लगभग 5 से 6 लाख रुपये के जेवरात और अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि घर में घुसकर लूटपाट की घटना हुई है।

# छठ पूजा को लेकर एसडीओ ने की शांति समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ की अध्यक्षता में छठ पूजा 2025 को लेकर स्मार्ट सिटी भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सदस्यों से उक्त पर्व के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं समस्याओं को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया गया। जिसमें सदस्यों द्वारा मुख्य रूप से रखी गई बा उक्त पर्व सभी महत्वपूर्ण मार्गो की साफ सफाई एवं आवश्यक मरमति को लेकर प्रश्न उठाया गया। जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा ऐसे सभी मार्गो की आवश्यक मरमती एवं साफ सफाई कराने का आश्वासन दिया गया। सभी महत्वपूर्ण छठ घाटों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं महिला पुलिस बल की प्रतिनियक्ति करने की मांग की गई, बिहारशरीफ शहर अंतर्गत छठ पूजा के अवसर पर सभी मुख्य मार्गो में 27 के संध्या से 28 के प्रातः तक लाइट की व्यवस्था करने की मांग की गई, सभी छठ घाट ऊपर गोताखोर की प्रतिनियुक्त, बैरिकेडिंग, अस्थाई शौचालय एवं आवश्यकता अनुसार एसडीआरएफ की टीम प्रतिनियुक्ति करने की मांग की गई, जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सदस्यों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि जो भी प्रश्न सदस्यों द्वारा उठाया गया है उनका यथासंभव निराकरण किया जाएगा। साथ ही उक्त पर्व के अवसर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी तथा साफ सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही सदस्यों से भी अनुरोध किया गया कि प्रशासन को आवश्यक सहयोग करें तथा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पर्व को बहुत ही अच्छे ढंग से मनाये। बैठक क्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिहारशरीफ-।, पुलिस उपाधीक्षक यातायात नालंदा, थाना अध्यक्ष बिहार, लहेरी, सोहसराय, अंचल अधिकारी बिहारशरीफ, प्रखंड विकास हरनौत एवं अंचल अधिकारी हरनौत तथा अस्थावाँ, सिटी मैनेजर बिहार शरीफ एवं उप नगर आयुक्त बिहारशरीफ सहित कई विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 863 व्यक्तियों की गिरफ्तारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहार विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न करने के लिए नालंदा पुलिस द्वारा जिले भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक एवं विधिक कार्रवाई की जा रही है। नालंदा पुलिस द्वारा की गई अब तक की कार्रवाई के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक कुल 863 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई है। जिसमें मुख्य रूप से अवैध शराब के मामले में की गई कार्यवाही में अब तक कुल 1052.45 लीटर शराब की बरामदगी की गई है। जिसमें देसी शराब करीब 929.55 लीटर एवं विदेशी शराब करीब 122.9 लीटर बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आर्म्स एक्ट के मामले में अब तक कुल देशी कंट्री में पिस्टल 20, एक पिस्टल, 2 मैगजीन, 134 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इसी तरह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कल दो कांड दर्ज किए गए हैं। जबकि नालंदा जिला अंतर्गत मिनी गन फैक्ट्री का उद्वेदन एवं संबंधित दर्ज की गई कांडों की संख्या दो है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नालंदा पुलिस की कार्यवाही आगामी दिनों में जारी रहेगी, ताकि जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भय मुक्त चुनाव वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। नालंदा जिला के सभी थानाध्यक्षों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान निरंतर प्रारंभ रखें।

## कामरान के समर्थन में राजद की प्रखण्ड इकाई ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**कौआकोल**। राजद के निवर्तमान विधायक मोहम्मद कामरान का टिकट काटकर जदयू से आए पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव को प्रत्याशी बनाये जाने के विरोध में राजद की प्रखण्ड कमिटी ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। प्रखण्ड के बिझो गांव अवस्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक के बाद प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव के नेतृत्व में युवा राजद प्रकोष्ठ के प्रखण्ड अध्यक्ष कुन्दन यादव,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखण्ड अध्यक्ष मो० सरफराज आलम,पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रखण्ड अध्यक्ष लखन यादव समेत प्रखण्ड कार्यकारिणी के सदस्य एवं विभिन्न पंचायतों के अध्यक्ष समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। प्रखण्ड राजद अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तानाशाह किस्म के व्यक्ति को पार्टी से उम्मीदवार बना दिया है। जिससे कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है।

# त्यौहारों के बावजूद मजदूरों को वेतन नहीं, नगर पंचायतवासियों में रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। नगर पंचायत रजौली में इस बार दिवाली का पर्व गंदगी के बीच मनाया गया। नगर पंचायत कार्यालय परिसर से लेकर मुख्य बाजारों तक कचरों का फैलाव है, क्योंकि बीते तीन दिनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। सफाई व्यवस्था के इस तरह ठप होने का मुख्य कारण दिवाली और छठ जैसे स्वच्छता के त्यौहारों से पहले भी गरीब सफाई मजदूरों को उनका बकाया वेतन न दिया जाना बताया जा रहा है। वेतन भुगतान न होने से नगर पंचायत में कार्यरत सफाईकर्मियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने एकजुट होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी है। सफाईकर्मियों का कहना है कि त्यौहारों के समय जब लोग किसी को कर्ज देने से भी कतराते हैं, ऐसे में यदि उन्हें उनकी मजदूरी नहीं मिलेगी, तो वे अपने बच्चों के साथ खुशियां कैसे मना पाएंगे।वेतन न मिलने से परेशान सफाईकर्मी नगर में भ्रमण कर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को उन्होंने चौक पर पुतला दहन कर नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ अपना कड़ा विरोध जताया। नगर पंचायतवासियों ने अपने घरों और दुकानों की साफ-सफाई तो कर ली है, लेकिन सड़कों पर कचरे का अंबार लगा हुआ है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां लक्ष्मी के आगमन से पूर्व लोग साफ-सफाई में जुट जाते हैं, लेकिन रजौली की जनता इस बार गंदगी में दिवाली मनाने को मजबूर है। एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'स्वच्छ भारत अभियान' चलाया जा रहा है, जिसके लिए बड़े स्तर पर पैसे खर्च किए जा रहे हैं, बावजूद इसके रजौली नगर पंचायत प्रशासन सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नागरिकों ने सवाल उठाया कि 'स्वच्छता अभियान' के दौरान कुर्ते-पजामे वाले लोग हाथों में झाड़ू लेकर दर्जनों पोज में फोटो खिंचवाते हैं और इसे श्रमदान का नाम दिया जाता है।लेकिन आज जब रजौली की जनता गंदगी में है, क्या वे 'श्रमदान' के लिए आगे आकर साफ-सफाई में जुटेंगे। सफाईकर्मियों की मांग है कि त्यौहार से पूर्व जल्द से जल्द उन्हें उनके बकाया वेतन का भुगतान किया जाए, ताकि वे भी अपने परिवार के साथ खुशियां मना सकें। इस बाबत प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि सफाई के लिए चयनित एजेंसी से बातचीत जारी है। उन्होंने जल्द ही सफाई का काम शुरू किए जाने का आश्वासन भी दिया।

# नशे में ट्रक चालक ने टोल बूथ में मारी टक्कर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के करिगांव स्थित टोल प्लाजा पर सोमवार की सुबह एक नशे में धुत ट्रक चालक ने टोल बूथ में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बूथ में लगे एयर कंडीशनर और कंप्यूटर सहित कई उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद जब टोल कर्मियों ने चालक से नुकसान की भरपाई की मांग की, तो मामला मारपीट और गाली-गलौज तक पहुंच गया।

टोल प्लाजा के मैनेजर संदीप धनकड़ ने बताया कि बूथ संख्या-2 पर ट्रक पहुंचा, जिसका चालक शराब के नशे में था। उसने अनियंत्रित होकर सीधे बूथ में टक्कर मार दी, जिससे भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि जब टोल कर्मियों ने चालक से क्षति की भरपाई करने को कहा, तभी करिगांव के दो युवक बाइक पर सवार होकर आए और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। मैनेजर के अनुसार, इन दोनों युवकों का ट्रक या चालक से कोई संबंध नहीं था। उनकी पहचान करिगांव निवासी उमेश सिंह के पुत्र संटू सिंह और संजय सिंह के पुत्र सोनल कुमार सिंह के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि सोनल सिंह 10 दिन पहले भी टोल कर्मियों से झगड़ा कर चुका है, उस समय 112 नंबर पर पुलिस को बुलाया गया था। घटना के बाद दोनों आरोपी दोपहर में टोल ऑफिस पहुंचे और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद टोल प्लाजा प्रबंधन ने पूरे मामले की लिखित शिकायत थाना में दर्ज कराई। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि टोल प्लाजा पर हुई दुर्घटना और मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक पप्पू यादव (पिता छोटू यादव, निवासी नेमदारगंज) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे प्रकरण की अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party : जनता दल (यूनाइटेड)

Name of the Election : बिहार विधानसभा

Name of State/UT : बिहार

(1) Name of Constituency : 202, राजपुर (एससी)

Name of the candidate : संतोष कुमार निराला

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | Act 171(C), 171 (H) I.P.C 188 R.P Act |
| | b. | Case no. | इटाढ़ी, थाना कांड संख्या. 244/2020 |
| | c. | Name of the Court | अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी 4, बक्सर |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment under-gone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate.Selection shall be iwth reference to the qualifications, achievements and merit of the can-didate, and not mere winnability at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में विकास तथा जन उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। |
| 3. | Reasons as to why other individuals iwthout criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों की तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |
| | | | महासचिव प्रदेश जदयू द्वारा प्रकाशित |

# शेरघाटी से 15, इमामगंज से 7 और बाराचट्टी से 11 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

## दूसरे चरण में के शेरघाटी विधानसभा 226 से कुल 22 उम्मीदवारों ने किया नामांकन, इमामगंज से 16, बाराचट्टी से 16 ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**शेरघाटी।** विधानसभा क्षेत्र 226 में आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कुल 22 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया जिससे क्षेत्र में बहुकोणीय मुकाबले के आसार बन गए हैं। प्रमुख दलों के उम्मीदवारों के साथ-साथ कई निर्दलीय और छोटे दलों से भी उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। नामांकन के अंतिम दिन एनडीए की ओर से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उदय कुमार सिंह वही राजद की ओर से प्रमोद कुमार वर्मा एवं जनसुराज पार्टी से पवन किशोर ने नामांकन किया है।

इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी से शैलेश कुमार मिश्रा, आम आदमी पार्टी से मनोज कुमार, सोशलिस्ट पार्टी इंडिया से पिंटू कुमार तथा एआईएमआईएम से शाने अली खान भी चुनावी समर में कूद पड़े हैं। वही निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कुमार उर्फ कृष्णा यादव, संतोष कुमार गुप्ता, चंद्रदेव कुमार यादव, सरजू दास जी महाराज, शविना परवीन, नरेश कुमार, राजीव कुमार, सुरेन्द्र कुमार सुमन, सुनीता देवी, तथा मुकेश प्रसाद जैसे कई उम्मीदवार बिना किसी पार्टी के समर्थन के मैदान में हैं।

**अन्य दलों के उम्मीदवार भी तैयार**

वही छोटे दल स्वराज पार्टी लोकतांत्रिक से संतोष कुमार, मौलिक अधिकार पार्टी से करण राज, समाजवादी लोक परिषद से पंकज कुमार मिश्रा, न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी से गीता देवी तथा जनशक्ति जनता दल से मसीहज्जमा खान ने भी नामांकन दाखिल किया है। वहीं भारतीय लोक चेतना पार्टी से संतोष कुमार गुप्ता ने भी अपनी किस्मत आजमाई है। वही इमामगंज विधानसभा 227 से 16 उम्मीदवारों ने नामांकन कराया है जिसमें आनंद कुमार बहुजन समाज पार्टी, रिति केश भारती आम आदमी पार्टी, पार्वती देवी ऑल इंडिया मजलिश, मुकेश कुमार निर्दलीय, तपेश्वर पासवान निर्दलीय, रामवाली रिकियाशन निर्दलीय, ऋतु प्रिया राजद, तपेश्वर प्रसाद राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, महेश पत भुईया सोसलिस्ट पार्टी इंडिया, दीपा कुमारी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, कामख्या पासवान निर्दलीय, रामलगन भुईया निर्दलीय, बनारसी दास पीपुल्स पार्टी ऑफ डेमोक्रेटिक, वीगन पासवान न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी, अजित कुमार जन सूरज, टेंगर पासवान निर्दलीय, वही बाराचट्टी विधानसभा 228 से 16 प्रत्याशियों ने नामांकन दर्ज कराया है जिसमें बाराचट्टी- अर्जुन भुईया विकास वंचित इंसान पार्टी, ज्योति देवी हम, इंद्रदेव पासवान राष्ट्रीय जन संभावाना पार्टी, गणेश कुमार न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी, तन्नू श्री कुमारी राजद, शिवनाथ कुमार निराला राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पर्टी, राहुल कुमार निर्दलीय, रामचंद्र दास बहुजन समाज पार्टी, संजय मंडल सोसलिस्ट पार्टी इंडिया, दिलीप पासवान भारतीय लोक चेतना पार्टी, विनय पासवान निर्दलीय, चंद्रदेव पासवान सर्व समाज जनता पार्टी, रेखा देवी आम जनता पार्टी राष्ट्रीय, देवेंद्र प्रताप निर्दलीय, मनोज पासवान पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया

# महागठबंधन प्रत्याशी अजय दांगी ने टिकारी से किया नामांकन

## राजद जिला प्रधान महासचिव पर जताया गया भरोसा, समर्थकों में उमंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच/टिकारी।** महागठबंधन की ओर से टिकारी विधानसभा सीट से राजद के जिला प्रधान महासचिव अजय दांगी ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। इससे पहले देर रात उनके नाम की औपचारिक घोषणा की गई थी। पार्टी हाईकमान ने लंबे समय से संगठन में सक्रिय अजय दांगी पर भरोसा जताते हुए उन्हें टिकारी सीट से महागठबंधन प्रत्याशी घोषित किया था। नामांकन के दौरान अजय दांगी के साथ बड़ी संख्या में महागठबंधन समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कोंच - टिकारी सहित पूरे क्षेत्र में समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने उन्हें पार्टी का चुनाव चिन्ह प्रदान किया। नामांकन के बाद श्री दांगी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तथा पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे टिकारी की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। दांगी ने बताया कि इस चुनाव में विकास, शिक्षा, रोजगार और किसानों के हित जैसे मुदे उनके प्रमुख एजेंडे में रहेंगे। नामांकन से पूर्व उन्होंने अपने पिता से आशीर्वाद लिया। नामांकन के बाद क्षेत्र भ्रमण कर जनता से भी

# गया में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के परिसर में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय मुख्यालय (विशेष प्रचालन) गया के उप महानिरीक्षक मानवेंद्र के दिशानिर्देशन में किया गया जबकि इसकी अध्यक्षता 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के कमांडेंट मधुकर अमिताभ ने की। समारोह की शुरूआत में उप महानिरीक्षक मानवेंद्र ने बलकर्मियों को संबोधित करते हुए पुलिस स्मृति दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने 20 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में हुई उस वीरता की घटना का उल्लेख किया जब सीमा की रक्षा करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद उन्होंने एक सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक की अवधि में देशभर में शहीद हुए राज्य पुलिसकर्मियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की संख्या बताई। साथ ही सशस्त्र सीमा बल के छह शहीद बलकर्मियों के नाम भी पढ़े गए। सभी उपस्थित अधिकारियों और जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया और पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी अंजय रजक, द्वितीय कमान अधिकारी रविशंकर कुमार, क्षेत्रीय मुख्यालय (विशेष प्रचालन) गया और 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं बलकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण देशभक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत रहा।

# चंदौती पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप, एसएसपी से कार्रवाई की मांग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया जिले के चंदौती थाना क्षेत्र के कटारी हिल मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने थाना पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मंगलवार को ग्रामीणों ने एसएसपी आनंद कुमार से मिलकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि चंदौती थाने के दरोगा सौरभ कुमार और शंभू यादव अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों को निशाना बनाते हैं और रात में घरों में घुसकर गाली-गलौज तथा मारपीट करते हैं। मोहल्ले की सोनी देवी ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात पुलिसकर्मी उनके घर में घुसे और बेटे रोशन कुमार को जबरन उठा ले गए। विरोध करने पर उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। उनका आरोप है कि बाद में रोशन को 24 घंटे बाद बीच रास्ते में छोड़ दिया गया और उससे जबरदस्ती बयान दिलवाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती है। उन्होंने एसएसपी से संबंधित पुलिसकर्मियों को निलंबित करने और निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि उन्हें प्रताड़ना से राहत मिल सके।

# जल्द गिरफ्तार होंगे सौरभ के हत्यारे : एसएसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मुरली हिल बैरागी मोहल्ले में दीपावली की सुबह हुए सौरभ उर्फ स्वाब पासवान हत्याकांड के मामले में पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है। वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने मंगलवार को घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की अद्यतन समीक्षा की और विशेष जांच दल को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएसपी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल और आसपास के इलाकों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर घटना की परिस्थितियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मामले के सफल उद्भेदन के लिए गठित विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही है और आसूचना संकलन की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही दोषी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सोमवार सुबह दीपावली के दिन अज्ञात हमलावरों ने सौरभ पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक भाजपा के वरिष्ठ नेता और अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी उपेंद्र पासवान का पुत्र था। उपेंद्र पासवान पूर्व में गया नगर निगम के मेयर पद के प्रत्याशी रह चुके हैं और हाल ही में अपने फेसबुक पेज पर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में बोधगया (सु.) सीट से चुनाव लड़ने की दावेदारी पेश की थी। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। पुलिस प्रशासन पूरे मामले की बारीकी से जांच में जुटा हुआ है।

# 26 वां क्षेत्रीय गौ संवर्धन समारोह दौलता में कल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्रीय गौ-संवर्धन समारोह समिति की ओर से से 26वां क्षेत्रीय गौ-संवर्धन समारोह आगामी 23 अक्टूबर (गुरुवार) को दौलता स्थित गोवर्धन स्थल पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। आयोजन का उद्देश्य गौ-संवर्धन और किसानों में गोपालन के प्रति जागरूकता फैलाना है। दिनभर चलने वाले कार्यक्रम की शुरूआत गोवर्द्धन पर्व एवं गौ पूजन से होगी। इसके बाद जन-जागरूकता रैली निकाली जाएगी। मुख्य आकर्षण के रूप में 'किसान एवं गोपालकों की सुरक्षा हेतु क्या करें' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त कुश्ती एवं अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा। शाम में प्रसिद्ध कलाकार मनीष हलचल (सिवान) एवं जितेंद्र जहरीला (जहानाबाद) के बीच दुगोला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। समिति ने सदस्य सह जिला पार्षद प्रतिनिधि अशोक यादव ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में भाग लेकर गौ-संवर्धन के इस महापर्व को सफल बनाने की अपील की है।

# पत्नी लापता, गुमशुदगी का मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के गरारी गांव निवासी आबिद हुसैन ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनकी पत्नी मुसर्रत परवीन 15 अक्टूबर की दोपहर घर से अचानक लापता हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आबिद हुसैन ने बताया कि उनकी शादी अरवल जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र के रोजेपुर गांव की मुसर्रत परवीन से 19 अप्रैल 2025 को हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद वह रोजगार के सिलसिले में दिल्ली चले गए थे जिसके बाद उनकी पत्नी मायके चली गई थी। आवेदक के अनुसार 10 अक्टूबर को उनके पिता पत्नी को मायके से घर लाए थे। इस दौरान उनकी मां ने पत्नी को किसी अज्ञात व्यक्ति से मोबाइल पर बात करते देखा और डांटते हुए मोबाइल छीन लिया। 14 अक्टूबर को आबिद दिल्ली से घर लौटे और पत्नी से पूछताछ की, लेकिन उन्होंने बात करने से इनकार किया। अगले दिन 15 अक्टूबर की दोपहर लगभग दो बजे पत्नी अचानक घर से लापता हो गई। आबिद ने बताया कि पत्नी के मोबाइल में तीन अज्ञात नंबरों से बातचीत दर्ज मिली है। उन्हें शक है कि उनकी पत्नी शादी की नीयत से किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ चली गई है।

# टिकारी विधानसभा क्षेत्र से 13 एवं गुरुआ से 11 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को टिकारी विधानसभा से तेरह उम्मीदवार व गुरुआ विधानसभा से ग्यारह उम्मीदवार ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। अंतिम दिन अनुमण्डल कार्यालय के समीप नामांकन कराने आये उम्मीदवार के साथ समर्थकों की भारी भीड़ पूरे दिन जुटी रही। तय अवधि तीन बजे तक नामांकन कक्ष पहुंचे अभ्यर्थियों को टोकन देकर नामांकन दाखिल कराया गया। टिकारी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार का नामांकन निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम प्रवीण कुंदन व गुरुआ विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार का नामांकन निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर अमेत विक्रम बैनामी ने प्राप्त किया। नामांकन को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। नामांकन के अंतिम दिन दोनों विधानसभा के प्रेक्षक ने भी नामांकन का जायजा लिया।

**टिकारी विधानसभा-** अजय कुमार- राजद, उदय पासवान- बसपा, अंकित कुमार- राकांपा, वीरेंद्र कुमार- राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी, शक्तिमान स्तुत्य- वोकल इंडिया पार्टी, सत्यानंद कुमार- जागरूक जनता पार्टी, जितेंद्र मिश्रा- प्रबल भारत पार्टी, संजय कुमार- पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, भोला पासवान- लोक शक्ति पार्टी, सुबोध कुमार सिंह- निर्दलीय, ह्रदय नारायण सिंह- निर्दलीय, मुन्ना कुमार- निर्दलीय, मनोज कुमार भारती- निर्दलीय।

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 87 - Jale

Name of the Candidate:- Sri Jivesh Kumar

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/s 147, 148, 149, 452, 341, 342, 323, 337, 338 | 126(2), 115(2), 324(4), 303(2), 352, 351(2) & 3(5) of BNS | U/s 17(A), 18(A) of Drug & Cosmetic Act 1940 | 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338, 353 IPC | U/s 16(1)(a), 17(b)(d), 17(c), 17A, 18(a)(1), 18(a)(vi) & 27(b)(1), 27(c), 27(d) Drug and Cosmetic Act 1940 | u/s 18(a)(1)(iv), 18(b), 18(c), 16(1)a, 17(A)(F), 18(B), 27(b)(1), 27(d)228A Drug & Cosmetic Act 1940 |
| | b | Case no. | Singhwada P.S. Case No. 165/16 | Singhwada P.S. Case No. 251/25 | Case no. 242/2018 | Kotwali P.S. Case no. 516/23 | Case no. 31/ 2015 | Case no. 96/2012 |
| | c | Name of the Court | A.C.J.M.- 7 Darbhanga | A.C.J.M.- 7 Darbhanga | A.C.J.M.- 02, Jaipur, Rajasthan | CJM, Patna | Session Judge, Bihilwara, Rajasthan | CJM, Rajsamand (Rajasthan) |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No | No | No | No | No | Yes |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | 04.06.2025 |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Rs. 7000/= अभियोजन व्यय परंतु अपराधी परिवीक्षा अधिनियम की धारा 4 का लाभ |
| | g | Any other information required to be given | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Appeal no. 75/2025 filed against order of punishment before Session Judge, Rajsamand (Rajasthan), Order dt. 04.06.2025 stayed vide order dt. 30.06.2025. |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is a well-known social worker having very good reputation in the society. He had performed extremely well as the MLA and also as the minister in the Government of Bihar. He is one of the most popular leader in the area having grass root level reach and also reach to the heart of the people. | | | | | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | In view of his selfless work for the society, the party has preferred him as its candidate. | | | | | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

संपादकीय

## ग्रीन हाइड्रोजन: उम्मीद की रोशनी या हरे ईंधन का छलावा?

दुनिया जिस तीव्रता से जलवायु संकट की ओर बढ़ रही है, उसके बीच 'ग्रीन हाइड्रोजन' को एक ऐसे ईंधन के रूप में देखा गया जो भविष्य की ऊर्जा-व्यवस्था को नया स्वरूप दे सकता है - ऐसा स्रोत जो न तो प्रदूषण फैलाता है, न ही सीमित भंडारों पर निर्भर है. लेकिन जैसे-जैसे योजनाएं धरातल पर आईं, यह सपना कठिन और महंगा साबित होने लगा. जो हाइड्रोजन पर्यावरण को बचाने का प्रतीक माना जा रहा था, वही अब तकनीकी जटिलताओं, भारी लागत और अनिश्चित नीतियों के बोझ तले हांफता दिख रहा है. पिछले कुछ वर्षों में यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका में ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर जिस उत्साह की लहर उठी थी, वह अब थोड़ी ठंडी पड़ गई है. कई दिग्गज कंपनियां अपने प्रस्तावित प्रोजेक्टों से पीछे हटने लगी हैं. रायटर्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि ब्रिटिश पेट्रोलियम ने ऑस्ट्रेलिया की 55 अरब डॉलर की विशाल परियोजना को रोक दिया, फोर्टेस्क्यू मेटल्स ग्रुप ने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में अपने प्रयोग स्थगित कर दिए, और शेल जैसी ऊर्जा कंपनियां निवेश घटाने लगीं. इसका सबसे बड़ा कारण यही बताया गया कि उत्पादन लागत अभी भी बाजार के अनुकूल नहीं है. ग्रीन हाइड्रोजन का सबसे बड़ा अवरोध इसकी लागत है. एक किलो ग्रीन हाइड्रोजन तैयार करने की कीमत 3.5 से 6 डॉलर के बीच आती है, जबकि परंपरागत ग्रे हाइड्रोजन केवल डेढ़ डॉलर प्रति किलो में उपलब्ध है. यही आर्थिक अंतर इसके विस्तार की राह में सबसे बड़ी रुकावट बना हुआ है. ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की प्रक्रिया सुनने में जितनी वैज्ञानिक लगती है, व्यवहार में उतनी ही जटिल है. इसमें पानी को इलेक्ट्रोलाइसिस द्वारा हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित किया जाता है, और इस प्रक्रिया के लिए भारी मात्रा में बिजली चाहिए. यदि यह बिजली सौर या पवन स्रोतों से न मिले तो पूरा उद्देश्य ही अधूरा रह जाता है. इसके अलावा, प्रत्येक किलो हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए दस से तीस लीटर तक स्वच्छ जल चाहिए, जो जल-संकट झेल रहे देशों के लिए नई चुनौती है. तैयार हाइड्रोजन का भंडारण और परिवहन भी आसान नहीं, क्योंकि यह अत्यंत हल्की और ज्वलनशील गैस है, जिसे ऊंचे दबाव या अत्यधिक ठंडे तापमान पर सुरक्षित रखना पड़ता है. इन तमाम अड़चनों के बावजूद ग्रीन हाइड्रोजन का भविष्य पूरी तरह अंधकारमय नहीं है. ग्लोबल न्यूज वायर की रिपोर्ट बताती है कि 2030 तक उत्पादन लागत में 60-80% तक की कमी संभव है. यदि यह घटकर 1-2 डॉलर प्रति किलोग्राम तक पहुंचती है तो यह बाजार में जीवाश्म ईंधनों से प्रतिस्पर्धा कर सकेगी. भारत के लिए यह चुनौती ही नहीं, अवसर भी है. यदि ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन बढ़े तो इससे न केवल ऊर्जा-आयात पर निर्भरता घटेगी बल्कि औद्योगिक क्षेत्र को भी नई गति मिलेगी. इसी लक्ष्य के तहत भारत सरकार ने 2023 में 'राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन' की शुरुआत की. इस योजना का उद्देश्य 2030 तक पांच मिलियन टन वार्षिक उत्पादन हासिल करना और भारत को इस क्षेत्र का वैश्विक केंद्र बनाना है. देश में इस दिशा में शुरुआती प्रयोग शुरू हो चुके हैं. लेह में एनटीपीसी ने विश्व की सबसे ऊंचाई पर हाइड्रोजन बसें चलाकर इतिहास रचा है. दिल्ली और फरीदाबाद में हाइड्रोजन बसों का ट्रायल सफल रहा है. चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में बनी हाइड्रोजन ट्रेन ने अपनी पहली परीक्षण यात्रा पूरी की है. आंध्र प्रदेश में शुरू होने वाली 35 हजार करोड़ रु. की परियोजना देश की सबसे बड़ी ग्रीन हाइड्रोजन इकाई होगी, जहां पूरी प्रक्रिया सौर और पवन ऊर्जा से संचालित होगी. ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर वैश्विक परिदृश्य फिलहाल विरोधाभासी है. एक ओर विकसित देश निवेश घटा रहे हैं, दूसरी ओर विकासशील देश - विशेषकर भारत - इसे अवसर के रूप में देख रहे हैं. फिर भी, कुछ बुनियादी सावधानियां बरतना अनिवार्य है. जल उपयोग पर सख्त निगरानी होनी चाहिए, ताकि हाइड्रोजन उत्पादन नए पर्यावरण संकट का कारण न बने. सुरक्षा मानकों का पालन सर्वोपरि हो, क्योंकि एक दुर्घटना पूरे क्षेत्र की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकती है. साथ ही, इलेक्ट्रोलाइजर जैसे उपकरणों का स्वदेशी निर्माण बढ़ाया जाए, ताकि तकनीकी निर्भरता कम हो और लागत नियंत्रित रहे.

# भारत का बड़ा घरेलू बाजार उसकी आंतरिक ताकत

**भारतीय पूंजी बाजार ने पिछले एक वर्ष में पांच फीसद के आसपास का ही मुनाफा दिया जैसा कि बीएसई सूचकांक और निफ्टी में बीते वर्ष में दर्ज हुआ है। एक विमर्श यह भी है कि पूंजी बाजार में वित्तीय निवेश भारतीय बैंकों की तुलना में अधिक जोखिम भरा है क्योंकि इससे हमेशा अनिश्चितता रहती है। एक बात और अधिक ताज्जुब करने वाली है कि भारतीय कंपनियों का वित्तीय निवेश विदेश में तेजी से बढ़ रहा है। एक रपट के मुताबिक वर्ष 2024-25 में कंपनियों का विदेशी निवेश 40 फीसद बढ़ कर 36 अरब डालर तक पहुंच गया। एक पक्ष**

**यह भी अहम है कि जीएसटी दरों में हुई कमी से उत्पादों के विक्रय मूल्य जरूर कम हुए हैं, लेकिन क्या संबंधित निर्माताओं ने अपने मुनाफे को कम किया है? बहरहाल, एक संतोषजनक बात देखने को मिली है कि भारत के दूसरे सबसे बड़े बैंक एसबीआइ ने भारतीय अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ एमएसएमई के लिए वित्तीय ऋण को अब डिजिटल माध्यम से शुरू कर दिया है और इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को आवेदन करने के 45 मिनट के भीतर ऋण की मंजूरी मिल रही है।**

पीएस वोहरा

अमेरिका की ओर से थोपे गए शुल्क से अब तक अनिश्चितता बनी हुई है। फिर भी बीते कुछ दिनों में देश के घरेलू बाजार में विभिन्न उत्पादों की खपत में हुई बढ़ोतरी से यह बात जरूर साफ हुई है कि भारत घरेलू मोर्चे पर वैश्विक अस्थिरता के दबाव को सहने में सक्षम हो गया है। वर्ष 2017 से चली आ रही जीएसटी की दरों में कमी के कारण यह उम्मीद बनी है कि इससे अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। इन दरों में कमी की जब घोषणा की गई, तो सभी ने यही समझा कि पहले की दरें वास्तव में अधिक थीं और अब इनमें कमी से आम आदमी को जरूर राहत मिलेगी। दिवाली का त्योहार अधिक से अधिक खरीदारी के लिए जाना जाता है।



इस बार भी खरीदारी को लेकर जोश दिख रहा है। जब जीएसटी दरों में सरकार ने कमी की, तो इसे देश की अर्थव्यवस्था के आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलने की बात कही गई। इस पर वैश्विक चर्चा हर भारतीय को संतोष देगी। मगर इसका विश्लेषण कई सवाल भी खड़े करता है। इस बात की भी सुगबुगाहट है कि सरकार आर्थिक नीतियों में सुधार मात्र सतही स्तर पर ही कर रही है। बुनियादी परिवर्तन अभी भी नहीं हुआ है। यह भी विचारणीय है कि आर्थिक नीतियों में सतही सुधारों से अल्पकालीन फायदे ही होने हैं। डेढ़ सौ करोड़ की जनसंख्या वाले देश में, जिसकी आधी से ज्यादा आबादी गरीब है, क्या यह उसके लिए ठीक है?

संतोष इस बात का भी है कि जब घरेलू बाजार में खपत इतनी बढ़ रही है, तो इसका प्रत्यक्ष फायदा भारत को मिलेगा। इसके अलावा जीएसटी दरों में कमी के बाद से स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी बढ़ाने का लक्ष्य भी प्रमुखता से दिख रहा है। मगर क्या आर्थिक नीतियों में इस बात पर भी जोर है कि स्वदेशी सामानों को वैश्विक स्तर की गुणवत्ता के साथ घरेलू बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा? अभी तक इस पक्ष पर चुप्पी छाई है। विश्व की एक बड़ी मोबाइल कंपनी का नया उत्पाद बीते दिनों भारतीय बाजार में बड़ी मांग के साथ चर्चा में रहा।

यह भी एक परिदृश्य है। लिहाजा इस बात को अब एक नए सिरे से समझने की आवश्यकता है कि अमेरिका के थोपे गए शुल्क से भारतीय निर्यात को तो घाटा हो रहा है, लेकिन विदेशी उत्पादों की घरेलू बाजार में अत्यधिक पकड़ क्या आत्मनिर्भर भारत बनने के संकल्प के लिए एक चुनौती नहीं है? इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। क्योंकि भारतीय बाजार में विदेशी उत्पाद के दबदबे को कम किए बिना तस्वीर नहीं बदलेगी।

यह सोचना भी गलत होगा कि जीएसटी दरों में हुई कमी से इस समय केवल भारतीय बाजार को ही मुनाफा मिल रहा है। बाजार में तो अरसे से विदेशी उत्पादों की गहरी पकड़ है। इनमें इलेक्ट्रानिक सामान, वाहन और घरेलू साज-सज्जा इत्यादि का वर्चस्व अधिक है। इसलिए यह प्रश्न भी सामने है कि दरों में हुई कटौती से जहां एक तरफ सरकार ने अपने राजस्व में बहुत बड़ी कमी की है, तो इससे क्या आने वाले वित्तीय बजट में पूंजीगत व्यय पर प्रभाव नहीं पड़ेगा? वैश्विक स्तर पर भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था है। लगभग चार ट्रिलियन डालर की हैसियत रखते हुए वह अपने कदम आगे की ओर बढ़ा रहा है। इस बात से विकसित देशों को डर है। क्योंकि भारत का बहुत बड़ा घरेलू बाजार उसकी आंतरिक ताकत है, जिसे विश्व के सभी विकसित देश अपनी पहुंच में रखना चाहते हैं।

इन सब के बीच अगर भारत आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य को स्वदेशी उत्पादों की खपत से मजबूती के साथ आगे ले जाने में सक्षम हो जाता है, तो सभी विकसित देशों के इरादे पर यह एक तीखा प्रहार होगा। सरकार इस उद्देश्य की तरफ बढ़ती दिख भी रही है। चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के परिणाम इस बात की पुष्टि भी करते हैं। अप्रैल से जून की तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.8 फीसद रही, जो पिछले वर्ष की पहली तिमाही से एक फीसद से अधिक थी। इसी कारण भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक वृद्धि दर बढ़ा कर 6.8 फीसद कर दी है। स्पष्ट है कि सरकार की आर्थिक नीतियों और केंद्रीय बैंक में बेहतर समन्वय है।

इन सब के बीच भारत की आर्थिक तरक्की में कुछ बाधाएं भी हैं। इनमें सबसे मुख्य निजी निवेश में बढ़ोतरी न होना है। हालांकि, सरकार ने केंद्रीय बजट में लगातार पूंजी निवेश को अपने स्तर पर बढ़ा कर उन्हें प्रोत्साहित करने का हर संभव प्रयास किया है। ऐसी दशा में क्या आर्थिक प्रगति और वार्षिक स्थिरता घरेलू बाजार की खपत के माध्यम से ही निर्देशित करना उचित है? क्या यह समझना नहीं होगा कि घरेलू बचत को बढ़ाना भी एक मुख्य लक्ष्य होना चाहिए था, जो हाल के दिनों में जीएसटी में कटौती से हुई बचत के बाद त्योहारी खर्च में बदल गई। हालांकि इससे मुनाफा अंततः किसी और को ही हो रहा है। एक रपट के मुताबिक वर्तमान में भारत में शुद्ध घरेलू बचत लगभग पांच फीसद के आसपास ही है। विडंबना यह भी है कि आज भारतीय निवेशक के पास घरेलू बाजार में विकल्प लगातार कम होते जा रहे हैं। बैंक दरों में लगातार कटौती हो रही है। आर्थिक नीतियों का प्रत्यक्ष इशारा घरेलू बचत के लिए पूंजी बाजार के विकल्प की ओर है।

भारतीय पूंजी बाजार ने पिछले एक वर्ष में पांच फीसद के आसपास का ही मुनाफा दिया जैसा कि बीएसई सूचकांक और निफ्टी में बीते वर्ष में दर्ज हुआ है। एक विमर्श यह भी है कि पूंजी बाजार में वित्तीय निवेश भारतीय बैंकों की तुलना में अधिक जोखिम भरा है क्योंकि इससे हमेशा अनिश्चितता रहती है। एक बात और अधिक ताज्जुब करने वाली है कि भारतीय कंपनियों का वित्तीय निवेश विदेश में तेजी से बढ़ रहा है। एक रपट के मुताबिक वर्ष 2024-25 में कंपनियों का विदेशी निवेश 40 फीसद बढ़ कर 36 अरब डालर तक पहुंच गया।

एक पक्ष यह भी अहम है कि जीएसटी दरों में हुई कमी से उत्पादों के विक्रय मूल्य जरूर कम हुए हैं, लेकिन क्या संबंधित निर्माताओं ने अपने मुनाफे को कम किया है? बहरहाल, एक संतोषजनक बात देखने को मिली है कि भारत के दूसरे सबसे बड़े बैंक एसबीआइ ने भारतीय अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ एमएसएमई के लिए वित्तीय ऋण को अब डिजिटल माध्यम से शुरू कर दिया है और इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को आवेदन करने के 45 मिनट के भीतर ऋण की मंजूरी मिल रही है। बैंक इस संदर्भ में आयकर रिटर्न, जीएसटी रिटर्न और बैंक विवरण जैसे प्रामाणिक आंकड़ों को आनलाइन मंच से ही मूल्यांकन कर इसे आगे बढ़ा रहे हैं। अगस्त 2025 में एसबीआइ ने ऐसे 2,25000 उद्यमों को वित्तीय सुविधा दी। निश्चित तौर पर इससे इन उद्यमों की वित्तीय तरलता बढ़ेगी और ये भारत के उत्पादन क्षेत्र के लिए अच्छी खुशखबरी भी है।

अध्यात्म

## बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा।

कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहा- भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है।

कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए।

असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके दुःख का कोई ठिकाना न रहा और पल भर में ही उसका सारा संसार उजड़ गया। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई।

राजा बहुत दयालु इंसान था। राजा ने तुरंत अपने सैनिकों को उस शिकारी को पकड़कर लाने का आदेश दिया। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया और उससे कहा कि- तुम जो भी सजा इस शिकारी को देना चाहो दे सकती हो। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा कि- हे राजन, मेरा जीवन साथी तो इस दुनिया से चला गया जो फिर कभी भी लौटकर नहीं आएगा, इसलिए मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

इसलिए अपने आसपास अच्छे व्यक्ति बनने का ढोंग करने वाले बहरूपियों से हमेशा सावधान रहें। सतर्क रहें और अपना बहुत ध्यान रखें।

# योग का उद्देश्य केवल शरीर की चपलता या सांस की लय नहीं

**पसंद-नापसंद से मुक्त होकर जीना आसान नहीं, पर असंभव भी नहीं। यह एक साधना है, अपने भीतर झांकने की, अपनी प्रतिक्रियाओं की दिशा को देखने की, और समय-समय पर अपने ही मन को चुनौती देने की। यह वही मार्ग है, जहां मानवता को अपना असली अर्थ मिला है। इसलिए आवश्यकता इस बात की नहीं है कि हम अपने मन की करें, बल्कि इस बात की है कि हमारा मन इतना परिष्कृत हो, इतना साक्षीभाव से भरा हो कि वह स्वयं यह समझ सके कि किस परिस्थिति में क्या करना उचित है। तभी हम सच्चे अर्थों में स्वतंत्र होंगे। वरना हमारी पसंद ही हमारी पराधीनता का दूसरा नाम बन जाती है। स्वतंत्र वह नहीं जो अपनी पसंद का हो, स्वतंत्र वह है जो अपने भीतर से मुक्त हो।**

मोनिका राज

मनुष्य का जीवन केवल क्रिया-प्रतिक्रियाओं की श्रृंखला नहीं है, बल्कि यह एक चेतन अवधान का विस्तार है। पर आज के समय में हम देखते हैं कि जीवन के अधिकतर निर्णय पसंद और नापसंद के खांचों में ढाले जाते हैं। लोग बड़े गर्व से कहते हैं कि 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करूंगा या मुझे वह नापसंद है, इसलिए उससे दूर रहूंगा।' इस अभिव्यक्ति के पीछे जो भाव छिपा है, वह स्वतंत्रता का भ्रम है। पर क्या यह सचमुच स्वतंत्रता है? क्या यह सच में हमारी चेतन प्रवृत्ति का प्रतीक है? नहीं, यह तो कहीं अधिक गहरी मानसिक बेड़ियों की जकड़न है- अदृश्य, किंतु कठोर।

हम यह मान बैठे हैं कि जिसे मैं पसंद करता हूं, वही सही है और जिसे नापसंद करता हूं, वह त्याज्य है। इस द्वैत ने हमारे सामाजिक और पारिवारिक जीवन में इतनी गहरी पैठ बना ली है कि आज लगभग हर संघर्ष, हर मनमुटाव, हर युद्ध का मूल कारण व्यक्ति विशेष की पसंद-नापसंद ही बन गई है। घर की दीवारों से लेकर राष्ट्र की सीमाओं तक, धर्म की परिधियों से लेकर विचारधाराओं के संघर्षों तक, हर स्थान पर यह द्वंद्व व्याप्त है। विडंबना यह है कि हम इसे स्वाभाविक मान बैठे हैं।

पसंद-नापसंद की यह प्रवृत्ति उस सोच का हिस्सा है, जो सीमित है, पूर्वाग्रहों से ग्रस्त है और दूसरों की अपेक्षाओं या अपनी आदतों के अधीन चलती है। जब हमारा मस्तिष्क एक सीमित परिधि में बंद होता है, तब हमारी दृष्टि स्पष्ट नहीं रहती। हम वही देखते हैं, जो हमारी इच्छा देखना चाहती है, हम वही सुनते हैं, जो हमारे मानस को भाता है। ऐसे में जो आवश्यक है, वह हमारे ध्यान से ओझल हो जाता है।

अक्सर हम यह कहते हैं कि 'मैं स्वतंत्र हूं, इसलिए मैं अपने मन की करूंगा', तो यह वास्तव में स्वाधीनता नहीं है। मन को हमने इतना अधिक तूल दे दिया है कि अब वह हमारे विवेक का स्थान लेने लगा है। हम किसी वस्तु, विचार या व्यक्ति को केवल इसलिए स्वीकार करते हैं कि वह हमें अच्छा लगता है, और किसी को नकारते हैं, क्योंकि वह हमारी पसंद के अनुसार नहीं है। मगर चेतना वहां प्रकट होती है, जहां व्यक्ति यह समझ पाता है कि किसी परिस्थिति में 'क्या आवश्यक है', न कि केवल 'क्या मुझे अच्छा लगता है।'

इस मानसिक स्थिति का सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह है कि हम अपने भीतर एक सतत टकराव की स्थिति में रहने लगते हैं। हमें जीवन से शिकायतें होती हैं, लोग अच्छे नहीं, समाज गिरा हुआ, रिश्ते बेमानी, धर्म बंटे हुए, राजनीति भ्रष्ट, लेकिन हम यह नहीं देख पाते कि इन सबके मूल में हमारी अधूरी चेतना और सीमित सोच ही है। जब हम केवल अपनी पसंद के दायरे में जीते हैं, तो हमारी दृष्टि व्यापक नहीं रह जाती। फिर जो हमारे दायरे में नहीं आता, वह हमें या तो शत्रु प्रतीत होता है या उपेक्षणीय। यहीं से शुरू होता है झगड़ों का सिलसिला- घर में, समाज में, और अंततः अंतरात्मा में।



भारतीय योग परंपरा ने इस भीतर की पराधीनता को बहुत गहराई से देखा है। योग का उद्देश्य केवल शरीर की चपलता या सांस की लय नहीं है, बल्कि चेतना की वह ऊर्ध्व यात्रा है, जो व्यक्ति को अपने भीतर की ग्रंथियों से मुक्त करती है। योग कहता है कि जब तक हम अपनी चेतना के तल पर जागरूक नहीं होंगे, तब तक हम सच्ची स्वतंत्रता का अनुभव नहीं कर सकते, क्योंकि जो व्यक्ति भीतरी पराधीनता से मुक्त नहीं है, वह बाहरी आजादी का मूल्य ही नहीं समझ सकता। उसे स्वतंत्रता केवल एक व्यक्तिगत अधिकार लगती है, जबकि सच्चे अर्थों में स्वतंत्रता वह अवस्था है, जहां व्यक्ति अपनी प्रतिक्रियाओं से मुक्त होकर पूर्ण विवेक के साथ निर्णय लेता है। जहां वह परिस्थिति को उसके संपूर्ण परिप्रेक्ष्य में देख सकता है, न कि केवल अपनी रुचि और अरुचि की झील में डूबते-उतराते हुए। पसंद और नापसंद की होड़ से बाहर निकलने के लिए हमें यह स्वीकार करना होगा कि हम अब तक अपने ही बनाए हुए मानसिक जाल में उलझे रहे हैं। एक सजग और संवेदनशील व्यक्ति ही यह देख सकता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है, क्या उचित है और क्या अनावश्यक। वह अपनी पसंद को तब भी स्थगित कर सकता है, जब परिस्थिति किसी अन्य दिशा की मांग कर रही हो। जागरूकता वह दृष्टि देती है, जिससे हम न केवल वस्तुओं को, बल्कि अपने मन की गति को भी देख सकते हैं। यह वह दर्पण है, जिसमें हमारी प्रतिक्रियाओं की छाया स्पष्ट होती है। यह वह ध्वनि है, जो हमारे अंतर से कहती है, 'जो पसंद है, वह जरूरी नहीं कि सही हो; और जो नापसंद है, वह अनावश्यक नहीं।'

जीवन की गति जब मात्र इच्छाओं की पूर्ति और नापसंद से बचाव में बीत जाती है, तब उसका सौंदर्य लुप्त हो जाता है। मगर जब हम अपनी चेतना को इतना विकसित कर लेते हैं कि हम परिस्थिति को उसके व्यापक स्वरूप में देख सकें, तब जीवन एक कला बन जाता है- विवेक, संतुलन, करुणा और न्याय की।

पसंद-नापसंद से मुक्त होकर जीना आसान नहीं, पर असंभव भी नहीं। यह एक साधना है, अपने भीतर झांकने की, अपनी प्रतिक्रियाओं की दिशा को देखने की, और समय-समय पर अपने ही मन को चुनौती देने की। यह वही मार्ग है, जहां मानवता को अपना असली अर्थ मिला है। इसलिए आवश्यकता इस बात की नहीं है कि हम अपने मन की करें, बल्कि इस बात की है कि हमारा मन इतना परिष्कृत हो, इतना साक्षीभाव से भरा हो कि वह स्वयं यह समझ सके कि किस परिस्थिति में क्या करना उचित है। तभी हम सच्चे अर्थों में स्वतंत्र होंगे। वरना हमारी पसंद ही हमारी पराधीनता का दूसरा नाम बन जाती है। स्वतंत्र वह नहीं जो अपनी पसंद का हो, स्वतंत्र वह है जो अपने भीतर से मुक्त हो।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी प्रतिष्ठा पर आँच आ सकती है। बच्चों पर अपनी मर्जी और इच्छाओं को न थोपें। विरोधियों के निशाने में आ सकते हैं।

**वृषभ**
दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या कर सकते हैं। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा।

**मिथुन**
दाम्पत्य जीवन में सामंजस्य बेहतरीन रहेगा। मीडिया से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

**कर्क**
पैतृक सम्पति के मामले सुलझने की सम्भावना हैं। आपके काम की गति कुछ धीमी रहेगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपका सहयोग कर सकते हैं।

**सिंह**
आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो आज आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। जीवनसाथी से उपहार मिल सकता है।

**कन्या**
आज स्वजन ही आपका विरोध कर सकते हैं। दाम्पत्य सम्बन्धों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती हैं।

**तुला**
आपकी मानसिक मजबूत रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जायेंगे। अधिक सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें। कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में मनोनुकूल स्थानान्तरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है। आज आप कुछ नया आरम्भ करने का प्रयास करेंगे।

**धनु**
आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। छात्रों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिये गये निर्णयों से लाभ मिलेगा।

**मकर**
इसीलिये आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिये। बजट की कमी के कारण आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे। किसी सहयोगी व्यक्ति से विश्वासघात हो सकता है।

**कुंभ**
परिवार में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू करने के लिये दिन सुखद है। घर में साज-सजावट शुरू करेंगे। आय के नये स्रोत विकसित होंगे।

**मीन**
आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। मित्रों की सलाह आज आपके काम आयेगी। शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### काली व लक्ष्मी पूजा से भक्तिमय बना क्षेत्र

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के बड़ी चौराहा स्थित सरस्वती सदन पुस्तकालय परिसर में सोमवार की सुबह पूजा-अर्चना के उपरांत मां काली का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया।सुबह पट खुला तो श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मां काली के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भक्ति और उत्साह के साथ मां काली की आरती, ज्योत एवं विशेष पूजा में भाग लिया।पूरा परिसर में ङ्गजय मां कालीङ्घ के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्री श्री काली पूजा समिति नवयुवक संघ सरस्वती सदन पुस्तकालय मनेर (बड़ी चौराहा) साकेत जायसवाल, रविकांत,संजय,रितेश, प्रखर, अभिजीत, विवेक, आयुष, पीयूष, विशाल, शुभम ने बताया कि इस बार भी दो दिवसीय काली पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखा जा रहा है।वही गणेश एवं लक्ष्मी माता की प्रतिमा कई जगह पर आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। ।



### अपार्टमेंट परिसर से चोरी हुई फॉर्च्यूनर गाडी बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले 19 अक्टूबर की रात थाने के मंगलम मोड स्थित अपार्टमेंट से हुई निर्दलीय प्रत्याशी शैलेश कुमार धीरज की हुई फॉर्च्यूनर गाडी को पुलिस बाईपास से बरामद किया है. एक चोर को भी गिरफ्तार किया है. थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि पिछले दिनों हुई मंगलम मोड स्थित अपार्टमेंट से हुई निर्दलीय प्रत्याशी शैलेश कुमार की फॉर्च्यूनर गाडी को बरामद कर लिया गया है. चोर को गिरफ्तार कर लिया गया है.

### सगुना मोड़ बड़ा नाला में गिरने से गार्ड की मौत

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को थाना क्षेत्र के सगुना मोड स्थित बडा नाला से एक वृद्ध का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई है. मृतक का पहचान थाने के चित्रकूट नगर निवासी योगेंद्र श्रीवास्तव के रूप में किया है. मृतक गार्ड का काम करता था. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है. मौत की सूचना परिजनों चित्कार कर उठे. थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि सगुना मोड स्थित बडा नाला में गिरने कर डूबने से योगेंद्र की मौत हो गई है. मामले की छानबीन किया जा रहा है और आसपाास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है.

### चोरी के मामले में चार गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर पुलिस ने पिछले 2 अक्टूबर को हुई चोरी मामले में खुलासा करते हुए दो चोर व दो जेवरात खरीदने वालों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार विकास कुमार व विक्की कुमार शादीपुर रूपसपुर निवासी व राहुल सोनी व आलोक राज धनौत रूपसपुर निवासी है. सिटीएसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले 2 अक्टूबर को थाने के नवनीत बिहार कॉलोनी निवासी रोशन कुमार सिन्हा के घर से चोरों ने सोने के जेवरात समेत नगद रुपए चोरी कर लिया था. इस संबंध में रोशन कुमार सिन्हा ने 3 अक्टूबर को स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया था. इसी मामले में थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह व उनके टीम ने तकनीकी सहयोग व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रूपसपुर के धनौत निवासी विकास कुमार व विक्की कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो चोरी करने की बात स्वीकार किया. गिरफ्तार विकास व विक्की ने बताया कि चोरी के जेवरात राहुल सोनी व आलोक राज से बेच दिया था. पुलिस टीम ने छापेमारी कर आलोक राज व राहुल सोनी को गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो जेवरात खरीदने की बात स्वीकार किया है. गिरफ्तार विकास, विक्की , राहुल व आलोक से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### शांतिपूर्ण तरीके से मनी दीपावली

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लक्ष्मी पूजा व दीपावली मनेर नगर और ग्रामीण इलाकों में शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई। लोगों ने लक्ष्मी पूजा के अवसर पर अपने दुकानों प्रतिष्ठानों कल कारखाने सहित घरों में मनाया। लोगों ने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा अर्चना की। इस दौरान बच्चों और लोगों दीपो का पर्व दीपावली के अवसर पर रंग बिरंगी लाइटों और दीपों से पूरे घर और दुकानों को सजाया। बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलजुल कर पटाखे फोड़ कर त्यौहार मनाया। इस दौरान नगर के बस्ती मार्ग स्थित काजी मोहल्ला, सराय मोहल्ला, चांदनी चौक, चार हजार मोहल्ला, पड़ाव पर, बाजार पर महादेव स्थान और ग्रामीण इलाके के शेरपुर, ब्यापुर, सराय, बलुआ, गोपालपुर, लोदीपुर समेत कई जगह पर लोगों ने हर्षोल्लास के साथ दीपावली मनाया। मनेर पुलिस भी पूरी तरह से त्योहार को लेकर इलाके में मुस्तैद रही।

### साइबर ठगी करने वाले आरोपित गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना पुलिस ने नौकरी और व्यवसाय के झांसे में लोगों को ठगने वाले एक साइबर अपराधी को गोपालपुर थाना क्षेत्र के एक मकान से गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से पुलिस ने भारी मात्रा में एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, पासबुक और चेकबुक समेत कई अन्य सामान जब्त किया है. साइबर थाना के अधिकारी नीतीश चंद्र धारिया ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गोपालपुर थाना क्षेत्र के बेईमान टोला स्थित प्रियंका सिंह के मकान में कुछ युवक साइबर ठगी कर रहे हैं. इस सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर छापेमारी की और नालंदा निवासी नीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी नीरज कुमार ने पूछताछ में बताया कि वह फाइनेंस कस्टमर केयर और नौकरी दिलाने के नाम पर वेबसाइट बनाकर लोगों को ठगता था. पुलिस ने उसके कब्जे से एक लैपटॉप, सात मोबाइल फोन, पांच एटीएम कार्ड, चार सिम कार्ड, चार पासबुक और एक चेकबुक बरामद किया है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह ने अब तक कितने लोगों को ठगा है और कितनी राशि की धोखाधड़ी की है. साथ ही साइबर ठगी के इस गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है और यह भी जांच की जा रही है कि क्या यह गिरोह बिहार के अलावा अन्य राज्यों से भी जुड़े हैं.

# चुनावी शोर में डूबा शहर, लेखानगर में जलजमाव ने बुझाई दीपावली की रौनक नगर परिषद की लापरवाही पर फूटा लोगों का गुस्सा



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक ओर जहां चुनावी माहौल में सियासी दल और नेता विकास के वादों और आकर्षक घोषणाओं के साथ जनता को लुभाने में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर दानापुर के लेखानगर रोड इलाके में जलजमाव की गंभीर समस्या ने लोगों की खुशियों पर पानी फेर दिया है. नगर परिषद की लापरवाही के चलते यहां की सड़कों पर हफ्तों से पानी जमा है, जिससे लोगों का घरों से निकलना भी दूभर हो गया है.स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर परिषद को बार-बार फोन करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई. सड़कें कीचड़ और बदबू से भरी हैं, मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और बच्चे-बुजुर्ग तक इस परेशानी से जूझ रहे हैं. लोगों ने बताया कि परिषद चाहे तो टैंकर या मोटर पंप से पानी की निकासी आसानी से कर सकती थी, लेकिन अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं.दीपावली और आगामी छठ पर्व जैसे बड़े त्यौहारों पर भी इलाके की सड़कों पर जलजमाव ने उत्सव का माहौल फीका कर दिया है.नगर परिषद की इस उदासीनता से नाराज नागरिकों ने कुछ दिन पहले सगुनाझखगौल रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया.आक्रोशित भीड़ ने पंचायती राज पदाधिकारी समेत कई स्थानीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों के वाहनों को घंटों रोके रखा.प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सिर्फ जाम और बवाल के बाद ही अधिकारी सक्रिय होते हैं, वरना शिकायतें महीनों तक ठंडी पड़ी रहती हैं.लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं निकला तो वे इस मुद्दे को चुनावी एजेंडा बनाएंगे और वोट उसी को देंगे जो जलजमाव की समस्या को मिटाने की गारंटी देगा.स्थानीय निवासी अब यह सवाल पूछ रहे हैं कि जब नेता वोट मांगने हर गली तक पहुंच जाते हैं, तो फिर पानी निकालने क्यों नहीं आते. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि पंचायत में पड़ता है. कई बार जल निकासी किया गया है.

## मुसलमान डर और भ्रम में न रहें, अपने हमदर्द नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत बनाएं : प्रो. गुलाम गौस

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता एवं बिहार विधान परिषद के सदस्य प्रो. गुलाम गौस ने फुलवारी शरीफ विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत के लहिरयार चक, नया टोला, बैतुल करीम, चुनौटी कुआं सहित कई मोहल्लों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की और जेडीयू उम्मीदवार श्याम रजक के पक्ष में वोट देने की अपील की. प्रो. गुलाम गौस ने कहा कि मुसलमान किसी भी तरह के डर या भ्रम में न रहें और न ही किसी भ्रामक प्रचार में फंसें. उन्होंने कहा कि अब वक्त है अपने असली हमदर्द को पहचानने का और फुलवारी शरीफ से वरिष्ठ नेता श्याम रजक को वोट देकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने का. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न्याय के साथ विकास की नीति पर काम करते हुए राज्य के हर वर्ग और क्षेत्र को तरक्की के रास्ते पर लाया है. विकास की रौशनी सभी समुदायों तक समान रूप से पहुंची है और मुसलमानों को भी शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में बराबर अवसर मिला है. प्रो. गुलाम गौस के साथ जनसंपर्क अभियान में अरुण कुमार, राजू कुमार, दीपू कुमार, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद अली, मोहम्मद तनवीर, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद सादुल्लाह अंसारी, अहमद भाई, मोहम्मद लतीफ, पप्पू मल्लिक, मोहम्मद शाहिद आलम और मोहम्मद फजल समेत कई अन्य लोग मौजूद थे.



## दिवाली पर गौरीचक पुलिस की बड़ी कार्रवाई, शराब और जुआ पर एक साथ गिरी गाज



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौरीचक थाना क्षेत्र की पुलिस ने दिवाली के मौके पर बेलदारीचक में अवैध शराब बिक्री और जुआ खेलने वालों के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया. थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने के आरोप में गणेश कुमार को 8.85 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार गणेश कुमार बेलदारीचक का निवासी बताया जाता है. पुलिस ने मौके से शराब की कई बोतलें जब्त कीं और अभियुक्त को थाना लाकर पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, गणेश लंबे समय से इलाके में गुपचुप तरीके से शराब बिक्री में शामिल था. इस संबंध में थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है. वहीं दूसरी ओर, पुलिस ने बेलदारीचक पुल के पास से जुआ खेलते हुए 14 लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है. उनके पास से 15,410 रुपये नकद, 13 मोबाइल फोन और 2 ताश की गड्डियां बरामद की गई हैं. पकड़े गए सभी जुआरियों से पूछताछ की जा रही है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है.

# हथियार और जिंदा कारतूस के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**एम्स-खगौल रोड पर फुलवारी शरीफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) भानु प्रताप के निर्देशन में फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने सोमवार की रात एम्स-खगौल रोड पर हथियारबंद अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया और एक टेम्पो से दो अपराधियों को हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया.पुलिस के अनुसार, दोनों अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन समय रहते पुलिस की सक्रियता से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है. नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) भानु प्रताप ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक टेम्पो पर सवार कुछ लोग हथियार के साथ किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की योजना से एम्स की ओर जा रहे हैं. सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष फुलवारी शरीफ की अगुवाई में एम्स गोलंबर के पास नाकेबंदी की गई. जांच के दौरान संदिग्ध टेम्पो को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें दो युवक पकड़े गए. पकड़े गए अपराधियों की पहचान साहिल उर्फ लूल्लू (20 वर्ष), पिता मो. मुन्ना, निवासी बड़ी बदरपुरा, थाना खगौल, जिला पटना और सलमान खान (25 वर्ष), पिता अनवर अली, निवासी बड़ी बदरपुरा, खगौल लख, थाना खगौल, जिला पटना के रूप में की गई है. जांच के दौरान साहिल उर्फ लूल्लू के पास से एक देशी कट्टा जबकि सलमान खान के पास से .315 बोर के दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है. दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर थाना लाया गया है. इस संबंध में फुलवारी शरीफ थाना कांड संख्या-1723/2025, दिनांक 21.10.2025 को धारा 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है. बरामदगी में एक टेम्पो, एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन शामिल है. छापेमारी दल में फुलवारी शरीफ थानाध्यक्ष पु.नि. सह थानाध्यक्ष मो. गुलाम शहवाज आलम, प्रभारी एम्स गोलंबर टीओपी पु.अ.नि. कुंदन कुमार, स.अ.नि. राजेश कुमार, पीटीसी-3361 आनंद चौधरी, सि.798 सनोज कुमार और सि.806 अखिलेश कुमार पासवान शामिल थे.



# नाली के पानी गिरने को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट आधा दर्जन घायल







**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के महिनावा टोला पर गांव में नाली के पानी गिरने को लेकर दो पक्ष में मारपीट हो गई। इस मारपीट के दौरान दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि उक्त मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों की गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि महिनावा टोला पर गांव निवासी अवधेश कुमार और अरुण कुमार के बीच घर के नाले के पानी गिरने को लेकर दोनो पक्ष में विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडों से मारपीट हुई। मारपीट के कारण अवधेश कुमार, अरुण कुमार, रिंकु देवी, प्रियांशु कुमार और कुंदन कुमार समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए मनेर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। इस मामले में तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान कुंदन कुमार अरुण कुमार और अजय अवधेश कुमार बताया गया है।

# दानापुर विस क्षेत्र चुनाव : दानापुर से तीन मनेर विस से एक अभ्यर्थी ने नाम लिया वापस

**चुनावी मैदान में दानापुर से 7 मनेर से 13 प्रत्याशी**

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार को नाम वापसी का अंतिम मौका था. दानापुर विस क्षेत्र से 3 और मनेर विस क्षेत्र से एक प्रत्याशी ने अपना नाम वापस लिया है. दानापुर विस से निर्दलीय प्रत्याशी टिंकू कुमार यादव , राज कुमार व ब्रजेश कुमार धीरज और मनेर विस से निर्दलीय प्रत्याशी कामेश्वर कुमार ने अपना नाम वापस लिया है. दानापुर विस क्षेत्र से कुल 7 और मनेर विस क्षेत्र से 13 प्रत्याशियों चुनाव मैदान में है. दलीय आधार पर नामांकित प्रत्याशियों को पार्टी द्वारा चुनाव चिह्न, जबकि निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव आयोग ने चुनाव चिन्ह (सिंबल) आवंटित किया है. निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ दिव्या शक्ति ने बताया कि तीन निर्दलीय प्रत्याशी ने नाम वापस लिया है और चुनाव मैदान में एनडीए से भाजपा के प्रत्याशी रामकृपाल यादव , महागठबंधन से राजद प्रत्याशी रीत लाल यादव, जागरूक जनता पार्टी से प्रत्याशी पत्रकार सन्नी कुमार शर्मा, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के प्रत्याशी रघुवीर महतो , निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में शैलेश कुमार धीरज, पवन कुमार व वर्षा चुनाव मैदान में है. निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रवीण चंदन ने बताया कि मनेर विस क्षेत्र से एक निर्दलीय प्रत्याशी ने नाम वापस है और चुनाव मैदान में एनडीए से लोजपा के प्रत्याशी जितेंद्र राय, महागठबंधन से राजद प्रत्याशी भाई वीरेंद्र , जनशक्ति जनता दल के प्रत्याशी शंकर कुमार , जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी संदीप कुमार सिंह, इंसानियत पार्टी के प्रत्याशी मंतोष कुमार सिंह, सन्नू देवी, मुकेश कुमार, चंद्रशेखर महतो, गुडिया कुमारी, विकास कुमार उर्फ डिकेश सिंह,सन्नी कुमार,सतीश कुमार व शिव कुमार सिंह शामिल है.

## दानापुर में गंगा स्नान के दौरान युवक डूबने से मौत

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिपावली को गंगा जल व मिट्टी लाने के लिए गुरूद्वारा घाट पर स्नान करने के दौरान गहरे पानी में पैर फिसल कर चले जाने से युवक की डूबने से मौत हो गयी. घर का चिराग बुझ गया. मृतक का पहचान थाना क्षेत्र के न्यू गोसाइ टोला त्रिमूर्ति नगर निवासी निखिल कुमार के रूप में की गई. एसडीआरएफ की टीम ने काफी प्रयास के बाद शव को बरामद कर लिया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. डूबने की सूचना पर परिजनों चित्कार उठे और पूरे गांव में मातम पसरा गया. मृतक के चाचा अमित कुमार बताया कि निखिल अपने तीन दोस्तों के साथ दिपावली की सुबह गुरूद्वारा घाट पर गंगा जल व मिट्टी लेने आया था. निखिल तीन दोस्तों के साथ गंगा में नहाने लगे और एक दोस्त बाहर निकाल गये था और लिखित और अंकित गंगा स्नान कर रहा था. इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से निखिल डूबने लगा तो अंकित ने उससे बचाने का प्रयास किया .

# ग्रामीण इलाकों में मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का पट खुलते ही उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक पर्व दीपावली के पावन अवसर पर पटना के फुलवारी शरीफ, संपतचक, अनीसाबाद, परसा बाजार, जानीपुर, सिपारा, वाल्मी, खेमनी चौक, बेलदारीचक, गोपालपुर, गौरीचक, कुरथौल, रामकृष्ण नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला. दीपावली की शाम प्रदोष काल में पूजा पंडालों में विधि-विधान के साथ मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं का पट खोला गया. पूजन के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और मंदिरों तथा पूजा पंडालों में ङ्गजय मां लक्ष्मीङ्घ के जयघोष गूंज उठे. पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां लक्ष्मी की आराधना कर सभी के घरों में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की. फुलवारी शरीफ के विभिन्न इलाकों में सजाए गए पंडालों को झालर, फूलों और रंगीन रोशनी से सजाया गया था. दीपों की रोशनी से सजा माहौल दिव्यता का अहसास करा रहा था. पूजा-अर्चना के दौरान महिलाओं और बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला. श्रद्धालु मां लक्ष्मी और गणपति का दर्शन कर अपने जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना करते नजर आए. पूजा समिति के सदस्यों ने व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए थे. तीन दिन तक चलने वाले पूजनोत्सव में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. पूरे क्षेत्र में दीपावली का उत्सव पूरी भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है.

## दानापुर ज्योति पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ज्योति पर्व दीपावली पर नगर में समेत आस-पास के इलाकों में हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्ण संपन्न हो गया. पूरे नगर में रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता रहा. वही प्रतिबंध के बाद भी पटाखों की गूंज रात भर होती रही. साथ ही घर समेत अपने-अपने प्रतिष्ठानों में भगवान गणेश-लक्ष्मी जी का पूजा-अर्चना विधिवत रूप से की. दीपावली पर लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की. नगर के पेठिया बाजार स्थित प्राचीन मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में दीपावली की देर रात मां काली जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और मां दक्षिणेश्वरी काली जी का आकर्षक रूप से श्रृंगार किया गया . वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजन व महाआरती किया गया. मंदिर के पुजारी राम सागर मिश्र, बृज मोहन मिश्रा व शंशाक मिश्रा उर्फ गोलू बाबा ने बताया कि दीपावली की अर्द्धरात्रि में मां दक्षिणेश्वरी काली जी का जयंती मनाने की परंपरा रही है.

# गंगा का जलस्तर घटने के बाद घाटों पर गंदगी, दलदल व कीचड़







**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत चार दिवसीय अनुष्ठान शनिवार से प्रारंभ हो रहा है. गंगा का जलस्तर धीरे-धीरे घटने से कच्चा घाटों पर दलदल व कीचड और गंदगी बिखरे पडे हुए है. इसके बाद भी नगर परिषद क्षेत्र के कई गंगा घाटों पर सफाई कार्य अधूरा पडा हुआ है. गंगा घाटों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है और दलदल व कीचड पसरा हुआ है. मंगलवार को परिषद क्षेत्र के गुरूद्वारा घाट व गोला घाट व वनपर टोला घाट पर गंदगी, दलदल व कीचड है. घाटों पर गंदगी और दलदल रहने के कारण इस बार व्रतियों का अर्ध्य देने में भारी परेशानियों का सामना करना पडेगा. परिषद प्रशासन द्वारा सफाई कर्मियों द्वारा घाटों से कचरा का उठाव किया जा रहा है. गंगा घाटों पर गंदगी लगा हुआ था और घाट के उपर कूडे-कचरा का अंबार लगा हुआ था . परिषद प्रशासन पक्का घाटों पर युद्ध स्तर पर साफ-सफाई कराया जा रहा है और कच्चा घाटों पर सफाई कार्य खानापूर्ति किया जा रहा है. लोगों ने बताया कि परिषद प्रशासन द्वारा छठ व्रत पवित्रता के साथ शुद्धता का महापर्व है. इसके बाद भी गंगा घाटों की सफाई व मरम्मत कार्य करने में खानापूर्ति किया जा रहा है. नप के उपमुख्य पार्षद सरिता कुमारी के प्रतिनिधि राजनाथ उर्फ राजू जयसवाल ने बताया कि परिषद प्रशासन ने 32 घाटों पर सफाई, मरम्मत व रोशनी समेत अन्य सुविधा मुहैया कराने के लिए करीब डेढ करोड राशि खर्च किया जायेगा. इसके बाद भी घाटों पर गंदगी और दलदल व कीचड पसरा हुआ है. उन्होंने बताया कि गंगा के जलस्तर घटने के बाद भी धीमी गति से सफाई व मरम्मत कार्य किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि परिषद के 40 वार्डों में सफाई के लिए एजेंसी एडएम द्वारा करीब 950 दैनिक सफाई कर्मियों के नाम पर राशि का भुगतान लिया जा रहा है, परंतु प्रत्येक वार्ड में पांच से छह सफाई कर्मी तैनात है. उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह करीब दो करोड सफाई के नाम पर एजेंसी द्वारा उठाव किया जाता है. इसके बाद सडकों पर कचरा बिखरे पडे हुए है. उन्होंने इसकी जांच कराने की मांग की है. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि गंगा के जलस्तर घटने से सफाई व मरम्मत कार्य में परेशानी हो रहा है. उन्होंने बताया कि गंगा घाटों की युद्ध स्तर पर सफाई व मरम्मत किया जा रहा है और पर्व से पूर्व सभी घाटों को तैयारी पूरी कर लिया जायेगा.

## ऑटो लूट कांड का खुलासा तीन लुटेरे गिरफ्तार



**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा थाना की पुलिस ने ऑटो लूट कांड मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन लुटेरे को गिरफ्तार किया है।साथ ही लूट हुई ऑटो को भी बरामद कर लिया है।इसके अलावा चार मोबाइल फोन व 700 नगद भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार लुटेरों की पहचान राकेश कुमार, छोटू कुमार उर्फ शिवरंजन कुमार एवं पवन कुमार के रूप में हुई है।सभी गिरफ्तार अपराधी पटना के नौबतपुर इलाके के रहने वाले हैं। पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बीते रात्रि बिहटा थाना की पुलिस की सूचना मिली कि वादी सद्दाम खान के द्वारा बताया गया कि आरा रेलवे स्टेशन से बिहटा के परेव जाने के लिए 500 में ऑटो भारा बुक किया गया था। जैसे ही बिहटा थानाक्षेत्र के छिलका दोघरा बांध के पास पहुंचा तभी ऑटो में सवार 4 अज्ञात अपराधियों के द्वारा मेरे साथ मारपीट किया गया और मुझे झाड़ियां में फेंक दिया गया और मेरे ऑटो को लेकर सभी अपराधी फरार हो गए।पुलिस टीम को सूचना मिलने के बाद टीम का गठन किया गया और महज 3 घंटे के अंदर ही बिहटा थानाक्षेत्र के आनंदपुर मोड़ के पास से ऑटो को वाहन चेकिंग के दौरान बरामद कर लिया गया ।ऑटो में सवार 3 अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है ।फिलहाल इस मामले में एक अन्य अपराधी फरार है जिसकी गिरफ्तारी में पुलिस की टीम लगी हुई है।

# राजद में टिकट बंटवारे को लेकर बगावत, पूर्व प्रत्याशी ने निर्दलीय कराया नामांकन

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चिरैया विधानसभा सीट से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का टिकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व प्रत्याशी अच्छेलाल प्रसाद यादव ने बगावती तेवर अपनाते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने अपने हजारों समर्थकों के साथ सोमवार को सिकरहना अनुमंडल स्थित निर्वाचन कार्यालय जाकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। बता दें कि अच्छेलाल प्रसाद यादव 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद के उम्मीदवार थे और उन्हें 46,030 वोट मिले थे। हालांकि वे चुनाव हार गए थे। इस बार टिकट कटने से नाराज होकर उन्होंने पार्टी के खिलाफ खुला मोर्चा खोल दिया है। टिकट कटने के विरोध में रविवार को उनके समर्थकों ने पार्टी कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। वही कार्यालय में लगे पोस्टर और बैनर फाड़ दिया। प्रदर्शनकारियों ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। उधर, राजद ने इस बार चिरैया सीट से पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव पर भरोसा जताया है। लक्ष्मी नारायण यादव 2020 में राजद से टिकट न मिलने पर निर्दलीय मैदान में उतरे थे और 16,395 वोट हासिल किए थे। इस बार उन्हें फिर से पार्टी में शामिल कर राजद का आधिकारिक प्रत्याशी घोषित किया गया है। उन्होंने भी अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। चिरैया सीट पर अब मुकाबला दिलचस्प हो गया है। एक तरफ राजद के अधिकृत उम्मीदवार लक्ष्मी नारायण यादव हैं, तो दूसरी ओर पूर्व प्रत्याशी अच्छेलाल यादव बगावत कर निर्दलीय मैदान में डटे हुए हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि अच्छेलाल यादव के पास अच्छा जनाधार है और उनका चुनाव पर प्रभाव पड़ सकता है। राजद के अंदर मचे घमासान ने न सिर्फ पार्टी की चुनावी रणनीति को झटका दिया है, बल्कि विपक्ष को भी हमले का मौका मिल गया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि राजद अंदरुनी कलह को कैसे संभालता है और इसका असर चुनावी नतीजों पर कितना पड़ता है।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 35 - BISFI

Name of the Candidate:- Sri Hari Bhushan Thakur

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | |
|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/s 191(2), 191(3), 126(2), 127(2), 115(2), 352, 351(2) BNS |
| | b | Case no. | Rahika PS Case no. 202/25 |
| | c | Name of the Court | ACJM - Madhubani |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He has leadership qualities due to which he was earlier elected as an MLA in Bisfi Constituency. He is a social activist and have contributed for social upliftment of people of his constituency. He has organized many awareness camps to make citizens aware of their rights under the laws and schemes floated by the government for their development. |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | Due to his consistent work in his constituency, he has been preferred over others. |

Kumar Sachin

Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar

(Signature of office bearer of the Political Parts)



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 154 Pirpaiti

Name of the Candidate:- Sri Murari Paswan

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/S 447,341, 323, 308, 504, 34 IPC | U/S 147, 148, 323, 324 IPC |
| | b | Case no. | पीरपैती थाना कांड सं. कांड सं. 60/2015 | पीरपैती थाना कांड सं. कांड सं. 219/2016 |
| | c | Name of the Court | ए.डी.जे. 4, भागलपुर | सी.जे.एम., भागलपुर |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | Yes | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | NOTHING | NOTHING |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is well known social worker having very good reputation in the society. He has done remarkable work for the betterment of the society. | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | In view of his selfless works for the society, the party has preferred him as its candidates | |

Kumar Sachin

Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar

(Signature of office bearer of the Political Parts)



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

***Name of the Election** : बिहार विधान सभा

**Name of State/UT** : बिहार

**(1)** Name of Constituency : 19, मोतिहारी

Name of the candidate : देवा गुप्ता

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | **Nature of the offences :** (1) शारीरिक क्षति वो जबरन वसूली फर्जी कूटरचित कागजात के आधार पर हिंसा करने की साजिश (2) संगठित अपराध जबरन वसूली हत्या में सहयोग करना (3) जबरन वसूली फर्जी कागजात मूल्यवान प्रतिभूति को हड़प लेना (4) गोली मारकर हत्या करने में सत्यापन करना (5) अश्लील कृत्य लापरवाही से हथियार लहराना (6) रंगदारी के लिए साजिश कर जान मारने की नियत से जख्मी कर देना (7) संगठन करके रंगदारी वसूलना (8) साजिश कर रंगदारी वसूलना एवं गंभीर रूप से जख्मी करवा देना 9) हथियार और गोली बरामद होना (10) गोली मारकर जख्मी कर देना (11) अपराधी को संरक्षण देना एवं भगाने में सहयोग करना (12) संगठन करके रंगदारी वसूलना (13) गोली माकर हत्या देने की साजिश (14) संगठन करके रंगदारी माँगना (15) मारपीट कर गाली गलौज कर हिंसा की धमकी देना (16) रंगदारी वसूलना (17) रंगदारी वसूलना (18) हथियार दिखाकर रंगदारी वसूलना (19) संगठन करके रंगदारी वसूलना (20) जान से मारने की साजिश कर मारपीट करना एवं हथियार दिखाकर गोली चलाना (21) मूल्यवान प्रतिभूति को गलत तरीके से धन संचय करना (22) साजिश कर हत्या कर देना (23) जान से मारने के नीयत से जख्मी कर देना एवं चोरी करना (24) सदोष अवरोध कर मारपीट कर जख्मी करना (25) सदोष अवरोध कर मार पीट करना (26) सदोष अवरोध मारपीट कर छिनतई करना (27) मारपीट कर जख्मी कर छिनतई करना (28) मारपीट कर जख्मी कर रंगदारी वसूलना। | |
| | b. | **Case no. : (1)** मोतिहारी नगर थाना कांड संख्या-841/25, धारा-308 (4), 308 (3), 308 (2), 352ए 351 (3)/3 (5) बी.एन.एस. **(2)** मोतिहारी नगर थाना कांड संख्या 734/25, धारा-121, 121(ए), 122, 103 (1) 61(2) बी.एन.एस. **(3)** मोतिहारी नगर थाना कांड संख्या-364/25, धारा-111 (2) (बी), 316(2), 318(3), 308(5), 336(3), 338, 318(4) 3 (5) BNS **(4)** चकिया थाना कांड संख्या-301/2023, धारा-302, 120(बी), भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स एक्ट **(5)** गोविन्दगंज थाना कांड संख्या-455/2020, धारा-294, 336/34 भ.द.वि. एवं 51 डी एम एक्ट **(6)** कोटवा थाना कांड संख्या-107/2017, धारा-341, 307, 387, 506/120 बी आई.पी.सी. **(7)** केसरिया थाना कांड संख्या-139/17 मोतिहारी, धारा-387, 120 (बी) भा.द.वि., **(8)** पीपरा कांड संख्या-139/17 मोतिहारी, धारा-341, 307, 504, 387, 120 (बी) भा.द.वि. एवं 37 आर्म्स एक्ट, **(9)** पीपरा थाना कांड संख्या-188/17 मोतिहारी, धारा-25 (1-बी) ए, 26/35 आर्म्स एक्ट, **(10)** रक्सौल थाना कांड संख्या-215/17 मोतिहारी, धारा-307, 120 (बी), 324/34 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स एक्ट **(11)** मोतिहारी नगर थाना कांड संख्या-207/2017 मोतिहारी, धारा-224, 225, 120 (बी) 216, 216 (ए.) भा.द.वि., **(12)** छतौनी थाना कांड संख्या-172/17 मोतिहारी, धारा-384, 387 भा.द.वि., **(13)** नगर थाना कांड संख्या-838/17 मोतिहारी, धारा-302, 120 (बी) 34 भा.द.वि. एवं 37 आर्म्स एक्ट, **(14)** नगर थाना कांड संख्या-519/2017 मोतिहारी, धारा-386 भा.द.वि., **(15)** नगर थाना कांड संख्या-572/2017 मोतिहारी, धारा-387, 120 (बी) भा.द.वि., **(16)** नगर थाना कांड संख्या-573/17 मोतिहारी, धारा-387, 120 (बी) भा.द.वि. **(17)** नगर थाना कांड संख्या-582/2017 मोतिहारी, धारा-387 भा.द.वि. **(18)** चकिया थाना कांड संख्या-345/2017 मोतिहारी, धारा-386, 387, 120 (बी) और 25 (1-बी)ए एवं 26 आर्म्स एक्ट भा.द.वि. **(19)** केसरिया थाना कांड संख्या-260/17 मोतिहारी, धारा-387, 120 (बी)/34 भा.द.वि. **(20)** रक्सौल थाना कांड संख्या-216/2017 मोतिहारी, धारा-387, 307, 120 (बी), 34 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स एक्ट **(21)** आर्थिक अपराध इकाई, पटना कांड संख्या-01/2015, धारा-420, 467, 471, 409, 120 (बी) भा.द.वि. एवं 81 (1) (सी), 81 (2), 81 (4) बिहार वैट एक्ट, **(22)** नगर थाना कांड संख्या-544/14 मोतिहारी, धारा-302, 120 (बी)/34 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स एक्ट **(23)** छतौनी थाना कांड संख्या-179/2014 मोतिहारी, धारा-147/148/149/323/384/307/427/379/504/506/307/34 भा.द.वि. **(24)** छतौनी थाना कांड संख्या-101/2012 मोतिहारी, धारा-341, 323, 324, 504/34 भा.द.वि. **(25)** छतौनी थाना कांड संख्या-277/2011 मोतिहारी, धारा-341, 323, 504 भा.द.वि. **(26)** छतौनी थाना कांड संख्या-11/2009 मोतिहारी, धारा-341, 323, 379/34 भा.द.वि. **(27)** छतौनी थाना कांड संख्या-180/2012 मोतिहारी, धारा-341, 323, 324, 379, 504 भा.द.वि. **(28)** नगर थाना कांड संख्या-58/2013 मोतिहारी, धारा-447, 341, 323, 324, 307, 386/34 भा.द.वि.। | |
| | c. | **Name of the Court :** (1) मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी मोतिहारी (2) मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी मोतिहारी (3) मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी मोतिहारी (4) न्यायिक दण्डाधिकारी मोतिहारी (5) अपर मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी एक मोतिहारी (6) ए.डी.जे.-8 मोतिहारी (7) अपर मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी तृतीय मोतिहारी (8) न्या०द० सदर मोतिहारी (9) न्या०द० सदर मोतिहारी (10) एस.डी.जे.एम. रक्सौल (11) न्या०द० सदर मोतिहारी (12) न्या०द० सदर मोतिहारी (13) ए.डी.जे.-चार (14) मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी मोतिहारी (15) मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी मोतिहारी (16) मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी मोतिहारी (17) मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी मोतिहारी (18) न्या० द० सदर मोतिहारी (19) न्या० द० सदर मोतिहारी (20) एस.डी.जे.एम. रक्सौल (21) विशेष निगरानी आर्थिक अपराध पटना (22) ए.डी.जे.-4 मोतिहारी (23) मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी सदर मोतिहारी (24) न्या० द० सदर मोतिहारी (25) न्यायिक दण्डाधिकारी सदर मोतिहारी (26) न्यायिक दण्डाधिकारी सदर मोतिहारी (27) मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी सदर मोतिहारी (28) मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी मोतिहारी। | |
| | d. | **Whether charges have been framed or not (Yes/No) :** (1) नहीं (2) नहीं (3) नहीं (4) नहीं (5) नहीं (6) नहीं (7) हाँ (8) नही (9) नहीं (10) नहीं (11) नहीं (12) हाँ (13) नहीं (14) नहीं (15) नहीं (16) नही (17) नहीं (18) नहीं (19) हाँ (20) नहीं (21) नहीं (22) हाँ (23) नहीं (24) हाँ (25) नहीं (26) नहीं (27) नहीं (28) नहीं | |
| | e. | **Date of conviction, if any :** (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं (5) लागू नहीं (6) लागू नहीं (7) लागू नहीं (8) लागू नहीं (9) लागू नहीं (10) लागू नहीं (11) लागू नहीं (12) लागू नहीं (13) लागू नहीं (14) लागू नहीं (15) लागू नहीं (16) लागू नहीं (17) लागू नहीं (18) लागू नहीं (19) लागू नहीं (20) लागू नहीं (21) लागू नहीं (22) लागू नहीं (23) लागू नहीं (24) लागू नहीं (25) लागू नहीं (26) लागू नहीं (27) लागू नहीं (28) लागू नहीं | |
| | f. | Details of punishment undergone, if any (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं (5) लागू नहीं (6) लागू नहीं (7) लागू नहीं (8) लागू नहीं (9) लागू नहीं (10) लागू नहीं (11) लागू नहीं (12) लागू नहीं (13) लागू नहीं (14) लागू नहीं (15) लागू नहीं (16) लागू नहीं (17) लागू नहीं (18) लागू नहीं (19) लागू नहीं (20) लागू नहीं (21) लागू नहीं (22) लागू नहीं (23) लागू नहीं (24) लागू नहीं (25) लागू नहीं (26) लागू नहीं (27) लागू नहीं (28) लागू नहीं | |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता स्नातक है। |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

# तीनों सीटों पर 34 प्रत्याशियों के नामांकन वैध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत जहानाबाद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों — जहानाबाद, घोसी और मखदुमपुर — में नामांकन प्रक्रिया सोमवार (20 अक्टूबर 2025) को संपन्न हो गई। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद कुल 34 अभ्यर्थियों के नामांकन वैध पाए गए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 216-जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से कुल 13 अभ्यर्थियों के नामांकन वैध पाए गए हैं। इनमें चंदेश्वर प्रसाद – जनता दल (यू), बालेश्वर सिंह – आम आदमी पार्टी, राहुल कुमार – राष्ट्रीय जनता दल, प्रमोद यादव – राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, अभिराम सिंह – जन सुराज पार्टी, नीतीश कुमार – भागीदारी पार्टी (पी.), रंभा कुमारी – समाजवादी लोक परिषद, राजू कुमार – सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट), सिद्धनाथ कुमार – किसान संघर्ष समिति, बबलू कुमार – निर्दलीय, रितेश कुमार – निर्दलीय, शशि रंजन कुमार – निर्दलीय, सतेन्द्र नारायण सिन्हा – निर्दलीय शामिल हैं। वहीं, 217-घोसी विधानसभा क्षेत्र से 12 प्रत्याशियों के नामांकन वैध घोषित हुए हैं। इनमें अनुराधा सिन्हा – बहुजन समाज पार्टी, रामबली सिंह यादव – भाकपा (माले-लिबरेशन), रितुराज कुमार – जनता दल (यू), इंदु देवी – सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट), राकेश रौशन – आम जनता पार्टी राष्ट्रीय, विजय शर्मा – भारतीय सार्थक पार्टी, सरयू प्रसाद सिंह – किसान संघर्ष समिति, प्रभात कुमार – जन सुराज पार्टी, कमला कुमारी – निर्दलीय, राजेश रंजन – निर्दलीय, वासिफ हसनैन – निर्दलीय, सत्येंद्र प्रसाद यादव – निर्दलीय हैं। इसी प्रकार 218-मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र से नौ प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए हैं, जिनमें रानी कुमारी – लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), सुबेदार दास – राष्ट्रीय जनता पार्टी, शंकर स्वरूप राम – जन सुराज पार्टी, प्रेम किशोर पाहवान – भारतीय लोक चेतना पार्टी, सुधीर चौधरी – बहुजन समाज पार्टी, छोटेलाल पासवान – राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, दिनेश पासवान – किसान संघर्ष समिति, शैलेन्द्र चौधरी – निर्दलीय, मीन्ता देवी – निर्दलीय शामिल हैं। जिले में नामांकन की प्रक्रिया 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चली। इसके बाद 21 अक्टूबर को सभी नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें तीनों विधानसभा क्षेत्रों से कुल 34 अभ्यर्थियों के नामांकन को वैध घोषित किया गया। निर्वाचन विभाग के अनुसार, 23 अक्टूबर 2025 को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इसके बाद अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी और चुनावी मैदान की तस्वीर साफ हो जाएगी।

# कम मतदान वाले केंद्रों पर चला घर-घर मतदाता जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में अधिकतम मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जहानाबाद जिले में मतदाता जागरूकता की मुहिम तेज हो गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी जहानाबाद के निर्देश पर स्वीप कोषांग के तत्वावधान में घोसी विधानसभा क्षेत्र के कम मतदान वाले दो केंद्रों मतदान केंद्र संख्या 259 (मुरगांव) एवं 260 (प्राणबिघा) में घर-घर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिला स्वीप आइकॉन सह जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे) अमित कुमार और जिला स्वीप पीडब्ल्यूडी आइकॉन अजित कुमार ने किया। दोनों अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया और मतदान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान टीम ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारा कर्तव्य भी है। स्वीप आइकॉन अमित कुमार ने कहा कि "जहानाबाद जिले का हर मतदाता यह समझे कि लोकतंत्र की सशक्तता उसके एक-एक वोट से जुड़ी है। सक्रिय भागीदारी से ही विकास की नई दिशा तय होगी।" वहीं, स्वीप पीडब्ल्यूडी आइकॉन अजित कुमार ने दिव्यांग मतदाताओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ताकि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे। अभियान के दौरान ग्रामीणों, जीविका दीदियों, युवा वर्ग और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दो युवा मतदाता विक्की राज और निशु कुमार ने कहा कि वे पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और अन्य लोगों को भी मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेंगे।

# धरनार्थियों ने दीपावली मनाई, कहा- "हमारी जीत भी निश्चित है, जैसे अंधेरे पर उजाले की होती है"

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। उत्तर कोयल नहर परियोजना की मांग को लेकर पिछले दस महीनों से धरनास्थल पर बैठे धरनार्थियों ने सोमवार को दीपावली का पर्व संघर्ष की रोशनी में मनाया। रफीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित धरना स्थल को दीपों से सजाकर प्रदर्शनकारियों ने यह संदेश दिया कि उनका आंदोलन अंधकार में नहीं, बल्कि उम्मीद और न्याय के उजाले में जारी है। धरना का नेतृत्व कर रहे डॉ. तुलसी यादव और लड्डू खान ने कहा कि दीपावली असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। जैसे भगवान श्रीरामचंद्र ने रावण पर विजय पाकर अयोध्या लौटते समय दीप जलाए थे, वैसे ही उनका आंदोलन भी अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एक दिन धरनार्थी जीत हासिल करेंगे और उत्तर कोयल नहर का पानी यहां लाकर ही रहेंगे। धरना स्थल पर बच्चों ने दीप जलाकर और किसानों ने संकल्प लेकर संदेश दिया कि जब तक नहर का पानी नहीं आएगा, उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर नारों की गूंज ने पूरे स्थल को गहन उत्साह से भर दिया। प्रमुख नारों में शामिल थे "दीप जलेंगे, जब जल आएगा", "हमारा हक़, हमारा पानी", "कोयल के पानी से सींचेंगे खेत, नहीं झुकेंगे, नहीं रुकेंगे"। धरना स्थल पर सिद्धी यादव, सत्येंद्र यादव, जयप्रकाश प्रजापति, सूर्यदेव यादव, भोला नाथ वर्मा, जहांगीर खलीफा, विकास कुमार, साक्रीम उस्मानी, तासीस उस्मानी, चंदन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 1001 दीपों की रोशनी से जगमग हुआ बौरी मध्य विद्यालय का खेल मैदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय, बौरी में दीपावली के अवसर पर एक अनोखा पहल देखने को मिला। यहां के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने दीपावली की रात अपने विद्यालय के खेल मैदान को 1001 दीपों से सजाया। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर विद्यालय को अपने घर और मंदिर की तरह आकर्षक ढंग से सजाया। इस दौरान बच्चों ने बड़ों को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु कई मतदाताओं को जागरूक करने वाले नारे और ईवीएम मशीन भा रंगोली के रूप में बनाए और उन्हें भी दीयों से सजाया। विद्यालय में इस तरह के पल को न सिर्फ सराहना मिल रही है बल्कि स्थानीय लोगों का



मानना है कि ऐसे सोच और नवाचार के कारण ही विद्यालय आदर्श विद्यालय के रूप में अपनी पहचान रखता है। बच्चों ने विद्यालय को अपने घर से भी अधिक महत्व देते हुए, विद्यालय में आयोजित रंगोली और दीपोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी डॉ. गुलाम शाहिद ने कराया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के तहत रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी डॉ. गुलाम शाहिद ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद कियाखाप में एक भव्य जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महागठबंधन समर्थक, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि इस बार बिहार की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है और राज्य में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने एनडीए पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि "एनडीए अब मामा-भांजा, ससुर-बहू, पति-पत्नी और समधी-समधन की राजनीति में उलझ चुका है।" सांसद ने कहा कि महागठबंधन की सरकार पलायन रोकने, उद्योग लगाने, माई-बहन योजना को सशक्त बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में ठोस कदम उठाएगी। राजद प्रत्याशी डॉ. गुलाम शाहिद ने अपने संबोधन में कहा कि रफीगंज नगर पंचायत की तरह अब पूरी विधानसभा को विकास की नई दिशा देना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी। विकास, शिक्षा, रोजगार और किसानों के उत्थान जैसे मुद्दे उनके प्रमुख एजेंडे रहेंगे। जनसभा में जिला पार्षद शंकर यादव बेंदु, जिला पार्षद संजय यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच से महागठबंधन के नेताओं ने एक स्वर में अपील की कि रफीगंज की जनता इस बार विकास और बदलाव के पक्ष में मतदान करे।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025)**
**(प्रेक्षक कोषांग)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा बिहार विधान सभा आम चुनाव 2025 के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु औरंगाबाद जिलान्तर्गत **सामान्य प्रेक्षक / पुलिस प्रेक्षक** की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

अभ्यर्थी एवं आम जन चुनाव संबंधी किसी प्रकार की शिकायत / सुझाव हेतु निर्धारित समय तक प्रेक्षक महोदय से मिल सकते हैं :–

| क्र0सं0 | प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षकों का नाम एवं पदनाम | संबंद्ध लोक सभा संख्या एवं नाम | मिलने का स्थान एवं समय | स्थानीय मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Amitava Banerjee, IAS : 2010 (G-33285) | 219–गोह | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 7.00 PM to 8.00 PM | 8271282414 cellobserver701@gmail.com |
| 2 | Kiran H Kulkarni, IAS : 2009 (G-23511) | 220–ओबरा | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10:00 AM to 11.00 AM | 8271283411 cellobserver701@gmail.com |
| 3 | R Mutyalaraju Revu, IAS : 2007 (G-28073) | 221–नबीनगर | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 11.00 AM to 12.00 PM | 8271283399 cellobserver701@gmail.com |
| 4 | Adil Khan, IAS : 2011 (G-29449) | 222–कुटुम्बा | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10.00 AM to 11.00 AM | 8271283442 cellobserver701@gmail.com |
| 5 | D Senthil Pandiyan, IAS : 2002 (G-14432) | 223–औरंगाबाद | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 3.00 PM to 4.00 PM | 8271283276 cellobserver701@gmail.com |
| 6 | G.V. Rashmi, IAS : 2005 (G-28584) | 224–रफीगंज | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 9.00 AM to 10.00 AM | 8271283050 cellobserver701@gmail.com |
| क्र0सं0 | प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षकों का नाम एवं पदनाम | संबंद्ध लोक सभा संख्या एवं नाम | मिलने का स्थान एवं समय | स्थानीय मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Avula Ramesh Reddy, IPS : 2007 (P-22949) | 219–गोह 220–ओबरा 221–नबीनगर 222–कुटुम्बा 223–औरंगाबाद 224–रफीगंज | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 4.00 PM to 5.00 PM | 9060782700 cellobserver701@gmail.com |

साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि बिहार विधान सभा आम चुनाव–2025 के संदर्भ में किसी प्रकार की शिकायत / सुझाव हेतु उपरोक्त नम्बर पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। उपरोक्त सूचना का अवलोकन जिले के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर भी किया जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
प्रेक्षक कोषांग, औरंगाबाद

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 017215 (Election) 25-26**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


## दो आरोपित गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। टेहटा थाना पुलिस ने जानलेवा हमला मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बगवार टोला बेलदारी पर मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले की जांच करते हुए अनुसंधानकर्ता मोहम्मद यूनुस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों नीतीश कुमार और राजीव कुमार (दोनों निवासी बगवार टोला बेलदारी पर गांव)को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दो दिन पूर्व बेलदारी पर गांव निवासी दल्लू चौहान द्वारा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि गांव के कुछ लोगों ने उनके पुत्र पर जानलेवा हमला किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की और सबूतों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## फायर ब्रिगेड ने चलाया जागरुकता अभियान

**रफीगंज**। नगर पंचायत क्षेत्र में सोमवार शाम पांच बजे फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा दीपावली और छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष आग से बचाव जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य पटाखा दुकानों, भीड़-भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों और आम नागरिकों को आग से सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान अग्निशमन अधिकारी आर.के. सिंह ने उपस्थित लोगों को आग से सुरक्षा के उपायों और सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers,social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 98 Sahebganj

Name of the Candidate:- Shri Raju Kumar Singh

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/S 341,323, 504,506,34 IPC 34,5(5) SC/ST Act | U/S 188, 171 E, 171-F, 171-H | U/S171 E IPC & 123 R.P.Act | U/S342, 323,364/34 IPC | U/S25 (i-b) a/26Arms Act | U/S 188 IPC | U/S 304 II , 336, 201,34 IPC | U/S 323, 504 IPC | U/S 420,406, 120(B) IPC & 138 OF NI Act | U/S 341,342, 323,330,504, 506/34 IPC |
| | b | Case no. | Case No. 179/2023 Paroo PS | Case No. 554/2020 Sahebganj PS | Case No. 264/2024 Sahebganj PS | Case No. 231/2023 Paroo PS | Case No. 235/2023 Paroo PS | Case No. 394/2010 Nagar Thana | Case No. 01/2019 Fatehpur Beri, New Delhi | Case No. 162/2008 Paroo PS | Case No. 1426 CW/2012 | Case No. 491/2017 Gandhi Maidan, Patna |
| | c | Name of the Court | ADJ - 3 Muzaffarpur | MP/ MLA West Court Muzaffarpur | ACJM West MP/MLA Court Muzaffarpur | CJM Muzaffarpur | CJM Muzaffarpur | MP/MLA Court Muzaffarpur | Rouse Avenue District Court New Delhi, Vishal Gogale, Judge | JM - I Muzaffarpur | Patna, Civil Court Anshu Kumari, JM-I | ACJM Patna Priti Rai - XV |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | Yes | Yes | No | No | No | Yes | Yes | Yes | No | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | He is well known social worker having very good reputation in the society. He has done remarkable work for the betterment of the society. | | | | | | | | | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | In view of his selfless works for the society, the party has preferred him as its candidates | | | | | | | | | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

# आंतरिक सुरक्षा में शहीद पुलिसकर्मियों को डीआइजी ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** देश के आंतरिक सुरक्षा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के साहस, समर्पण और उनकी सेवा को हम कभी नहीं भूलेंगे। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश ने मंगलवार को पुलिस लाइन में पुलिस संस्मरण दिवस पर देश व राज्य के आंतरिक सुरक्षा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी देश की आंतरिक सुरक्षा में दुश्मनों से लड़ते-लड़ते शहीद होते हैं। अपनी जान की न्योछावर कर कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। कहा कि सीमा के बॉर्डर पर दुश्मन का तो पता होता है, लेकिन यहां अपने ही समाज में रहने वाले दुश्मनों से लड़ना होता है। पुलिसकर्मियों को दुश्मन पहचानना, मानवाधिकार की रक्षा करना, भीड़ की भी सुरक्षा करना और समाज में ही रह रहे असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करना है। जरूरत पड़े तो इन काउंटर करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि 21 अक्टूबर 1959 को ऐतिहासिक दिवस था जब हमारी पैरामिलेट्री फोर्स की एक टुकड़ी लद्दाख रीजन में चाइनीज टूल के साथ में लड़ाई के समय उनके द्वारा वीरता का परिचय देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए अपने प्राणों की न्योछावर किया था। हम सब पूरे देश में उस तारीख से उनकी याद में पुलिस संस्मरण दिवस मनाते हैं। आज के दिन हम उनको याद करते हैं। उनकी वीरता को याद करते हैं और उनके परिवार को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पूरे देश भर में कुल 191 पुलिस पदाधिकारी कर्मियों ने अपने प्राणों को न्योछावर किया है। राज्य में आठ पुलिस व पुलिसकर्मी शहीद हुए जिसमें अनि प्रीतम रजक, सअनि राजीव रंजन मल्ल, जितेंद्र कुमार सिंह, हवलदार मिथिलेश कुमार, सिपाही शेखर पासवान,अशोक कुमार भगत, रविकांत कुमार, महिला सिपाही कोमल कुमारी कर्तव्य के दौरान शहीद हुए। उन्होंने बिहार पुलिस के योद्धाओं को नमन किया। डीआईजी ने जिले के 1987 से 2023 के बीच कर्तव्य के दौरान शहीद हुए नौ पुलिसकर्मियों की पत्नियों व आश्रितों को सम्मानित किया। डीआईजी, एसपी रौशन कुमार, एएसपी अतुलेश झा, साइबर डीएसपी गौरव यादव समेत अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके पूर्व जिला पुलिस बल के जवानों ने शस्त्र झुका कर शहीद जवानों को सलामी दी।

# सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** शिवसागर चेनारी पथ पर पलौधा पुल के समीप मंगलवार को बाइक सवार युवक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया जिसमें सासाराम के दीपू साह के 18 वर्षीय पुत्र इंटर के छात्र विशाल कुमार गुप्ता की मौत हो गई जबकि उसका मौसेरा भाई पेवन्दी गांव निवासी कमलेश शाह का 17 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को सीएचसी चेनारी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने विशाल कुमार की मौत की पुष्टि की जबकि प्राथमिक उपचार के बाद पीयूष को सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि सदर अस्पताल में भी चिकित्सकों ने इलाज के बाद उसे बनारस रेफर कर दिया है जहां परिजन इलाज के लिए ले जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार विशाल दीपावली मनाने के लिए चेनारी बाजार स्थित अपने नाना प्रदीप साह के घर आया था और मंगलवार सुबह बाइक धुलवाने निकला था, तभी हादसा हुआ। घटना के बाद चेनारी और पेवन्दी गांव में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में लोग सीएचसी चेनारी पहुंचे जहां परिजनों में माहौल गमगीन हो गया। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है तथा परिजनों के बयान पर प्राथमिकी कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नौ प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल कार्यालय में मंगलवार को बिहार विधानसभा चुनाव के डिहरी से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच के दौरान विभिन्न त्रुटियों के कारण नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र रद्द कर दिया। इससे पहले नामांकन भरने के लिए 29 एनआर कटे थे। कयाश लगाए जा रहे थे कि डिहरी विधानसभा के लिए 29 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरेंगे, लेकिन अंतिम दिन सोमवार तक कुल 21 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पर्चा भरा गया। निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार ने बताया कि नामांकन दाखिल किए सभी 21 प्रत्याशियों के आवेदन की समीक्षा की गई है जिसमें नौ आवेदन को त्रुटि पूर्ण माना गया है। आवेदकों को बुलाकर उनकी त्रुटियों को दिखा दिया गया है जिस किसी प्रकार का संदेह आवेदक को न हो। आवेदन में त्रुटि पाए गए सभी आवेदकों का नामांकन रद्द कर दिया गया है जिसमें धर्मू चौधरी भागीदारी पार्टी, निर्दलीय सर्वेश पासवान, नंदलाल राम सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, लीलावती कुमारी निर्दलीय, सुनीता यादव जनशक्ति जनता दल, शिव गांधी निर्दलीय, राम केवल चौधरी निर्दलीय, दीपक कुमार गुप्ता निर्दलीय एवं डॉ धनजी पाल बसपा प्रत्याशी शामिल हैं।

# मां काली पूजा संपन्न, एनडीए प्रत्याशी सोनू सिंह ने लिया आशीर्वाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय रामकृष्ण आश्रम में बंगाली समाज द्वारा श्रद्धा व भक्ति के साथ सोमवार की अर्धरात्रि को मां काली की पूजा की गई। प्रतिमा स्थापना से पूर्व मंडप बंधन और मां का हवन के बाद प्राण प्रतिष्ठा की गई। दीपावली की रात को 12 बजे काली पूजा शुरू हुई जो सुबह तीन बजे तक चली। छह बजे सुबह डिहरी फॉल पर नहर में मूर्ति का विसर्जन किया गया। मूर्ति का निर्माण कोलकाता से आये कारीगर ने किया। रामकृष्ण आश्रम के अध्यक्ष प्रदीप दास के अनुसार मां की साज सज्जा का सामान, पूजन सामग्री और पूजन करने वाले पंडित विशेष रूप से बंगाल से आते हैं। उन्होंने बताया कि बंगाली समाज जहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करता है वही मां काली की प्रतिमा भी विराजित होती है। इसी परंपरा के तहत आश्रम में आठ दशकों से बंगाली समाज काली पूजन का आयोजन करता रहा है। बंगाली समाज मां काली को बड़ी मां और शक्ति पूजा के रूप में पूजता है। ऐसी मान्यता है कि आधी रात को मां काली की विधिवत पूजा करने से मनुष्य के जीवन के दुख समाप्त हो जाती है। शत्रुओं का नाश होता है और जीवन में समृद्धि आती है। पूजा में मोती भट्टाचार्य, संतोष उपाध्याय, कार्तिक कुमार के अलावे लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह पहुंच मां का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर बिनोद पासवान, पिंटू राम रवि सिंह समेत भारी संख्या में बंगाली समाज के सभी लोग शामिल हुए।

# अधिवक्ता कमल सिन्हा को मातृ शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** वरिष्ठ अधिवक्ता सह डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व सचिव ओमप्रकाश सिन्हा उर्फ कमल सिन्हा की माता लालमोती देवी का निधन की खबर से डिहरी ऑन-सोन में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनकी माता ने नारायण मेडिकल कॉलेज जमुहार में अंतिम सांस ली। वे एक बेटा और दो पुत्रियां छोड़ गई। निधन की खबर मिलते ही उनके घर शोक व्यक्त करने वाले पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, सन बीम स्कूल के निदेशक रंजीव रंजन सिन्हा, अधिवक्ता मिथिलेश सिन्हा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ उदय सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार मदन कुमार, सोनू श्रीवास्तव, एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, आलोक श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बच्चों ने छठ महापर्व की दिखाई झलकियां



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढीगोला।** डिहरी प्रखंड के डीएवी पब्लिक स्कूल भड़कुड़िया में छठ पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां बच्चों ने छठ पर्व की परंपराओं की झलक दिखलाई। विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल विद्यार्थियों ने छठ पर्व से जुड़ी लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को गीत और नृत्य के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने छठ में उपयोग होने वाली सामग्रियों को प्रदर्शित करते हुए मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया जहां बच्चों ने सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य केएन पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि छठ पर्व अब केवल बिहार का नहीं बल्कि यह पूरी दुनिया में बिहार की पहचान बन चुका है। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर और लोक आस्था का प्रतीक है। इस मौके पर मुख्य अतिथि ए. आर. वर्मा, रोहतास उद्योग समूह के (जी.एम.) और अविभावक प्रतिनिधि सी.डी. सिंह उपस्थित थे। श्रीवर्मा ने कहा कि छठ पर्व का हमारे समाज में बड़ा ही महत्व है। यह पर्व हमें जीवन में सुख-शान्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है। वहीं सी.डी. सिंह ने कहा कि छठ पर्व भगवान सूर्य की उपासना का प्रतिक है। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल, बिहार-प्रक्षेत्र-एच द्वारा आयोजित वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने गोल्ड, सिल्वर, ताम्र पदक पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानित किया एवं उनके सुखद भविष्य के लिए मंगलकामना की। मौके पर प्राचाय आर.एन. पाठक ने कहा कि पर्व हमें हमारे मानवीय गुण एवं संस्कृति से जोड़े रहते हैं। छठ पर्व तो हमारी सामाजिक एकता, आत्मानुशास और पर्यावरण संरक्षण के मूल्यों की रक्षा करता है। वहीं कार्यक्रम का संचालन आर. आर. पाण्डेय सर ने किया।

# चेनारी विधानसभा क्षेत्र के सामान्य ऑब्जर्वर मुदवतु एम नायक ने बूथ नंबर 264, 271, 272 का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में 207 - चेनारी विधानसभा क्षेत्र के सामान्य ऑब्जर्वर श्री मुदवतु एम नायक, आइएएस ने बूथ नंबर 264, 271, 272 का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ऑब्जर्वर ने नामांकन प्रक्रिया केंद्र का बारीकी से अवलोकन किया तथा उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप और पारदर्शी ढंग से संपन्न हों।

ऑब्जर्वर ने कहा कि आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन प्रत्येक स्तर पर होना चाहिए। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया में शामिल कर्मियों को सावधानी, तत्परता और निष्पक्षता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्वाचन कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि 'स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।'

# एनसीपी प्रत्याशी को मिली जान से मारने की धमकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** जिला के सासाराम विधानसभा के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष सिंह ने नगर थाना में जन सुराज पार्टी प्रत्याशी बिनय कुमार सिंह पर आंख निकालने तथा हत्या करने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में एनसीपी प्रत्याशी आशुतोष सिंह ने रोहतास एसपी रौशन कुमार से सुरक्षा तथा कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसपी रौशन कुमार ने एनसीपी प्रत्याशी को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए आश्वासन भी दिया है। एनसीपी प्रत्याशी आशुतोष सिंह ने बताया कि सासाराम में स्क्रूटनी के दौरान जन सुराज के प्रत्याशी विनय कुमार सिंह के दो जगह नाम होने की शिकायत पर उन्होंने एसडीएम कार्यालय के समीप आग बबूला हो उठे और दोनों आंख निकाल कर निर्मम हत्या करने की धमकी दी है जिसकी शिकायत नगर थाना सासाराम में दर्ज कराते हुए रोहतास एसपी से मुलाकात कर जानकारी दी जिस पर एसपी रौशन कुमार ने आवेदन पर जांच कर सुरक्षा मुहैया कराने का आश्वासन दिया है।

# छठ पर्व पर डीडीयू और गया के बीच रोज चलेगी अनारक्षित फास्ट पैसेंजर स्पेशल ट्रेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** छठ महापर्व हेतु अपने घर आ रहे यात्रियों की सुविधा हेतु पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा 22 अक्टूबर से अगले आदेश तक प्रतिदिन एक अनारक्षित फास्ट पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह ट्रेन प्रतिदिन पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से सुबह 9:00 बजे रवाना होगी। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन और गया जंक्शन के बीच इस ट्रेन का चंदौली मझवार, भभुआ रोड, कुदरा, सासाराम, डिहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज और गुरारू स्टेशनों पर भी ठहराव होगा। गया जंक्शन पहुंचने पर यही ट्रेन इसी मार्ग और ठहराव के साथ पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के लिए वापसी करेगी। डीडीयू जंक्शन से 9:00 बजे सुबह खुलने के बाद यह ट्रेन गया जंक्शन तक ओपन टाइमिंग के साथ चलाई जाएगी। गया जंक्शन से डीडीयू तक वापसी में भी ओपन टाइमिंग के साथ परिचालन होगा।

छठ पर्व हेतु डीडीयू मंडल तक पहुंच रहे उत्तर और दक्षिण बिहार के यात्रियों के लिये यह ट्रेन काफी सहायक होगी।

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : **Rashtriya Janata Dal**
***Name of the Election** : **Bihar Legislative Assembly**
**Name of State/UT** : **Bihar**
**(1)** Name of Constituency : 126, Mahua
Name of the candidate : Mukesh Kumar Raushan

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** Disobedience to order duly promulgated by public servant using violence by forming unlawful assembly with deadly weapon and preventing public servant in discharge of official duty by insulting with intent to provoke breach of peace. **2.** Criminal intimidation and wrongful restrain by trespassing. |
| | b. | Case no. | **1.** Sadar Hajipur P.S. case No. 838/2019, U/s - 147, 148, 188, 353, 504 of I.P.C., **2.** Kadamkuan (Patna) P.S. case No. 507/2017, U/s - 448, 341, 323, 504, 34 of I.P.C. |
| | c. | Name of the Court | **1.** C.J.M., Hajipur, **2.** J.M.F.C. 14, Patna Sadar, Kadamkuan (Patna) |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** No **(2)** No |
| | e. | Date of conviction, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | **(1)** Not Applicable **(2)** Not Applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Not Applicable |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | He is very popular in his area and is very active in the social welfare work. His qualification is BDS. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | He is Sitting MLA and his probability of winning is hire than other candidates. |

**Published by Rashtriya Janta Dal (Bihar Pradesh)**

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : 129, महनार
Name of the candidate : रविन्द्र कुमार सिंह

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** बलवा, दंगा, मारपीट, **2.** बलवा, दंगा, मारपीट, **3.** चुनाव मे सरकारी संपत्ति विरूपन। |
| | b. | Case no. | (1) नगर थाना हाजीपुर काण्ड संख्या 336 / 18, धारा - 147, 148, 149, 341, 323, 353, 186, 337, 338, 307, 504, 506, 427, 379 I.P.C. (2) हाजीपुर ओद्योगिक थाना काण्ड संख्या 89 / 18, धारा - 147, 148, 149, 341, 323, 307, 427, 336, 353, 354, 506 I.P.C. (3) महनार थाना काण्ड संख्या G R No. 1506/14, धारा - 171 F I.P.C. & 3.5 सरकारी सम्पति विरूपन अधनियम। |
| | c. | Name of the Court | (1) मुख्य न्या० दण्डा० वैशाली, हाजीपुर, (2) मुख्य न्या० दण्डा० वैशाली, हाजीपुर, (3) अपर मुख्य न्या० दण्डा० वैशाली, हाजीपुर |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) हाँ |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग हैं। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

CMYK

# मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में एक प्रत्याशी ने नामांकन लिया वापस

## नौ उम्मीदवार चुनावी मैदान में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर मसौढ़ी में नाम वापसी के दिन एक प्रत्याशी रामजी रविदास पिता रामएकबाल रविदास पनपुरा ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। ऐसे में अब कुल उम्मीदवारों की संख्या नौ हो गई है। जिसमें कुल बचे 13 प्रत्याशियों में संवीक्षा के दिन तीन निर्दलीय प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया गया। ऐसे में कुल बचे नौ उम्मीदवार मैदान में है जिसमे एनडीए से अरुण मांझी, महागठबंधन से रेखा देवी, बीएसपी से मनोज कुमार, जनसुराज से राजेश्वर मांझी, रवि प्रकाश निर्दलीय, जगत पासवान निर्दलीय, रामकेवल रविदास निर्दलीय, विजेंद्र पासवान निर्दलीय, श्रीकांत कुमार निर्दलीय आदि चुनावी मैदान में है।

### उम्मीदवारों के बीच प्रतीक चिह्न का आवंटन

**मसौढ़ी।** मसौढी विधानसभा में कुल नौ उम्मीदवार चुनावी मैदान में है और उन सबों के बीच बैठक करते हुए, निर्वाचित पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार और चुनाव प्रेक्षक की उपस्थिति में सभी उम्मीदवार के बीच प्रत्र का वितरण कर दिया गया है जिसमें एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी को तीर छाप, महागठबंधन से रेखा देवी को लालटेन छाप, जन सुराज पार्टी के राजेश्वर मांझी को स्कूल बैग, बहुजन समाज पार्टी से मनोज कुमार को हाथी छाप, जगत पासवान को क्रेन छाप, रवि प्रकाश को बैट छाप, राम इकबाल रविदास को बाईनोकुलस, बिजेंदर पासवान को ब्लैक बोर्ड छाप, श्रीकांत कुमार को कैमरा छाप आदि प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिया गया है प्रत्येक चिन्ह आवंटित होने के साथ सभी प्रत्याशी अपना-अपना प्रतीक चिन्ह लेकर गांव गांव में जनता के बीच प्रतीक चिन्ह दिखाकर वोट की अपील कर रहे हैं। बहरहाल मसूरी विधानसभा में कुल 3,26,608 मतदाता है जहां 443 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# मुंगेर विश्वविद्यालय की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर : कुलपति

## मुंगेर विश्वविद्यालय के लिए है गर्व की बात : डा. घनश्याम राय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुंगेर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) और क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार दिनांक 09-12-2025 से 19-12-2025 तक अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउन्टेनीयरिंग एण्ड रिवर राफ्टिंग सेंटर, पिरडी (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित साहसिक शिविर में बिहार के तीन विश्वविद्यालयों के 10 एनएसएस स्वयंसेवक एवं एक कार्यकम अधिकारी को सहभागिता करनी है। जिसमें बिहार के तीन विश्वविद्यालय हैं। टी0 एम0 बी0 विश्वविद्यालय, भागलपुर, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर और बीएनएम विश्वविद्यालय, मधेपुर। मुंगेर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुंगेर विश्वविद्यालय से 4 स्वयंसेवकों का चयन किया गया है। मुंगेर विश्वविद्यालय से चयनित स्वयंसेवकों की सूची इस प्रकार है बीआरएम कॉलेज, मुंगेर से श्रीति कुमारी, आर डी कॉलेज शेखपुरा से बिक्की कुमार, डी एस एम कॉलेज, झाझा से राजीव कुमार, जेआरएस कॉलेज, जमालपुर से वैष्णवी कुमारी। शिविर अवधि में प्रतिभागियों को आयोजक द्वारा यात्रा भत्ता, निःशुल्क भोजन एवं आवास उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को एक जोड़ी ट्रैक सूट, एक जोडी जूता एवं मोजा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय कार्यालय द्वारा दिया जाएगा। इस कार्यकम में भाग लेने के लिए सभी स्वयंसेवकों का माई भारत पोर्टल पर रा0से0यो0 स्वयंसेवक के रूप में पंजीकृत होना आवश्यक है। वही दूसरी ओर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय द्वारा माई भारत पोर्टल पर आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता 2025 के मूल्यांकन देशभर से 30 कार्यक्रम समन्वयक करेंगे। बिहार से दो विश्वविद्यालयों और मूल्यांकनकर्ताओं को नामित कर किया गया है । 16 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2025 तक मूल्यांकन किया जाएगा। बिहार से दो नामित किए गए मूल्यांकनकर्ता में से एक मुंगेर विश्वविद्यालय से कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह है।

मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ) संजय कुमार ने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित शिविर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर, राष्ट्रीय एकता शिविर और एडवेंचर कैंप में मुंगेर विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों का चयन एनएसएस की सक्रियता का परिणाम है। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक और कार्यक्रम समन्वयक का चयन गर्व की बात है। यह चयन नहीं बल्कि प्रतिभा का सम्मान है। कुलपति का नेतृत्व क्षमता और कार्यक्रम समन्वयक की मेहनत ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की अपनी पहचान बनी है। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, संबंधित कॉलेज के प्राचार्य और कार्यक्रम पदाधिकारी ने बधाई दिया है।

# भाजपा विधायक पवन कुमार ने निर्दलीय के रूप में किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक पवन कुमार यादव ने आज यहां जनता की मांग को देखते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव मैदान में कूद गये हैं।

उन्होंने बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओ एवं समर्थकों के साथ सोमवार को कहलगांव के निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचे और निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर भाजपा के कहलगांव, सन्हौला और गौराडीह मंडल और नगर तथा महिला कमिटी के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। श्री यादव ने कहा कि कहलगांव नगर भाजपा इकाई की ओर से रविवार को यहां आयोजित आभार सभा में पार्टी कार्यकर्ताओं और आमलोगों के जोरदार मांग तथा उनके भावनाओं को देखते हुए उनके द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने की घोषणा की

थी। उन्होंने कहा कि कहलगांव क्षेत्र की जनता मालिक है।हम तो एक सेवक हैं और मैंने पांच साल तक अपने मालिक (जनता) की भरपूर सेवा की है। मालिक रुपी जनता की सेवा करने के लिए मुझे फिर से चुनाव मैदान में आना पड़ा है। मै तो केवल नामांकन पत्र में हस्ताक्षर किया हूं।जनता चुनाव लड़ेंगी। मालूम हो कि 2020 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के गढ़ कहलाने वाले कहलगांव क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रुप में पवन कुमार यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी को हराते हुए जीत हासिल कर विधायक बने थे। लेकिन इस बार यह सीट राजग गठबंधन के सीट बंटवारे में जदयू के खाते में चली गई है। जिस कारण भाजपा विधायक पवन कुमार यादव को टिकट नहीं मिल सका है।

# बदलाव के मूड में हैं लोग

## राजद चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी एवं धनरूआ में महागठबंधन की राजद की प्रत्याशी रेखा देवी ने मंगलवार को मसौढी प्रखंड एवं धनरूआ प्रखंड में चुनावी कार्यालय का उद्धाटन फीता काटकर किया है। इस मौके पर भारी संख्या में समर्थको का जुटान रहा। चुनावी कार्यालय उद्धाटन के बाद कार्यालय में सभा को संबोधित करते हुए सभी समर्थकों ने कहा है कि इस बार जनता बदलाव के मूड में है इसलिए आप सभी एकजुट हो जाइए गांव-गांव में डोर टू डोर, बूथ लेवल तक जाकर अपनी पकड़ मजबूत बनाये। वही प्रत्याशी रेखा देवी ने भी अपने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि तेजस्वी यादव ने जो पूरे बिहार के जनता के साथ अपील किया है कि 200 यूनिट फ्री बिजली देने, हर घर में रोजगार देने आदि तमाम चीजों को उन्हें बारीकी से समझाएं और बदलाव के लिए तैयार करें, वोट की अपील करें। भाकपा माले के प्रखंड सचिव राकेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ, संचालन पालटन सिंह ने की मौके पर इंद्रजीत कुमार भास्कर राजद प्रखंड अध्यक्ष राकेश पंडित, रामदुलारी देवी महिला सेल राजद, इंद्रबानी देवी, उपेंद्र मुखिया, बिट्टू यादव, टनटन यादव,सीपी मंडल, सोनेलाल प्रसाद, वही धनरूआ में प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव,, रामउचित चौधरी, समेत सैकड़ों की संख्या में समर्थको का जुटान रहा।

# तेजस्वी यादव का हर घर नौकरी वादा चुनावी बुलबुला : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी से एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी के पक्ष में मंत्री अशोक चौधरी ने मसौढी एवं धनरूआ के कई गांव में मंगलवार को जनसंपर्क अभियान चलाकर न्याय के साथ विकास के दावे के साथ वोट की अपील की है।जहाँ जनसंपर्क के दौरान कररीया, दुधीचक, गोढना, कंसारा, उसमानचक, दहीभता, के साथ धनरूआ में बरनी, सांडा कोलहाचक आदि जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर प्रत्याशी अरुण मांझी, महादलित आयोग के सदस्य रूबेल रविदास और कई समर्थक शामिल रहे। तेजस्वी यादव के 'हर घर में सरकारी नौकरी' वादे पर मंत्री अशोक चौधरी ने इसे चुनावी स्टंट बताया. उन्होंने कहा कि जनता स्थिर और व्यवस्थित सरकार चाहती है। तेजस्वी यादव का हर घर नौकरी सिर्फ चुनावी बुलबुला है। आशोक चौधरी का कहना था कि यह घोषणा सिर्फ वोट पाने के लिए किया गया एक राजनीतिक हथकंडा है और इसे जनता गंभीरता से नहीं लेगी साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में जनता स्थिर और व्यवस्थित सरकार चाहती है। लोग केवल नौकरी के वादों से प्रभावित नहीं होंगे। वही प्रत्याशी अरुण मांझी ने मतदाताओं से संबोधित करते हुए कहा कि हम विधायक बनकर राज करने नहीं बल्कि आपका बेटा बनकर भाई बनकर सेवा करना चाहते हैं बस एक मौका दीजिए जन-जन के हर वर्गों में सेवा करेंगे। जनसंपर्क कार्यक्रम में चंद्रमोहन पटेल, प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, लालमोहन सिंह, चंद्रकला सिन्हा, शिल्पी कुमारी, लव सिंह, पिंकू सिंह मुखिया, शाहिद आलम समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# पुलिस स्मृति दिवस : सिर पर कफन बांधकर चलते थे सुभाष कुमार सुमन

## 2001 में नक्सलियों के हमले में शहीद दारोगा को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** पुलिस स्मृति दिवस पर धनरूआ थाना के शहीद थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सुमन को 24 वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर शहीद सुभाष कुमार सुमन की पत्नी कृष्णा सुमन उसके बेटे अनिल कुमार समेत सभी थानों के थानाध्यक्ष, अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी आदी उपस्थित रहे, इसके अलावा कई समाजसेवी भी शामिल रहे। सबसे पहले सभी पुलिसकर्मीयों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सलामी दी, उसके बाद माल्यार्पण करके उनके शहादत को याद किया। आपको बता दें की सुभाष कुमार 2001 में नक्सलियों के हमले में शहीद हो गए थे। नक्सली हमले में 24 वर्ष पूर्व शहीद हुए धनरूआ थानाध्यक्ष रहे, सुभाष कुमार सुमन की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, सभी लोगों ने शहीद सुभाष कुमार सुमन को याद कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बता दें कि 2001 में तत्कालीन थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सुमन को दतमई गांव में नक्सलियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर आनन-फानन में वह पुलिस बल लेकर नक्सलियों को पकड़ने के लिए निकल पड़े, लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि नक्सलियों का द्वारा जाल बिछाया गया था। पूरी प्लानिंग के तहत नक्सलियों ने दतमई पुलिया पर डायनामाइट लगाया था ताकि पुलिस की गाड़ी आते ही ब्लास्ट हो जाये। नक्सलियों की प्लानिंग कामयाब हुई और पुलिस की गाड़ी जैसे पुलिया पर पहुंची, तभी एक जोरदार धमाका हुआ जिसमें थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सुमन, गाड़ी के चालक और पुलिस बल समेत 11 लोगों की मौत हो गयी थी। इस घटना की जानकारी पूरे पटना आग की तरह फैल गई. घटना के चार घंटे तक कोई बड़ा अधिकारी इस हमले में मारे गये लोगों को देखने तक नहीं गया. जिससे पुलिस टीम सड़क पर उतर करने लगी. इस घटना से आहत आम लोगों ने कई दिनों तक विरोध प्रदर्शन किया था। घटना के एक हफ्ते बाद तक पूरा बाजार बंद रहा, लेकिन तभी से शहीद थानाध्यक्ष को याद करने के लिए हर वर्ष उनके सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में योगेंद्र चंद्रवंशी, दिब्यांशु गोलू चंद्रवंशी, मुखिया रंजन कुमार, किशोरी बिंद, पंकज कुमार शिक्षक, धर्मवीर प्रसाद यादव, धनी यादव समेत कई समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

# राजपुर विधानसभा के इटाढ़ी में एनडीए ने की रणनीतिक बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** राजपुर विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को इटाढी में सम्पन्न हुई। इस बैठक में गठबंधन के सभी प्रमुख घटक दलों के नेता शामिल हुए और चुनावी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह ने की। इसमें भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन, लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह, तथा राजपुर विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी संतोष निराला विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में शामिल नेताओं ने एक स्वर में आगामी चुनाव में एनडीए प्रत्याशी संतोष निराला की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि राजपुर की जनता एनडीए की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों पर भरोसा करती है, और यह विश्वास इस बार भी एनडीए को जीत दिलाएगा। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने और केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया।

# धनरूआ में अंचलाधिकारी ने कई छठ घाटों का लिया जायजा, दिए दिशा निर्देश

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लोक आस्था का महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान की तैयारी शुरू हो चुकी है। ऐसे में मंगलवार को धनरूआ में अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने कई छठ घाटों का जायजा लिया, जहां पर अपने कर्मचारियों को साफ सफाई आदि को लेकर कई दिशा निर्देश दिए, श्वेता कुमारी ने बताया कि धनरूआ के देवधा, वीर,छाती जहानपुर पभेडा आदी छठ घाट का जायजा लिया, मौके पर धनरूआ थाना के अपर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार एवं अन्य कर्मचारी शामिल रहे। अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने कहा कि पूरे धनरूआ प्रखंड में सभी जगह पर छठ घाट को दुरुस्त करने साफ सफाई एवं घाटों पर सेफ्टी प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भीड़ नियंत्रण यातायात ब्यवस्था आदी को लेकर तैयारी की जा रही है।


**फार्मेट-सी-1**

**(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : **कुंदन कुमार,** कपसिया, वार्ड नंबर-13, पो.-आइओसीएल टाउनशिप, जिला-बेगूसराय, बिहार

राजनैतिक दल का नाम : **भारतीय जनता पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **144 मटिहानी विधानसभा क्षेत्र**

मैं **कुंदन कुमार** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1 | अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम (एमपी/एमएलए कोर्ट), बेगूसराय | नगर थाना कांड संख्या- 583/2020 | आरोप तय 16.05.2025 | 3171सी/188 भा.द.वि. एवं 127ए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन |

| (ख) | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख (खें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 03 Narkatiyaganj

Name of the Candidate:- Sri Sanjay Kumar Pandey

| Sl. No. | Criminal Antecedents | | |
|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | धारा 188 भा.दि.वि., 03 बिहार सम्पत्ति विरूपण अधिनियम 210 |
| | b | Case no. | शिकारपुर थाना काण्ड सं. 387/15 |
| | c | Name of the Court | श्रीमान् पप्पु कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, बेतिया |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | Yes |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is well known social worker having very good reputation in the society. He has done remarkable work for the betterment of the society. |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | In view of his selfless works for the society, the party has preferred him as its candidates |

Kumar Sachin

Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar

(Signature of office bearer of the Political Parts)

# औरंगाबाद जिले में सियासी भूचाल: राजद ने तीन सिटिंग विधायकों के टिकट काटे, एनडीए ने भी तीन पूर्व विधायकों को किया बेटिकट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विधानसभा चुनाव 2025 में औरंगाबाद जिले की राजनीति इस बार अप्रत्याशित मोड़ ले चुकी है। उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही सियासी गलियारों में भूचाल मच गया है। जहां एक ओर राष्ट्रीय जनता दल ने अपने तीन सिटिंग विधायकों को टिकट से वंचित कर सबको चौंका दिया है, वहीं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने भी अपने तीन पूर्व विधायकों को चुनावी रेस से बाहर कर दिया है। जिले की छह प्रमुख सीटों- औरंगाबाद, रफीगंज, गोह, नवीनगर, कुटुंबा और ओबरा पर नए समीकरण तेजी से बनते-बिगड़ते दिख रहे हैं। राजद की ओर से इस बार तीन वर्तमान विधायकों को टिकट नहीं दिया गया है।

**रफीगंज से मोहम्मद नेहालुद्दीन को बाहर का रास्ता**

रफीगंज के सिटिंग विधायक मोहम्मद निहालुद्दीन, जो मुस्लिम राजनीति में एक प्रभावशाली और कद्दावर चेहरा माने जाते हैं, को इस बार पार्टी ने किनारे कर दिया है। नेहालुद्दीन की गिनती राजद के पुराने और सक्रिय नेताओं में होती रही है। पार्टी ने उनकी जगह गुलाम शाहिद को टिकट दिया है। शाहिद रफीगंज नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि उनकी पत्नी मिरिख दरखशां वर्तमान में नगर पंचायत की अध्यक्ष हैं। इस निर्णय को राजद ने नई पीढ़ी को मौका देने की दिशा में उठाया कदम बताया है।

**गोह से भीम यादव की छुट्टी, अमरेन्द्र कुशवाहा को मौका**

गोह विधानसभा क्षेत्र से विधायक भीम यादव को भी टिकट से वंचित कर दिया गया है। यादव न केवल गोह के वर्तमान विधायक हैं, बल्कि वे पहले नवीनगर से भी विधायक रह चुके हैं। उनकी जगह राजद ने जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र कुशवाहा पर भरोसा जताया है। अमरेन्द्र कुशवाहा पहली बार चुनावी मैदान में उतरेंगे। पार्टी का मानना है कि युवाओं और संगठन के कार्यकर्ताओं को मौका देने से राजद को नई ऊर्ज़ा मिलेगी।

**नवीनगर से डब्लू सिंह की जगह आमोद चंद्रवंशी**

नवीनगर विधानसभा सीट से दो बार विधायक रह चुके विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह को भी इस बार टिकट नहीं मिला है। उनकी जगह पार्टी ने कुटुंबा प्रखंड प्रमुख आमोद चंद्रवंशी को उम्मीदवार बनाया है। आमोद चंद्रवंशी स्थानीय राजनीति में एक सक्रिय चेहरा माने जाते हैं और पंचायत स्तर पर उनकी मजबूत पकड़ है।

**एनडीए में भी बड़े बदलाव, तीन पूर्व विधायक टिकट से बाहर**

राजद की तरह एनडीए गठबंधन ने भी अपने तीन पुराने चेहरों को इस बार चुनावी मैदान से बाहर कर दिया है।

**औरंगाबाद से रामाधार सिंह की जगह त्रिविक्रम नारायण**

भाजपा ने औरंगाबाद के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक रामाधार सिंह की जगह इस बार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह के सुपुत्र एवं भाजपा के प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह को टिकट दिया है। यह फैसला पार्टी के भीतर नई नेतृत्व पीढ़ी को आगे लाने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

**नवीनगर में वीरेंद्र सिंह की जगह चेतन आनंद**

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने नवीनगर सीट से अपने पूर्व विधायक और पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह को टिकट नहीं दिया है। उनकी जगह पार्टी ने चेतन आनंद को मैदान में उतारा है। चेतन आनंद, पूर्व सांसद आनंद मोहन और पूर्व विधायक लवली आनंद के पुत्र हैं। पार्टी ने इस फैसले से सामाजिक समीकरण और युवा नेतृत्व दोनों को साधने की कोशिश की है।

**रफीगंज में अशोक सिंह की जगह प्रमोद सिंह**

रफीगंज सीट पर भाजपा ने अपने पूर्व विधायक अशोक सिंह, जिन्होंने पिछला चुनाव लड़ा था, को इस बार टिकट से वंचित कर दिया है। उनकी जगह पार्टी ने प्रमोद कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया है। प्रमोद सिंह स्थानीय स्तर पर सक्रिय और संघर्षशील नेता माने जाते हैं। पिछला चुनाव उन्होंने निर्दलीय लड़ा था और 55 हजार मत लाकर दूसरे स्थान पर रहे थे।

**कांग्रेस के विधायकों व ओबरा सीट पर यथास्थिति बरकरार**

वहीं कांग्रेस पार्टी ने जिले में अपने दोनों वर्तमान विधायकों को फिर से मैदान में उतारकर स्थिरता बनाए रखी है। कुटुंबा और औरंगाबाद सीटों पर कांग्रेस ने अपने पुराने चेहरों पर भरोसा जताया है। इसी तरह ओबरा सीट से राजद ने भी अपने सिटिंग विधायक ऋषि कुमार को दोबारा मौका दिया है।

**बदलाव से बढ़ी राजनीतिक हलचल**

जिले की राजनीति में इस बार के टिकट वितरण से सियासी समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं। पुराने दिग्गजों की जगह नए चेहरों के आने से हर पार्टी में हलचल मच गई है। कई जगहों पर असंतोष भी उभरने लगा है, तो कुछ जगह नए उम्मीदवारों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह भी देखा जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि इस बार औरंगाबाद जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में मुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है-क्योंकि न केवल उम्मीदवार बदले हैं बल्कि जातीय और सामाजिक समीकरणों की बिसात भी पूरी तरह नई तरह से बिछाई गई है।

# मतदान स्थलों पर सुरक्षा की होगी पर्याप्त व्यवस्था : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** चुनाव कार्यों के सफल निष्पादन हेतु गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही, संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी गतिविधियाँ पूर्वनिर्धारित समयावधि में पूर्ण की जाएं। इसके अतिरिक्त, मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, सुरक्षा व्यवस्था की सुदृढ़ता तथा मतदान दिवस पर सुचारु एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे तैयारियों की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी निर्वाचन की सभी तैयारियों की स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक सुधारात्मक उपायों को तत्क्षण लागू करना था, ताकि औरंगाबाद जिले में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हो सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी कोषांगों की तैयारियों और वर्तमान स्थिति पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। कार्मिक प्रबंधन कोषांग ने बताया कि निर्वाचन कार्य हेतु सभी कर्मियों का डेटाबेस पूर्णतः तैयार है तथा आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में कर्मी उपलब्ध हैं, जिससे किसी भी स्थिति में निर्विरोध कार्य सुनिश्चित किया जा सके। समाग्री प्रबंधन कोषांग ने अवगत कराया कि सभी प्रकार की निर्वाचन सामग्री जैसे मतदाता सूची, मतदान पत्रक, बैलेट बॉक्स, ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें और अन्य आवश्यक दस्तावेज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और उनका सुरक्षित वितरण एवं भंडारण सुनिश्चित किया गया है। वाहन प्रबंधन कोषांग ने जानकारी दी कि मतदान कर्मियों, चुनाव सामग्री और सुरक्षा बलों के परिवहन हेतु बसें और पिकअप वाहन समय पर उपलब्ध कर दिए जाएंगे हैं और सभी मार्गों की जांच एवं संचालन योजना तैयार है।एम.सी.एम.सी. एवं पेड न्यूज़ प्रकोष्ठ ने बताया कि अभ्यर्थियों के विज्ञापन और समाचार सामग्री पर सतत निगरानी रखी जा रही है और अब तक किसी भी प्रकार का पेड न्यूज़ या अवैध प्रचार का मामला प्राप्त नहीं हुआ है। स्वीप कोषांग ने जानकारी दी कि मतदाता जागरूकता हेतु व्यापक अभियान संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रभात फ़ेरी, रैली, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता, मैराथन दौड़, चुनाव पाठशाला, संध्या चौपाल, लो-वोटर टर्नआउट बूथ पर विशेष अभियान, स्कूल एवं कॉलेज में ईएलसी गठन और बूथ स्तर पर घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने वाले कार्यक्रम शामिल हैं। बूथ स्तर पर जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, टोला सेवक एवं आशा कार्यकर्ता के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है और मतदान दिवस पर भी यह अभियान जारी रहेगा। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था कोषांग ने अवगत कराया कि मतदान स्थल पर शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस एवं सुरक्षा बलों की तैनाती का विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया गया है। तकनीकी एवं आईटी प्रबंधन कोषांग ने बताया कि ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की निगरानी, डेटा अपलोड एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी टीम पूरी तरह तैयार है और सभी मशीनों का परीक्षण समय पर संपन्न कर दिया गया है। बैठक में प्रेक्षकों ने प्रत्येक कोषांग के नोडल पदाधिकारियों से कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उक्त बैठक में सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी, साथ ही जिला स्तरीय अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जांच के बाद औरंगाबाद जिले में बचे कुल 79 प्रत्याशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के क्रम में औरंगाबाद जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो गई। नामांकन की अंतिम तिथि तक जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्र में कुल 90 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन किया गया। नामांकन पर्चा दाखिल करने की तिथि संपन्न होने के बाद मंगलवार को जांच में 11 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। इस प्रकार अब औरंगाबाद जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 79 प्रत्याशी मैदान में रह गये हैं। उप निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद ने बताया कि औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुल 18 नामांकन पत्र दाखिल किए गए जिसमें एक प्रत्याशी का नामांकन रद्द किया गया है। नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 10 नामांकन पत्र दायर किए गए जिसमें एक प्रत्याशी का नामांकन रद्द किया गया है। कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में कुल 12 नामांकन पत्र दायर किए गए। यहां किसी का नामांकन रद्द नहीं हुआ है। रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 14 नामांकन पत्र दाखिल किए गए जिसमें दो प्रत्याशियों का नामांकन रद्द किया गया है। ओबरा विधानसभा के अंतर्गत कुल 19 नामांकन पत्र दायर किए गए जिसमें एक प्रत्याशी का नामांकन रद्द किया गया है। वहीं गोह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कल 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया जिसमें छह प्रत्याशियों का नामांकन रद्द किया गया है। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन की अवधि के दौरान निर्वाचन कार्यालयों में आवश्यक सुरक्षा एवं सुव्यवस्था के समुचित प्रबंध किए गए थे ताकि सभी अभ्यर्थी निर्भय होकर अपना नामांकन दाखिल कर सकें। नामांकन अवधि के दौरान उम्मीदवारों, उनके प्रस्तावकों एवं प्रतिनिधियों को निर्वाचन व्यय, आचार संहिता एवं अन्य विधिक प्रावधानों की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में अभ्यर्थियों की सक्रियता एवं उत्साह के कारण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनसहभागिता का सकारात्मक संदेश मिला है। आगामी चरण में नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा निर्वाचन प्रक्रिया आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों एवं उनके समर्थकों से आचार संहिता के पूर्ण पालन की अपील करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और सभी की सहभागिता से इसे निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी बनाया जा सकता है।

# डिलीवरी बॉय पर पिता-पुत्र ने किया जानलेवा हमला, गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना कुटंबा थाना क्षेत्र के सिमरी कला गांव की है। घायल की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के न्यू एरिया मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय मुकेश कुमार के रूप में हुई है। दरअसल, युवक फ्लिपकार्ट से सामान की डिलीवरी करने गया था। पिता-पुत्र ने बेरहमी से पीटा, जिससे डिलीवरी बॉय का सिर फट गया। गंभीर हालत में रेफरल अस्पताल में एडमिट कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। गंभीर हालत को देखते हुए वहां से भी हायर सेंटर मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी भेज दिया। घायल मुकेश ने बताया कि अपने ऑटो से फ्लिप्कार्ट का सामान पहुंचाने सिमरी गांव गया था जहां उस गांव निवासी गोपाल प्रसाद के पुत्र अंकित कुमार ने अपनी बाइक से मेरी ऑटो में टक्कर मार दी। इस बात पर विवाद शुरू हुई और तू-तू मैं-मैं में मुझे पीटने लगा। कुछ देर बाद उसके पिता भी पहुंचे और लाठी से हमला कर दिया। सिर पर लाठी लगते ही जमीन पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने मुझे बचाकर अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि ऑटो चालक की ओर से आवेदन मिला है जिसमें अभिषेक सिन्हा और उसके पिता गोपाल लाल को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना के आरोपी अंकित कुमार को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सभी वर्गों का विकास कर रही सरकार : नित्यानंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा।** केन्द्र व राज्य सरकार अतिपिछड़ा, पिछड़ा, अगड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्गों के विकास का कार्य रही है। यह बात पथरौल हाईस्कूल के मैदान में सोमवार को एनडीए गठबंधन के नामांकन सह जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कही। इस जन आशीर्वाद सभा में एनडीए गठबंधन से गोह विधानसभा प्रत्याशी डा रणविजय कुमार, ओबरा के डा प्रकाश चन्द्रा, अरवल के मनोज शर्मा, टेकारी के अनिल शर्मा एवं गया के प्रेम कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोमो के जिलाध्यक्ष अशोक मेहता व संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चन्द्रवंशी व टैगोर ने किया। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि पूरे बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों की लहर बह रही है। विपक्ष के पास कुछ भी मुद्दा नहीं है। आप जात-पात से उपर उठकर विकास के लिए वोट करें। बिजली, सड़क, पानी, सिंचाई, दवाई, शिक्षा, कानून की राज, रोजगार, नौकरी के लिए अब बिहार जाना जाता है। दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर चल रही है। बिहार में मेट्रो दौड़ने लगी वही राजगीर में बड़े खेल आयोजन के लिए स्टेडियम बन गया। रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि मैं काम में विश्वास रखता हूं। मेरे अभियान को यदि सफल बनाना चाहते हैं तो एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से जीताकर भेजिए नहीं तो मेरा सोच अधूरा रह जायेगा। मैं सभी वर्गों का साथ लेकर चलने में विश्वास करता हूं। मैं जब केंद्र सरकार में मंत्री था तो देवकुंड जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति दिलवाई जिसमे इस वर्ष से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसलिए आप सबों से अपील है क एनडीए प्रत्याशी को जिताकर भेजिए और विकास की सरकार बनाइए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि पूरी एकता के साथ पांच दलों का गठबंधन पांडव है। इसे कोई परास्त नहीं कर सकती। मेरा गठबंधन धर्म के राह पर चल रहा है। इंडिया गठबंधन अधर्म के राह पर चल रहा है इसलिए उसका विनाश तय है। सभा में एनडीए प्रत्याशी डॉ रणविजय कुमार, मनोज शर्मा, अनिल शर्मा, प्रकाश चंद्रा ने लोगों से आशीर्वाद मांगा। अजय कुशवाहा, अश्विनी तिवारी, मुकेश शर्मा, राजन सिंह, दिलीप सिंह, सुनील चौबे, नन्हकू पांडेय, रविशंकर शर्मा, विनोद शर्मा, अमन कुशवाहा, सन्तोष शर्मा, श्रीकांत वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद ज्ञापन विनोद कुमार सिन्हा ने किया।

# अलग-अगल घटनाओं में किशोर समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में विभिन्न घटनाओं में किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना ाउदनगर थाना क्षेत्र के मेवा बिगहा स्थित सोन नदी की है जहां सोन नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान उसी गांव निवासी रंजीत यादव के 15 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक किशोर अन्य बच्चों के साथ सोन नदी की ओर गया था।जहां पैर फिसलने से अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया और पानी की तेज बहाव में लापता हो गया। मौके पर मौजूद अन्य बच्चों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे। तत्पश्चात मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से बच्चे की खोजबीन की जा रही है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि सोन नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हुई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से शव की तलाश की जा रही है। वहीं मदनपुर थाना क्षेत्र के मुरली बिगहा गांव के पास शिवगंज-रफीगंज पथ पर एक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर पीछे बैठा मृतक का फ़ुफ़ेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान माली थाना क्षेत्र के कुरगाई गांव निवासी रामनाथ राम के पुत्र वर्षीय कुंदन कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायल 19 वर्षीय सोनू कुमार अंबा थाना क्षेत्र के देवची बिगहा गांव निवासी है।

# त्रिविक्रम नारायण सिंह ने दी बिहार केसरी को श्रद्धांजलि, किया जनसंपर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान ने औरंगाबाद में रफ्तार पकड़ ली है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने सोमवार को बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री और बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह की जयंती के अवसर पर उनके आदर्शों को नमन किया। उन्होंने जिला समाहरणालय के समीप स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीकृष्ण सिंह का जीवन आदर्श, नेतृत्व और जनसेवा का प्रतीक रहा है। उनके विचार आज भी बिहार के विकास की दिशा तय कर रहे हैं। पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद त्रिविक्रम नारायण सिंह ने अपने जन आशीर्वाद यात्रा के तहत देव प्रखंड के बंधु बिगहा, जोधपुर, यादुपुर, बेढनी, सटवट, भंडारी कंचनपुर, तेतरिया, अजब बीघा, बरई बीघा और एरौरा समेत कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की, स्थानीय मुद्दों को सुना और केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार ही विकास की गारंटी है। उन्होंने लोगों से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि मुझे एक अवसर दीजिए, मैं भरोसा दिलाता हूं कि आपके विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। भाजपा प्रत्याशी ने अपनी यात्रा के दौरान युवाओं, महिलाओं और किसानों से विशेष संवाद स्थापित किया और कहा कि विकास, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा उनकी प्राथमिकताएं रहेंगी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार 22 अक्टूबर को त्रिविक्रम नारायण सिंह की जन आशीर्वाद यात्रा औरंगाबाद प्रखंड के पडरांवां और जम्होर पंचायत क्षेत्रों में आयोजित की जाएगी। पार्टी कार्यकर्ता इन कार्यक्रमों की तैयारी में जुटे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का अभियान तेज किया गया है।

# पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 34 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 34 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 17 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पॉक्सों में 1, हत्या के प्रयास में 4, शराब के शीर्ष कांडों में 13 एवं अन्य शीर्ष कांड में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1350 वाहनों की जांच की गई जिसमें 27000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 421.50 लीटर देसी शराब, 27 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक बरामद किया गया है। इस दौरान 500 लीटर महुआ घोल विनिष्ट एवं 3 भट्ठी ध्वस्त किया गया है।

फार्मेट-सी-1

**(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : **रजनीश कुमार,** ग्राम-मेहदौली, पो.+थाना-भगवानपुर, जिला-बेगूसराय, पिन-851119

राजनैतिक दल का नाम : **भारतीय जनता पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **143-तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र**

मैं **रजनीश कुमार** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1 | श्री सितेश कुमार, प्रभारी प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, तेघड़ा | परिवाद विचाराधीन संख्या 814/2019 | | 323/341/386/504 भा.द.वि. किसी व्यक्ति को मृत्यु या गंभीर चोट के भय में डालकर चोट पहुंचाना, शांति भंग करना और जान-बूझकर अपमान करना |
| 2 | सब जज सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, बेगूसराय | बेगूसराय टाउन थाना कांड संख्या 959/2022 | | 341/323/285/ 325/504/34 भा.द.वि. गंभीर चोट पहुंचाना, आग या ज्वलनशील पदार्थ के संबंध में गलत तरीके से प्रयोग करना, शांति भंग और अपमानित करना |

| (ख) | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख (खें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# डीएम-एसपी ने लिया देव कार्तिक छठ मेला की तैयारियों का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव कार्तिक छठ मेला-2025 की तैयारियों की व्यापक समीक्षा हेतु सोमवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देव सूर्यकुंड, रूद्रकुंड छठ घाट, देव सूर्य मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र के आवासन स्थलों, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, पार्किंग स्थल, ड्रॉप गेट, बैरीकेडिंग तथा मार्गों की स्थिति का सावधानीपूर्वक एवं विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ महापर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि आवासन स्थलों की स्वच्छता, अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था तथा चिकित्सीय सहायता की पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाए ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के क्रम में सूर्यकुंड एवं रूद्रकुंड छठ घाट का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने घाट के जल में गंदगी पाए जाने पर कार्यपालक पदाधिकारी, देव को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि तत्काल गंदा पानी निकालकर स्वच्छ जल भराव की कार्रवाई की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती, यातायात नियंत्रण योजना एवं पैदल पेट्रोलिंग की व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि देव कार्तिक छठ मेला बिहार के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में से एक है जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। अतः सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य कर यह सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण प्राप्त हो। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित एवं कर्मी उपस्थित थे।